जबलपुर
बुधवार, 28 मई 2025
- ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-1
- वर्ष : 20, अंक : 27
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 38
न्यून. 26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### इनकम टैक्स भरने वालों को राहत
## आईटीआर: अंतिम तिथि 15 सितंबर




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिन व्यक्तियों और संस्थाओं को अपने खातों का ऑडिट कराने की आवश्यकता नहीं है, उन्हें 31 जुलाई तक आईटीआर दाखिल करना होता है। विभाग इससे संबंधित अधिसूचना को जल्द ही जारी करेगा।



Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

### मोहन कैबिनेट : शासकीय सेवकों के हितों को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया

# लीजिए, बढ़ गई अवधि...अब 10 जून तक हो सकेंगे तबादले, पहले 31 मई तक ही होने थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय सेवकों के हितों को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया। तबादले में छूट अभी 31 मई तक ही थी, किंतु अब इसकी अवधि 10 दिन और बढ़ाकर 10 जून तक कर दी गई। कैबिनेट की बैठक में ज्यादातर मंत्रियों ने मुख्यमंत्री से तबादलों में छूट की अवधि बढ़ाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने इसे तत्काल मान लिया। उन्होंने कहा कि मप्र की सरकार जनहितैषी सरकार है। कर्मचारी हो, किसान, महिला या आम लोग सभी के हितों के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने जीएडी अधिकारियों से बढ़ोतरी का आदेश जारी करने को कहा।

राज्य सरकार ने कैबिनेट की बैठक में एक और बढ़ा निर्णय लिया है। करीब 13 वर्षों बाद सरकार ने राज्य सरकार के विभागाध्यक्षों समेत यानी राज्य स्तर के अलावा संभाग व क्षेत्रीय कार्यालयों में विकेंद्रीकरण के तहत वित्तीय अधिकारों में बढ़ोतरी की गई है। इसके तहत अब जिले के साथ ही तहसील स्तर पर अधिकारियों के वित्तीय अधिकार बढ़ा दिए गए हैं। इसमें करीब 150 फीसदी यानी यदि किसी अधिकारी को एक करोड़ रुपए के वित्तीय अधिकार थे, उसे अब बढ़ाकर ढाई करोड़ या इससे आसपास किया गया है। सामान्य तौर पर दोगुने से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है। कैबिनेट में कुल 15 प्रस्तावों को मंजूरी के लिए रखा गया था। इसमें से 14 मुद्दे विभागीय जांच, पेंशन कटौती, स्वास्थ्य से जुड़े कर्मचारियों के देयक आदि से संबंधित थे। कैबिनेट ने सभी को मंजूरी दे दी।

### कैबिनेट की बैठक में ज्यादातर मंत्रियों ने मुख्यमंत्री से तबादलों में छूट की अवधि बढ़ाने की मांग की थी

### कैबिनेट ने वित्तीय अधिकारों के प्रत्यायोजन को दी मंजूरी अधिकारियों के वित्तीय अधिकार 150 फीसदी तक बढ़े

**150 फीसदी यानी... यदि किसी अधिकारी को एक करोड़ रुपए के वित्तीय अधिकार थे, उसे अब बढ़ाकर ढाई करोड़ या इसके आसपास किया गया**



### कैबिनेट बैठक में बताया गया...प्रधानमंत्री देंगे कई सौगातें

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल के जंबूरी मैदान से सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के तहत नमामि क्षिप्रे परियोजना के तहत घाट निर्माण एवं अन्य कार्यों का वर्चुअल भूमि-पूजन करेंगे। क्षिप्रा नदी पर 778.91 करोड़ रुपए की लागत वाले ये निर्माण कार्य धार, उज्जैन, इंदौर और देवास जिले के हैं। प्रधानमंत्री मोदी 83.39 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले बैराज, स्टॉप डैम, वेटेड कॉजवे का भी भूमि-पूजन करेंगे। साथ ही कालियादेह स्टॉप डैम के 1.39 करोड़ रुपए लागत के मरम्मत कार्य भी शुरू होंगे। क्षिप्रा नदी के दोनों किनारों पर शनि मंदिर से नागदा बाईपास तक कुल 29.21 किमी लंबाई में घाट निर्माण कार्य किया जाएगा। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए क्षिप्रा नदी को अविरल एवं प्रवाहमान बनाए रखने के लिए क्षिप्रा नदी पर बैराज का निर्माण एवं स्टॉप डैम का मरम्मत कार्य भी किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री मोदी 31 मई को प्रदेश के दो प्रमुख तीर्थ स्थलों दतिया और सतना को हवाई उड़ान की ऐतिहासिक सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मोदी भोपाल से वर्चुअली दतिया और सतना में नव निर्मित एयरपोर्ट्स का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।
- भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर एक नए युग में प्रवेश करने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार 31 मई को भोपाल से वर्चुअली इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर यात्री सेवा का शुभारंभ करेंगे। यह लगभग 6 किमी का हिस्सा यलो लाइन का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर है। इसमें पांच स्टेशन गांधीनगर स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 6 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 5 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 4 स्टेशन और सुपर कॉरिडोर 3 स्टेशन शामिल हैं।




### राष्ट्रपति ने 68 हस्तियों को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दूसरे फेज के पद्म अवॉर्ड्स दे रही हैं। इनमें लोकगायिका स्वर्गीय डॉ. शारदा सिन्हा समेत 68 हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद हैं।



मंगलवार को हुई अवॉर्ड सेरेमनी में बिहार की दिवंगत लोक गायिका डॉ. शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वहीं, राम मंदिर आंदोलन में शामिल रहीं साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्य के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इससे पहले 28 अप्रैल को पहले चरण की अवॉर्ड सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। इनमें 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए थे। इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को कला-लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने गांधी नगर में बंटवारे का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवाद का खात्मा बहुत पहले हो गया होता

# तीन टुकड़े, मान ली होती सरदार पटेल की बात तो नहीं होता पहलगाम अटैक



**पीएम ने कहा** कि अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार पटेल की बात मान ली गई होती, तो 75 साल से चला आ रहा ये सिलसिला (आतंकी घटनाओं का) देखने को नहीं मिलता।

### कटनी चाहिए थी जंजीरें लेकिन काट दी गईं भुजाएं

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात दौरे पर मंगलवार को गांधी नगर में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद पाकिस्तान की सोची-समझी युद्ध की रणनीति है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस ने सरदार पटेल की बात मान ली होती तो 75 सालों से चल रहा आतंकी घटनाओं का सिलसिला रुक जाता।पीएम ने आतंकवाद के साथ-साथ देश के विकास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 1947 में मां भारती के टुकड़े हुए। कटनी चाहिए थी जंजीरें लेकिन काट दी गईं भुजाएं। देश के तीन टुकड़े कर दिए गए और उसी रात पहला आतंकी हमला कश्मीर की धरती पर हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते पर, मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार पटेल की बात मान ली गई होती, तो 75 साल से चला आ रहा ये सिलसिला (आतंकी घटनाओं का) देखने को नहीं मिलता।

**पीएम ने कहा** कि हमने इस बार कैमरे की पूरी व्यवस्था रखी, जिससे कोई सबूत न मांगे

**ये आतंकवादी** गतिविधि प्रॉक्सी वॉर नहीं है, ये पाकिस्तान की सोची-समझी युद्ध की रणनीति



### वार कर रहे हैं तो जवाब भी वैसा ही मिलेगा

पीएम ने कहा कि 6 मई की रात जो लोग मारे गए, पाकिस्तान में उन जनाजों को स्टेट ऑनर दिया गया। उनके ताबूतों पर पाकिस्तान के झंडे लगाए गए, वहां की सेना ने उनको सैल्यूट किया। ये सिद्ध करता है कि आतंकवादी गतिविधि प्रॉक्सी वॉर नहीं है, ये आपकी (पाकिस्तान) सोची-समझी युद्ध की रणनीति है। आप वार ही कर रहे हैं, तो उसका जवाब भी वैसे ही मिलेगा।

### हम विकास चाहते हैं, प्रगति चाहते हैं

पीएम ने कहा कि हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी, पड़ोसियों से भी मुसीबतें झेलीं, प्राकृतिक आपदा भी झेली इसके बावजूद इतने कम समय में हम 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बने। क्योंकि हम विकास चाहते हैं, प्रगति चाहते हैं। आने वाले दिनों में हमें टूरिज्म पर बल देना चाहिए। गुजरात ने कमाल कर दिया है।

### *ढाई तीन बरस में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे*

*मोदी ने कहा कि एक बार कल्पना करते हुए अगर हम विकास को जमीन पर उतारने का प्रयास करें, तो कितने अच्छे परिणाम मिल सकते हैं, ये हम भलीभांति देख रहे हैं। वही कालखंड था जब हमने रिवर फ्रंट बनाया। वही कालखंड था जब हमने दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाने का सपना देखा, उसे पूरा किया। वही कालखंड था जब दुनिया का सबसे बड़ा स्टैच्यू बनाने के लिए सोचा, उसे पूरा किया। सोमवार को 26 मई थी। 2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिलाष उस समय, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी। आज हम चौथे स्थान पर हैं। ढाई तीन बरस में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।*

### आज सुप्रीम कोर्ट इस रिपोर्ट पर करेगा सुनवाई

# विजय शाह मामले में बनी एसआईटी ने स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक बयान की जांच कर रही एसआईटी ने अपनी पहली रिपोर्ट मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सीलबंद लिफाफे में दाखिल कर दी है। इस रिपोर्ट में मंत्री द्वारा दिए गए सार्वजनिक रूप से बयान के विभिन्न तथ्यों और वीडियो फुटेज का सत्यापन शामिल है। सुप्रीम कोर्ट बुधवार को इस रिपोर्ट पर सुनवाई करेगा। बताया जा रहा है कि मंत्री विजय शाह के बयान भी एसआईटी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लिए हैं, हालांकि एसआईटी अफसर इस संबंध में कुछ भी बोलने के तैयार नहीं हैं। इस मामले में एसआईटी ने मानपुर थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार भी अपनी जांच में कई बिंदु शामिल किए हैं। एसआईटी में शामिल अफसरों ने मौके पर जाकर प्रत्यक्षदर्शियों के भी बयान लिए उसको भी अपनी रिपोर्ट में शामिल किया है। एसआईटी के प्रमुख सागर जोन के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा हैं जबकि विशेष सशस्त्र बल के डीआईजी कल्याण चक्रवर्ती और डिंडोरी पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह सदस्य हैं।



### *मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी*

### तीन बार माफी मांग चुके हैं शाह

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ही पुलिस मुख्यालय ने एसआईटी गठन का गठन किया था। मंत्री विजय शाह ने 12 मई को एक भाषण के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। मप्र हाईकोर्ट ने इस विवादस्पद बयान पर संज्ञान लिया था। वहीं, पुलिस को सटीक एफआईआर करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद 14 मई को मानपुर पुलिस थाने में मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। शाह ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में माफीनामा भी दाखिल किया था जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। वहीं मंत्री ने सार्वजनिक रूप से एक वीडियो जारी कर अपने कृत्य पर तीसरी बार माफी मांगी है।

### कांग्रेस के सृजन अभियान का करेंगे शुभारंभ

# नवनियुक्त पर्यवेक्षकों की बैठक लेने जून में आ सकते हैं राहुल गांधी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

- हर जिले के लिए नियुक्त होंगे सहयोगी पर्यवेक्षक

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जून के पहले सप्ताह भोपाल आ सकते हैं। कार्यक्रम अभी नहीं आया लेकिन संभावित तारीख 5 जून बताई जा रही है। राहुल भोपाल में कांग्रेस के नवनियुक्त 50 पर्यवेक्षकों की बैठक लेंगे और कांग्रेस सृजन अभियान का शुभारंभ करेंगे। एक दिन पहले ही देश के विभिन्न राज्यों के नेताओं को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इन्हें जिलों का प्रभार दिया जाएगा और सहयोग के लिए प्रदेश के 4-4 नेता सहयोगी पर्यवेक्षक के तौर पर नियुक्त किए जाएंगे। पर्यवेक्षक प्रभार वाले जिलों का दौरा करेंगे और कांग्रेस की मजबूती के उद्देश्य से एक रिपोर्ट तैयार कर सीधे कांग्रेस हाईकमान के पास भेजेंगे। पर्यवेक्षक पता लगाएंगे कि कांग्रेस किस विधानसभा में कैसे मजबूत होगी? कांग्रेस के पुराने नेताओं की सूची भी तैयार होगी। इस दौरान ऐसे नेताओं की लिस्ट भी बनाई जाएगी जो कांग्रेस में रहकर भाजपा को फायदा और पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं।



### पंचकुला में दिल्ली के बुराड़ी सामूहिक आत्महत्या जैसा मामला

# कर्ज तले दबे एक ही परिवार के 7 लोगों ने कार में खाया जहर...सभी की मौत

मृतकों में महिला सहित तीन बच्चे (एक बेटा व दो बेटियां) और दो बुजुर्ग दंपती भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकुला

हरियाणा के पंचकूला में सोमवार देर रात दिल्ली के बुराड़ी सामूहिक आत्महत्या जैसा मामला सामने आया है। यहां एक ही परिवार के सात सदस्यों की संदिग्ध मौत से सनसनी फैल गई।

मूलरूप से उत्तराखंड के रहने वाले परिवार में दंपती, उनके तीन बच्चे और दो बुजुर्ग ने संदिग्ध हालत में जहर खा लिया। सातों को सेक्टर-26 के एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर एक को छोड़कर बाकी सभी को मृत घोषित कर दिया गया।

### टूर एंड ट्रैवल्स के बिजनेस में हुआ था घाटा



### *पहले बागेश्वर धाम में सुनी कथा, फिर लौटते समय खा लिया जहर*

*मामले में नया खुलासा हुआ है कि परिवार देहरादून का रहने वाला था और पंचकूला में बागेश्वर धाम में हनुमंत कथा सुनने आया था। कथा सुनने के बाद परिवार कार से लौट रहा था, तभी सभी ने रास्ते में जहर खाकर आत्महत्या कर ली।*

### कार में खाया सभी ने जहर

*पुलिस ने बताया कि उसे मौके पर सुसाइड नोट भी मिला है। एक चश्मदीद ने बताया कि वह कार से पास से गुजर रहा था तो एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में मिला। यह शख्स प्रवीण मित्तल थे। प्रवीण ने बताया कि उनके परिवार के लोग कार में सो रहे हैं। चश्मदीद को आशंका हुई तो उसने कार का दरवाजा खोल कर देखा, तो सभी के मुंह से झाग आ रहे थे। इसके बाद प्रवीण ने बताया कि उन्होंने भी जहर खा लिया है और कुछ ही देर में उनकी भी मौत हो जाएगी। जानकारी के अनुसार सेक्टर 27 में एक खाली प्लॉट के सामने खड़ी कार में प्रवीण मित्तल (42), उनकी पत्नी, तीन बच्चे (एक बेटा व दो बेटियां) और प्रवीण के बुजुर्ग माता-पिता सोमवार रात सवा 12 बजे संदिग्ध अवस्था में मिले।*

## खबर संक्षेप

### आईआईटी दिल्ली ने बदला अपना पाठ्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ने 12 वर्षों के बाद अपने पाठ्यक्रम में बदलाव किया है। यह बदलाव छात्रों पर बोझ कम करने और उद्योग जगत की मांगो को ध्यान में रखते हुए किया गया है।



निदेशक रंगन बनर्जी ने बताया कि इससे पहले पाठ्यक्रम में संशोधन 2013 में किया गया था। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर खास ध्यान दिया जा रहा है। हमने स्टेकहोल्डर्स से प्रतिक्रिया ली है, जिसमें हमारे पूर्व छात्र, छात्र और फैकल्टी शामिल हैं।

### एलन मस्क के पिता करेंगे रामलला के दर्शन

**नई दिल्ली।** अरबपति एलन मस्क के पिता एरोल मस्क जून में अपनी भारत यात्रा के दौरान अयोध्या में भगवान रामलला का दर्शन करेंगे।



एरोल अपनी भारत यात्रा के दौरान विभिन्न व्यापार-संबंधी बैठकों में भाग लेंगे। उनका पांच दिवसीय भारत दौरा 1 जून से 6 जून तक चलेगा। इसके बाद वे दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हो जाएंगे।

### श्योपुर में तीन लोगों पर भालू ने बोला हमला

**श्योपुर।** मंगलवार सुबह एक जंगली भालू ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों पर हमला कर दिया। घटना में तीनों घायल हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया है। मामला वीरपुर थाना क्षेत्र के पांचोकॉलोनी गांव का है। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी है।

## हरदा में अमावस्या पर नर्मदा नदी में नहाने गए 3 युवक डूबे

## तीन युवकों को बचाने एक ने लगाई छलांग, एक को बचाया, फिर दो को बचाने के दौरान खुद डूबा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अमावस्या पर नर्मदा स्नान करने गए तीन युवक पानी में डूब गए। होमगार्ड की टीम ने उनके शव बाहर निकाले। पोस्टमॉर्टम के लिए टिमरनी भेजे। हादसा मंगलवार सुबह साढ़े 11 बजे लछौरा गांव में हुआ। करताना चौकी प्रभारी अनिल गुर्जर ने बताया कि देवेंद्र जाट (23), करण सिरोही (20) और मोहित जाट नदी में नहाने उतरे थे। तैरते-तैरते वे उस तरफ चले गए, जहां गहराई ज्यादा थी। उन्हें डूबते देखकर घाट पर मौजूद रामदास (38) ने नदी में छलांग लगा दी। मोहित को बाहर निकाल लिया। लेकिन जब देवेंद्र और करण को बचाने दोबारा नदी में कूदा तो खुद भी डूब गया। देवेंद्र जाट डगमानीमा गांव का रहने वाला था।

■ करताना थाना चौकी के लछौरा घाट की घटना

### सीहोर के नीलकंठ घाट पर डूबने से 13 साल के बच्चे की मौत

**सीहोर।** जिले के नीलकंठ घाट पर मंगलवार को अमावस्या के दिन एक हादसा हो गया। नर्मदा नदी में नहाते वक्त 13 साल का एक बच्चा डूब गया। गोताखोरों ने थोड़ी देर में उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घाट पर अमावस्या के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान एक बच्चा नदी में डूब गया। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। मृतक की पहचान नमन ठाकुर पिता उदय सिंह (13) निवासी सोंठिया की डूबने से मौत हुई है।

## कोरोना के दोनों वैरिएंट्स एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 के मामले कई देशों में काफी तेजी से बढ़े



# दोनों वैरिएंट संक्रामक जरूर हैं पर खतरनाक या जानलेवा नहीं

भारत में कुल एक्टिव केस 1010, 19 मई से अब तक 753 नए मामले रिपोर्ट किए गए हैं। कोरोना से अब तक 6 लोगों की मौत हुई



» **डब्ल्यूएचओ ने इसे वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग के रूप में वर्गीकृत कर दिया**

» **लक्षणों में सांस की समस्या या अन्य गंभीर दिक्कतें नहीं हो रही हैं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिसंबर 2019 के आखिरी के हफ्तों में शुरू हुई कोरोना महामारी अब भी खत्म नहीं हुई है। पिछले कुछ महीनों से संक्रमण की रफ्तार नियंत्रित थी, हालांकि अब एक बार फिर से ये वायरस सक्रिय हो गया है। आरएनए वायरस अपनी प्रकृति के हिसाब से लगातार म्यूटेट होते रहते हैं, इसी क्रम में कोरोनावायरस में भी म्यूटेशन देखा जाता रहा है और नए वैरिएंट्स भी सामने आते रहे हैं। कोरोना के दोनों वैरिएंट्स एनबी.1.8.1 और एलएफ .7 के मामले कई देशों में काफी तेजी से बढ़े हैं, भारतीय आबादी में भी इसके कारण संक्रमण में तेजी से उछाल आया है। डब्ल्यूएचओ ने अब इसे वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग के रूप में वर्गीकृत कर दिया है। अब तक इसे वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट के रूप में रखा गया था। पिछले एक-दो साल में दुनियाभर में ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले सबसे ज्यादा रिपोर्ट किए गए हैं। इस बार के बढ़ते प्रकोप के लिए भी ओमिक्रॉन के ही सब-वैरिंट्स (एनबी.1.8.1 और एलएफ .7) को जिम्मेदार पाया गया है।

एनबी.1.8.1 से संक्रमित लोगों में भी अन्य ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट के समान लक्षण देखे जा रहे हैं। इनमें लगातार खांसी, गले में खराश, थकान-सिरदर्द, भूख न लगने व गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं देखी जा रही हैं।

### इंदौर में चार तो उज्जैन में मिला एक मरीज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में भी एक बार फिर कोरोना के मामले सामने आना शुरू हो गए है। इंदौर में कोरोना के सबसे ज्यादा चार मरीज मिले है तो वहीं मंगलवार को उज्जैन में भी एक मरीज में कोरोना की पुष्टि हुई है। श्वांस रोग विशेषज्ञ डॉ. लोकेंद्र दवे ने बताया कि कोरोना के नए जेएन.1 वैरिएंट के लक्षण कुछ दिनों से लेकर हफ्तों तक रह सकते हैं। अगर आपके लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं, तो हो सकता है कि आपको लंबे समय तक रहने वाला कोविड हो। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें कोविड-19 के कुछ लक्षण ठीक होने के बाद भी बने रहते हैं। डॉ. दवे ने बताया कि जेएन.1 तेजी से फैलता जरूर है, लेकिन यह आमतौर पर गंभीर बीमारी पैदा नहीं करता। वहीं कोरोना की गाइडलाइन को लेकर राजधानी भोपाल के जेपी और हमीदिया अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग से आदेश आने का इंतजार है।

#### एम्स में बनाई टास्क फोर्स

एम्स भोपाल के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने बताया कि देशभर में बढ़ते कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है। एम्स में आरटीपीसीआर जांच होने के साथ कोविड जनरल वार्ड भी बनाया गया है। जिसमें छह आइसोलेशन बेड की व्यवस्था है। साथ ही वेंटिलेटर की सुविधा वाला एक आईसीयू भी तैयार रखा गया है।

#### कोविड गाइडलाइन नहीं आईः सीएमएचओ

भोपाल सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि सभी सरकारी अस्पताल जहां ऑक्सीजन प्लांट लगे हैं, वहां हर सात दिन में जांच की जा रही है। अभी तक कोई भी कोरोना मरीज नहीं आया है। कोविड की कोई गाइडलाइन नहीं आई है, लेकिन जल्द सरकारी अस्पताल में कोविड वार्ड बनाने जा रहे हैं।

### कोविड के वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग का मतलब

**वायरस की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर निगरानी की जरूरत**

27 मई को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड के डेटा के मुताबिक देश में कुल एक्टिव केस 1010 हैं। 19 मई से अब तक 753 नए मामले रिपोर्ट किए गए हैं। देश में कोरोना से अब तक 6 लोगों की मौत हुई है। वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग का मतलब है कि अब वायरस के इस रूप को लेकर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देने और निगरानी की आवश्यकता है। वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट के दौरान वायरस में हुए परिवर्तन और इसके प्रभाव को की कोशिश की जाती है, इस वर्गीकरण का मतलब होता है कि वैरिएंट ज्यादा चिंताजनक नहीं है।

### इंदौर के तेजाजी नगर में एफआईआर

## पीसीसी अध्यक्ष पटवारी के भाइयों समेत 3 पर धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के दोनों भाई और कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकाने और अवैध तरीके से कब्जा करने और धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। तेजाजी नगर क्षेत्र में एक 74 वर्षीय बुजुर्ग नरेंद्र मेहता की शिकायत पर पुलिस ने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव, भारत पटवारी और नाना पटवारी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनकी जमीन उमरी खेड़ा में मौजूद है, जिसपर आरोपियों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किया जा रहा है। साथ ही कुछ निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। फरियादी ने जब इन लोगों से कब्जे को लेकर बात की तो आरोपियों द्वारा उसे धमकाया गया।

### सागर में अनोखे अंदाज में न्याय की गुहार

## कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में किसान लेकर पहुंच गया पूजा की थाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



एक अनोखा मामला सागर कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान सामने आया। एक किसान पूजा की थाली लेकर आया, जिसमें मिठाई, नारियल और फूलमाला थीं। उसने कहा कि भगवान भी इन चीजों से मान जाते हैं, तो शायद अधिकारी भी मान जाएं। किसान ने अधिकारियों को मिठाई और फूलमाला चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद पुलिसवालों ने उसे धक्का देकर बाहर निकाल दिया। यह किसान तीन साल से अपनी जमीन के लिए परेशान था और बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगा रहा था, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। परेशान किसान ने सोचा कि पूजा की थाली लेकर आने से शायद अधिकारी उसकी बात सुनेंगे। लेकिन आज भी किसान को अधिकारियों से कोई ठोस जवाब नहीं मिला।



खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों के सम्मेलन में 4376.30 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित, सृजित होंगे 6164 रोजगार

# जीआईएस के बाद राज्य में 1744 एकड़ भूमि 46 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटितः मुख्यमंत्री

## कृषकों की आय बढ़ाने और युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

हरिभूमि ⏭ नरसिंहपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मना रहे हैं। यह अद्भुत समय चल रहा है। मप्र में निवेश की खुशबू देशभर में फैल रही है। प्रदेश में विकास का क्रम जारी है। इस विकास यात्रा में सभी राज्यों के उद्योगपतियों का स्वागत है। जहां जनप्रतिनिधि, उद्योगपति, अधिकारी साथ में मिलकर प्रदेश के औद्योगिक विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। मुझे प्रसन्नता है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2025 के फरवरी में आयोजन के बाद पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी मप्र में निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नरसिंहपुर जिले में कृषि उद्योग समागम में खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### 1744 एकड़ भूमि 46 औद्योगिक इकाइयों को आवंटित की

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 (जीआईएस) के सफल आयोजन के बाद मप्र में उद्योगों के लिए नए अवसर सृजित हुए हैं। राज्य सरकार की ओर से 1744 एकड़ भूमि 46 औद्योगिक इकाइयों को आवंटित की गई है। इन इकाइयों में लगभग 24,500 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है, जिससे लगभग 35,000 रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। भूमि आवंटन प्राप्त प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में मे. पतंजलि ग्रुप, रीवा को सर्वाधिक 433 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इसके अलावा मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट, सीधी को 264 एकड़, मे. बीईएमएल, रायसेन को 148 एकड़, मे. गौतम सोलार को 55 एकड़ एवं मे. ग्लेक्सो स्मीथ एशिया प्रा. को 40 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के कार्यक्रम में कुल 52 इकाईयों से रू. 4376 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे 6100 से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इन निवेश प्रस्तावों के राज्य में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।*

### कृषकों की आय को बढ़ाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरसिंहपुर जिला गन्ने की फसल के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल के लिए स्प्रिंक्लर सिंचाई का लक्ष्य बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह हमारा संकल्प है कि कृषकों की आय को बढ़ाया जाएगा। हमारी सरकार का प्रयास है कि कृषकों को उनके उत्पादों के सही दाम मिले।

### नरसिंहपुर में पहला ऐतिहासिक समागमः कृषि और उद्योग का अनूठा संगम

नर्मदा शुगर फैक्ट्री के प्रबंध संचालक विवेक माहेश्वरी ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से कृषि और उद्योग के बीच एक मजबूत सेतु स्थापित किया गया है।

### नरसिंहपुर में कृषि आधारित और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए अपार संभावनाएं

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कृषि उद्योग समागम-2025 के नरसिंहपुर जिले में आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हार्दिक अभिनंदन और आभार माना। उन्होंने देश भर से आए निवेशकों, उद्योपतियों का आयोजन में सम्मिलित होने पर आभार भी व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहा है आशातीत विकास

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि जब से डॉ. यादव ने प्रदेश की बागडोर संभाली है, तब से मप्र हर क्षेत्र में आशातीत प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में औद्योगिक समृद्धि और कृषि नवाचार के बीच समन्वय स्थापित कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर अग्रसर किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अनुपम राजन ने कहा कि प्रदेश में कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से निवेशकों के हित में बनाई गई नीतियां देशभर में मिसाल बन रही हैं।

कोरबा के एसईसीएल गेवरा कोयला खदान का मामला

# कोयला चोरी करने गए दो युवकों की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले के एसईसीएल गेवरा कोयला खदान में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। ये तीनों युवक कोयला चोरी करने के लिए खदान में घुसे थे। मृतकों की पहचान विशाल यादव (18 वर्ष) और धन सिंह कंवर (24 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक की पहचान साहिल धनवार (19 वर्ष) के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मौके पर पहुंचे। घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए सीसीएल प्रबंधन और पुलिस को रेस्क्यू बाहर निकालने को कहा है। कटघोरा विधायक अभी घटना स्थल पर ही मौजूद हैं। कोयला चोरी करने के लिए खदान में घुसना युवकों को महंगा पड़ गया। इस हादसे में विशाल यादव और धन सिंह कंवर की मौत हो गई। वहीं तीसरा किसी तरह बाहर निकला और गांव जा कर घटनाक्रम की जानकारी दी। जहां तीसरा लड़का साहिल धनवार घायल है। उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। हरदी बाजार पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। कोयला चोरी की वारदातें आज भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एसईसीएल पीआरओ बिलासपुर शनिष चन्द्र ने बताया कि एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में खनन गतिविधियों के संचालन में कोई दुर्घटना नहीं हुई है, ना ही कोई एसईसीएल कर्मी हताहत हुआ है। उन्होंने बताया कि दीपका पुलिस के द्वारा उन्हें सूचना मिली है कि गेवरा और दीपका माइंस के सीमा पर जो कोयल रहता है। उसे निकालने के लिए कुछ लोग गए हुए थे। जहां दो लोगों के दबने की खबर सामने आ रही है। जिस जगह पर कोयला निकाला जा रहा था। लगभग खदान से 20 से 25 फीट ऊपर है। जिस जगह पर यह हादसा हुआ है।

नीलामी प्रक्रिया, वैधानिक स्वीकृतियां और ब्लॉक क्रियान्वयन विषय पर कार्यशाला

# खनिज ब्लॉकों के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रमुख सचिव खनिज उमाकांत उमराव ने कहा कि खनिज ब्लॉकों के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने इसके व्यापक आर्थिक लाभों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय कमेटी गठित की गई है, जो नीलामी प्रक्रिया संबंधी कठिनाइयों को दूर करने के तत्काल प्रयास करेगी। प्रमुख सचिव उमराव ने कहा कि नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय की ओर से आयोजित नीलामी प्रक्रिया, वैधानिक स्वीकृतियां और ब्लॉक क्रियान्वयन विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। खनिकर्म संचालक फ्रैंक नोबेल ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा यह है कि मप्र राज्य में नीलाम हुए खनिज ब्लॉक में उत्पादन शीघ्र प्रारंभ हो। उन्होंने कहा कि इससे राज्य को खनिज राजस्व प्राप्ति हो। कार्यशाला में प्रश्नों के उत्तर दिए गए एवं शंकाओं का समाधान किया गया।

### मूल्यांकन के दौरान सामान्य त्रुटियों पर प्रकाश डाला

कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञों ने विभिन्न सूचनाप्रद प्रस्तुतियां दी। इनमें भारतीय खान ब्यूरो प्रतिनिधियों ने खान योजना की तैयारी एवं प्रस्तुति, उनकी महत्ता और मूल्यांकन के दौरान सामान्य त्रुटियों पर प्रकाश डाला। खान योजना स्वीकृति की प्रक्रिया भी समझाई। वन विभाग के प्रतिनिधि ने वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रमुख प्रावधानों, परिवेश पोर्टल के उपयोग तथा वन स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। राज्य पर्यावरण प्रभाग मूल्यांकन प्राधिकरण प्रतिनिधि ने पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन के अनुरूप पर्यावरण स्वीकृति प्रक्रिया की जानकारी दी। राजस्व विभाग के प्रतिनिधि ने भूमि अधिग्रहण संबंधी मुद्दों एवं प्रक्रियात्मक जटिलताओं पर चर्चा की। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि ने स्थापना सहमति और संचालन सहमति प्रक्रियाओं तथा उनसे संबंधित दिशा-निर्देशों पर प्रकाश डाला। खान मंत्रालय के उप सचिव ने खनिज ब्लॉकों के क्रियान्वयन को सरल एवं शीघ्र बनाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से किए गए प्रमुख पहलुओं को साझा किया। कार्यशाला में नीलामी पोर्टल की विशेषताओं एवं संचालन पहलुओं पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में मुख्य खनिज की नीलामी प्रक्रिया एवं इससे संबंधित विषय-विशेषज्ञ, जिला अधिकारी, आरक्यूपी और अधिमानी बोलीदारों ने भाग लिया।

# 4 कुख्यात नक्सलियों समेत 18 ने किया आत्मसमर्पण



## आठ-आठ लाख सहित कुल 39 लाख का था इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

बटालियन नंबर एक में सक्रिय चार हार्डकोर नक्सली समेत 18 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। दो नक्सलियों पर आठ-आठ लाख रुपये समेत कुल 39 लाख का इनाम घोषित है। सुकमा और बीजापुर इलाके में कई बड़ी घटनाओं में शामिल थे नक्सली। पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर सभी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सभी को प्रोत्साहन राशि दी गई और पुनर्वास नीति का लाभ दिया जायेगा।



बीएसएफ के आईजी जम्मू शशांक आनंद ने कहा कि पाकिस्तानी सेना घुसपैठ कराना चाहती थी। 40 से 50 आतंकी घुसपैठ की कोशिश में थे। फॉरवर्ड पोस्ट को नुकसान पहुंचाने की साजिश थी। बीएसएफ की ओर से फायरिंग का माकूल जवाब दिया गया

**ऑपरेशन सिंदूर में बीएसएफ ने दिखाई ताकत**

# राइफल 'विध्वंसक' और स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर से कांपा था पाक दुश्मन की चौकियों, बंकरों पर न भुला देने वाला किया ऐसा प्रहार

एजेंसी ▶▶ जम्मू

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा दुश्मन देश पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई की सिलसिलेवार जानकारी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी गई। बीएसएफ के आईजी जम्मू शशांक आनंद ने कहा कि पाकिस्तानी सेना घुसपैठ कराना चाहती थी।

- आतंकियों के कई लॉन्चपैड और शिविर को बनाया निशाना

40 से 50 आतंकी घुसपैठ की कोशिश में थे। फॉरवर्ड पोस्ट को नुकसान पहुंचाने की साजिश थी। बीएसएफ की ओर से फायरिंग का माकूल जवाब दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर का प्रहार पाकिस्तान भूल नहीं पाएगा। आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया गया। बीएसएफ ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई का नया वीडियो जारी किया है।




### सुरक्षा बलों को सतर्क रहना होगा

आनंद ने कहा कि हमें आतंकवादियों के अपने लॉन्चपैड्स और शिविरों में लौटने और एलओसी और आईबी पर संभावित घुसपैठ के बारे में कई इनपुट मिल रहे हैं। सुरक्षा बलों को सतर्क रहना होगा। हम सीमा पर लगातार निगरानी कर रहे हैं।

### बीएसएफ जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया

आरएस पुरा सेक्टर के बीएसएफ डीआईजी चित्तर पाल ने बताया कि 9 मई को पाकिस्तान ने हमारी कई चौकियों और एक गांव अब्दुलियान को भी निशाना बनाया। बीएसएफ जवानों ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। जब उन्होंने फायरिंग कम की तो उन्होंने ड्रोन गतिविधियां बढ़ा दीं। जवाब में बीएसएफ ने पाकिस्तानी आतंकी लॉन्च पैड मस्तपुर को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया। 9-10 मई को पाक ने अखनूर की सीमा पर भारी गोलीबारी की। बीएसएफ ने पाकिस्तान के लूनी आतंकी लॉन्च पैड को निशाना बनाया।

### स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर

बीएसएफ ने स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर के बारे में बताया कि यह स्वचालित ग्रेनेड प्रणाली 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दुश्मन की चौकियों, ठिकानों और उनके बुलेटप्रूफ वाहनों को नष्ट करने



में बहुत सफल हथियार साबित हुई। इसकी रेंज 1700-2100 मीटर है। इससे दागे गए ग्रेनेड का मारक क्षेत्र 10 मीटर है। इसकी मारक क्षमता बहुत प्रभावी है। वहीं, 'एंटी-मटेरियल राइफल 'विध्वंसक' की रेंज 1300 मीटर और 1800 मीटर है। इस हथियार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के टावरों और बंकरों को नष्ट कर दिया।

### सांबा में पोस्ट का नाम 'सिंदूर' रखने का प्रस्ताव

आईजी जम्मू शशांक आनंद ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ की महिला कर्मियों ने अग्रिम ड्यूटी चौकियों पर लड़ाई लड़ी। हमारी बहादुर महिला कर्मियों, सहायक कमांडेंट नेहा भंडारी ने एक अग्रिम चौकी की कमान संभाली, कांस्टेबल मंजीत कौर, कांस्टेबल मलकीत कौर, कांस्टेबल ज्योति, कांस्टेबल सम्पा और कांस्टेबल स्वप्ना और अन्य ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ अग्रिम चौकियों पर लड़ाई लड़ी। पाकिस्तान की ओर से बीएसएफ चौकियों पर ड्रोन हमले और गोलाबारी में हमने बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज, कांस्टेबल दीपक कुमार और भारतीय सेना के नायक सुनील कुमार को खो दिया। हम अपनी दो पोस्ट का नाम अपने खोए हुए कर्मियों के नाम पर रखने का प्रस्ताव भेज रहे हैं और एक पोस्ट का नाम 'सिंदूर' रखने का प्रस्ताव भेज रहे हैं।



### 2.7 मिमी एंटी-एयरक्राफ्ट गन

*बीएसएफ ने ड्रोन को गिराने के लिए इस्तेमाल की गई 2.7 मिमी एंटी-एयरक्राफ्ट गन का भी प्रदर्शन किया। गन यह दुश्मन के टैंक, कैंप और ड्रोन को नष्ट कर सकती है। एक मीडियम मशीन गन से पाकिस्तानी चौकियों और ड्रोन को नष्ट कर दिया। यह प्रति मिनट 600-1000 राउंड फायर कर सकती है।*

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध आतंकी के हाथ में ही विस्फोट, उड़ गए चीथड़े


**अमृतसर।** अमृतसर में मजीठा रोड बाईपास के पास ही डीसेंट अवेन्यू के बाहर जोरदार धमाका हुआ जिसमें



एक शख्स बुरी तरह घायल हो गया है। इस धमाके में शख्स के हाथ-पैर उड़ गए हैं। लोगों का कहना था कि शख्स बम लेकर आया था और ब्लास्ट उसके हाथ में ही हो गया। संदिग्ध आतंकी को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। जिस इलाके में विस्फोट हुआ है वह अमृतसर ग्रामीण पुलिस के अंतरगत आता है। पुलिस ने अभी इस मामले में बयान जारी नहीं किया है।

### केमिकल प्लांट में धमाका, 5 की मौत

**बीजिंग।** चीन के पूर्वी शांदोंग प्रांत में मंगलवार दोपहर के आसपास



एक रासायनिक संयंत्र में भीषण विस्फोट हुआ है। इस विस्फोट में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए हैं। छह अन्य लोग लापता हैं। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि कारखाने से दो मील (तीन किलोमीटर) से अधिक दूर एक भंडारण गोदाम की खिड़कियां टूट गईं। विस्फोट के बाद लगी आग को बुझाने के लिए 230 से ज्यादा दमकलकर्मियों को काम पर लगाया गया है।

### बीच में पढ़ाई छोड़ी तो रद्द होगा वीजा: ट्रंप प्रशासन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की ट्रंप सरकार ने विदेशी छात्रों को एक



सख्त चेतावनी जारी की है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि अगर आप स्कूल को सुचना दिए बिना पढ़ाई छोड़ देते हैं, क्लास छोड़ देते हैं या अपना पढाई बीच में छोड़ देते हैं, तो आपका स्टूडेंट वीजा रद्द किया जा सकता है और आप भविष्य में अपने अमेरिकी वीजा के लिए पात्रता खो सकते हैं। बयान में कहा गया है कि किसी भी परेशानी से बचने के लिए हमेशा अपने वीजा की शर्तों का पालन करें।

**जहां हुआ था हमला, वहीं हुई कैबिनेट बैठक**



# दिया संदेश, उमर सरकार दृढ़, सशक्त और निडर

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को अपने सहयोगियों के साथ पहलगाम में कैबिनेट बैठक की। बैठक में पर्यटन को पुनर्जीवित करने और आगामी अमरनाथ यात्रा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के अलावा सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की किश्त जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सीएम कार्यालय ने 'एक्स' पर लिखा कि सीएम ने पहलगाम में मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। यह केवल एक नियमित प्रशासनिक कवायद नहीं थी, बल्कि एक स्पष्ट संदेश था - हम आतंकवादियों के कायराना कृत्यों से नहीं डरते हैं। शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को प्रभावित नहीं करेंगे। जम्मू-कश्मीर दृढ़, सशक्त और निडर है।

### कश्मीर लौट रहे पर्यटकों का शुक्रिया

*सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह सिर्फ कैबिनेट बैठक तक सीमित नहीं है। हम यहां स्थानीय लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने आए हैं। हम उन सभी पर्यटकों का भी शुक्रिया अदा करने आए हैं जो धीरे-धीरे कश्मीर और पहलगाम की ओर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। सीएम का मानना है कि सरकार के इन ठोस प्रयासों से लोगों का डर काफी हद तक कम होगा, सुरक्षा और विश्वास की नयी भावना पैदा होगी और अंततः कश्मीर घाटी में पर्यटन का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे जरूरी आर्थिक राहत मिलेगी और सामान्य स्थिति वापस आएगी।*

### शांतिपूर्ण ढंग से होगी अमरनाथ यात्रा

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री सकीना इट्टू ने कहा कि बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की गई, जिसमें 22 अप्रैल को 26 लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा कि बैठक प्रभावित परिवारों को यह संदेश देने के लिए आयोजित की गई थी कि हम उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा हुई है। खाद्य आपूर्ति मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि आगामी अमरनाथ यात्रा सुचारू और शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की जाएगी।

**दुनिया भर में पाकिस्तान का नापाक चेहरा बेनकाब कर रहा भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल**

# फ्रांस में बोले प्रसाद-आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया को अब एक स्वर में बोलने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कूटनीतिक मुहिम जारी है। भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे हैं। अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह 'टीम इंडिया' की तरह पाकिस्तानी दुष्प्रचार को धराशायी करने में जुटे हैं

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कूटनीतिक मुहिम जारी है। भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे हैं। अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह 'टीम इंडिया' की तरह पाकिस्तानी दुष्प्रचार को धराशायी करने में जुटे हैं।

इन शिष्टमंडलों में शामिल सभी लोग दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को अलग-अलग मंचों पर बेनकाब कर रहे हैं। इस क्रम में जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सियोल, दक्षिण कोरिया की अपनी यात्रा समाप्त कर सिंगापुर पहुंचा है। वहीं, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में चौथा प्रतिनिधिमंडल कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में है जबकि अन्य दल बहरीन, कतर, रूस, जापान और यूएई जैसे देशों का दौरा कर चुके हैं।

### खास बातें

- भारत ने अंतिम उपाय के रूप में सटीक हमला किया
- पाक को मिली वित्तीय मदद आतंकियों पर खर्च होती




### असीम मुनीर 'बेवकूफ जोकर': औवेसी

ओवैसी ने कुवैत में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर को



'बेवकूफ जोकर' बताया। उन्होंने कहा कि चीजों को सही तरीके से कॉपी करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है। दरअसल, पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने पाक पीएम शहबाज शरीफ को ऑपरेशन बनयान अल-मर्सस का स्मृति चिन्ह भेंट किया था और भारत पर अपनी जीत का दावा किया था। हालांकि बाद में पता चला कि यह तस्वीर 2019 के चीन सैन्य अभ्यास की थी।



### कांगो ने पहलगाम हमले की आलोचना की

कांगो ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का समर्थन किया है साथ ही पहलगाम आतंकी हमले की तीखी आलोचना की। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अफ्रीका के कांगो के डिप्टी पीएम जीन पिएरे बेम्बा गोम्बो, विदेश मंत्री, असेंबली स्पीकर से मुलाकात की।

### स्लोवेनिया आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ

*स्लोवेनिया में डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल छह ने स्लोवेनिया की संसद के उच्च सदन यानी नेशनल काउंसिल के चेयरमैन और स्लोवेनियाई एसोसिएशन फॉर इंटरनेशनल रिलेशंस (एसडीएमओ) के अध्यक्ष मार्जान शेटिन्क और उनके सदस्यों के साथ बातचीत की। सांसद कनिमोझी ने कहा कि स्लोवेनिया को भारत और आतंकवाद के कारण भारत की समस्याओं के बारे में बहुत गहरी समझ है। स्लोवेनिया आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ा है।*



**ब्रिक्स फोरम में भारत का आह्वान**

# सांस्कृतिक संपत्तियों की अवैध तस्करी को रोकने बनाएं मजबूत कानूनी ढांचा

एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

भारत ने ब्रिक्स फोरम में आह्वान किया कि इस संगठन को न सिर्फ भू-राजनीतिक स्तर पर बल्कि सभ्यता के स्तर पर भी नेतृत्व करना चाहिए। भारत ने एक ऐसा सांस्कृतिक इकोसिस्टम बनाने की मांग की, जिसमें विविधता, मानवता और तरक्की को प्रोत्साहित किया जाए। ब्राजील में सोमवार को ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों की बैठक हुई। बैठक में भारत की तरफ से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल हुए। उन्होंने सांस्कृतिक संपत्तियों की अवैध तस्करी को रोकने के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा बनाने का आह्वान किया।



### सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाएं ब्रिक्स देश

*मंत्री शेखावत ने ब्रिक्स देशों में सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाने, संस्थागत सहयोग को बेहतर करने, संयुक्त सांस्कृतिक प्रोजेक्ट्स को विकसित करने की अपील की। ब्रिक्स देशों की समृद्ध संस्कृति को संरक्षित करने के साथ ही उसे प्रमोट भी किया जाए।*

### नैतिक एआई के उपयोग पर बल

मंत्री शेखावत ने एआई के नैतिक उपयोग पर बल दिया ताकि ताकि पारंपरिक ज्ञान को बचाया जा सके और सांस्कृतिक निवेश को बढ़ाया जा सके। ब्रिक्स के मंत्री स्तर की इस बैठक में संयुक्त प्रस्ताव में चार सांस्कृतिक प्राथमिकताओं पर फोकस किया गया।

**ज्योति के बारे में एक और बड़ा खुलासा**

# हासिल किया था विशेष वीजा, पाक गृह मंत्रालय और आईएसआई ने दी थी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ हिसार

ज्योति मल्होत्रा ने पहली बार पाकिस्तान यात्रा के बाद विशेष वीजा हासिल किया था, जिसे आईएसआई और पाक गृह मंत्रालय की मंजूरी मिली थी। पुलिस का मानना है कि ज्योति ने जानबूझकर आईएसआई का साथ दिया, ताकि उसे विशेष सुविधाएं और वीआईपी ट्रीटमेंट मिल सके। ज्योति के गैजेट्स की फॉरेंसिक रिपोर्ट के मुताबिक ज्योति चार पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थी। ज्योति को इनके बारे में पूरी जानकारी थी। डिजिटल सबूतों से यह स्पष्ट हुआ कि ज्योति किसी ग्रुप चैट में नहीं,



बल्कि केवल वन-ऑन-वन बातचीत में शामिल थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ज्योति को पता था कि वह आईएसआई के हाथों में खेल रही है। इसके बावजूद पाकिस्तान की पॉजिटिव छवि बनाने और भारत में पाकिस्तान विरोधी नैरेटिव बदलने के लिए वीडियो बनाती रही। वह पाकिस्तानी की खुफिया एजेंसी आईएसआई की छवि बनाती रही।

**शहबाज-मुनीर को खामेनेई ने दी सीख**

# भारत के साथ अपने मतभेद सुलझाएं, आपस में करें बात



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत से मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान ईरान की दहलीज पर पहुंचा है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर ईरान के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की और भारत के साथ हाल ही में हुए संघर्षों का मुद्दा उठाया।

हालांकि भारत के मामले में ईरान से पाकिस्तान के हाथ कुछ नहीं लगा। भारत पाक संघर्ष को लेकर ईरान ने बहुत ही नपी-तुली प्रतिक्रिया दी है। सुप्रीम लीडर खामेनेई ने एक्स पर कहा कि हम पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष के खत्म होने से खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि दोनों मुल्कों के बीच मतभेद सुलझ जाएंगे।

### शरीफ की भारत से शांति की गुहार

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने भारत और पाकिस्तान के बीच स्थायी युद्धविराम के लिए ईरान का समर्थन व्यक्त किया और विवादों को सुलझाने और अमन को बढ़ावा देने के लिए बातचीत की गुजारिश की है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शहबाज शरीफ को कहना पड़ा कि पाकिस्तान कश्मीर, जल-बंटवारे और व्यापार समेत दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान खोजने के लिए भारत के साथ बातचीत को तैयार है।

### भारत और ईरान के रिश्ते मजबूत

*बता दें, कि भारत और ईरान के रिश्ते ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत रहे हैं। जबकि पाकिस्तान के साथ उसके रिश्ते सर्द रहे हैं। पिछले साल ही ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने पाकिस्तान की ब्लूचिस्तान इलाके में आतंकियों कैंपों पर मिसाइल दागे थे। इसके बाद पाकिस्तान ने खूब हाय-तौबा मचाई थी। इसे लेकर भी ईरान नाराज है।*

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 15 हजार करोड़ रुपए के मेगा प्रोजेक्ट को दी मंजूरी**


# अब भारत में ही बनेंगे पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां करेंगी निर्माण**

ऑपरेशन सिंदूर को सफल अंजाम देने के साथ ही भारत सरकार ने अपनी सैन्य शक्ति को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए अपने खुद के स्टील्थ विमान बनाने के प्लान को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना के लिए 5वीं पीढ़ी के मध्यम वजनी उन्नत लड़ाकू विमान (एएमसीए) को स्वदेशी रूप से विकसित करने के मॉडल को मंजूर कर लिया।

एएमसीए, भारत का स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट है। ये स्वदेशी तो है, लेकिन कई अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है। इसमें रडार से बचने की क्षमता, बेहतरीन हथियार प्रणाली और सेंसर हैं। ये ऐसे विमान हैं, जिनकी हवाई क्षेत्र में मौजूदगी का पता लगाना मुश्किल होता है। साथ ही, ये दुश्मन के क्षेत्र में भीतर तक जाकर लक्ष्य को भेद सकते हैं।



*नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के 8 सीएमडी से मुलाकात की।*

### स्वदेशी रक्षा क्षमता मजबूत होगी

*रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि राजनाथ सिंह ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। वैमानिक विकास एजेंसी (एडीए) उद्योग की साझेदारी के माध्यम से इस कार्यक्रम को लागू करेगा। यह मॉडल निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धी आधार पर समान अवसर मुहैया करता है।*

### आत्मनिर्भरता में मील का पत्थर

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह एएमसीए विकसित करने के लिए स्वदेशी विशेषज्ञता और क्षमता का उपयोग करने की दिशा में बड़ा कदम है, जो एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने लड़ाकू विमान कार्यक्रम को पिछले साल सैद्धांतिक मंजूरी दे दी थी। इस प्रोजेक्ट की शुरुआती विकास लागत करीब 15,000 करोड़ रुपए आंकी गई है। भारतीय वायुसेना एएमसीए परियोजना की दीर्घकालिक आवश्यकता को देखते हुए इस पर जोर दे रही है। हल्के लड़ाकू विमान विकसित करने के बाद एएमसीए विकसित करने को लेकर भारत का विश्वास काफी बढ़ गया है।



## मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान व भक्तिमय आयोजन

# श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई शनि जयंती

जबलपुर।

भगवान सूर्य और उनकी पत्नी छाया के पुत्र न्याय के देवता भगवान शनिदेव की जयंती गुरुवार को नगर के विभिन्न शनि मंदिरों में पूरी श्रद्धा ओर आस्था के साथ मनाई गई। भगवान शनिदेव का तिल व तेल से अभिषेक किया गया। काली उड़द से बने पकवानों का भोग लगाया गया। शनिदेव को न्याय के साथ-साथ भाग्य विधाता भी कहा गया है। चूंकि वे मनुष्य को उसके कर्मो के मुताबिक फल देते है इसलिए उन्हें न्याय का देवता कहा गया है।

शनि जयंती पर कल सुबह से ही नगर के विभिन्न शनि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। लम्हेटा स्थित शनि मंदिर सदर बाजार स्थित भगवान शनिदेव और नवग्रह मंदिर श्री बगुलामुखी सिद्धपीठ स्थित नवग्रह में विराजमान शनिदेव, पुरानी चरहाई स्थित शनिदेव मंदिर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिरों में शनिस्त्रोत का पाठ किया गया। तिल और तेल से भगवान का अभिषेक किया गया। साथ ही मंदिरों में हवन पूजन और भंडारों के आयोजन हुए। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि शनि जयंती पर शनिदेव की आराधना करने से शनिदेव प्रसन्न होते है और अभीष्ठ फल प्रदान कर सुख शांति समृद्धि जीवन पर्यन्त प्रदान करते है।



### शनि धाम तिलवारा घाट में हुआ महाअनुष्ठान

श्री शनिधाम तिलवारा घाट स्थित प्राचीन शनि देव मंदिर में श्री शनि प्रकटोत्सव महापर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। जबलपुर के सबसे प्राचीन नर्मदा तट पर स्थित शनि धाम तिलवारा घाट में शनि देव महाराज की जयंती के अवसर पर पं सतीश महाराज, पं अनिल मिश्रा ने प्रातः ब्रम्ह मुहूर्त में अभिषेक पूजन कराया। 8 बजे से श्री राम चरित मानस पाठ प्रारंभ हुआ। भगवान शनि देव का महाभिषेक, श्रृंगार, महाआरती, 56 भोग अर्पित किये गए। आयोजन की श्रृंखला में आज 28 मई को प्रातः 8 बजे से श्रीराम चरित मानस विश्राम, सुंदर काण्ड पाठ हवन-यज्ञ आरती प्रसाद वितरण होगा। पं सतीश महाराज ने शनि जयंती पर विशेष रूप से सरसों तेल से बना हुआ महाभोग भक्त जनों को दिन भर अनवरत वितरित किया। श्री शनिधाम तिलवारा मे इस अवसर पर पं सतीश महाराज, पं. अनिल मिश्रा, नितिन शर्मा ,विध्येश भापकर , नितिन भाटिया ,संजय तिवारी ,शुभम तिवारी, सोनू कुररिया, राज सिंह,नितेश राजपूत, हितेश पटेल, विवेक पाण्डेय, राकेश कुशवाहा , शिवा तिवारी, अशोक साहू, गणेश साहू, विजय पटेल, विजय ठाकुर,राजकुमार पटेल, लक्ष्मण पटेल, गौरव सेनी, ब्रजेश कुशवाह, सिद्धांत विनायक , करण भट्टाचार्य ,पट्टू उर्प्रीत, मनीष साहू ,आशीष विश्वकर्मा , रितेश शुक्ला ,ईश्वर दास ,अमित पटेल,मुकेश राठौर,अभिषेक ठाकुर , संदीप साहू ईशान शर्मा, सौरभ कुशवाहा , सचिन खटीक, मनोज ठाकुर, गेंदूलाल सेन ,भूरा जैन ,प्रदीप साहू आदि उपस्थित थे।

## चेम्बर की पहल पर अब 10 ट्रांजेक्शन के बाद देय होगा शुल्क

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को भारतीय रिजव बैंक से प्राप्त पत्रानुसार दस संचालन को निःशुल्क रखते हुए अतिरिक्त संचालनों पर शुल्क लगाने की जानकारी दी गई है। इस सम्बन्ध में ज्ञात हो कि महाकोशल चेम्बर द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को पत्र प्रेषित करते हुए बैंकों के पैसे निकालने पर फ्री लिमिट खत्म होने के बाद पूर्व के शुल्क 17 रुपए की जगह 19 रुपए निर्धारित किया गया था। इसके साथ ही बैलेंस इन्क्वायरी का चार्ज 06 रुपए से बढ़ाकर 07 रुपए किया गया है। महाकोशल चेम्बर द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को पत्र प्रेषित करते आपत्ति उठाई गई कि एक ओर तो भारत सरकार के मुद्रा विनिमय के डिजिटलाईजेशन का अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत आल टाइम मनी की स्थापना एवं संचालन को प्रारंभ किया गया। जिससे नगद भुगतान प्राप्त करने हेतू खाताधारक इन से भुगतान प्राप्त कर सके व इसके परिपेक्ष में संबंधित बैंकों पर अनावश्यक कार्यालीन भार में कमी लाई जाये। नगद भुगतान प्राप्त करने खाताधारकों के खाते में समुचित जमा राशि आवश्यक है जिस पर की बैंक द्वारा रेपो के तहत ब्याज का लाभ प्राप्त किया जाता है। इस प्रकार बैंकों का कार्यालीन खर्च कम होने एवं रेपो ब्याज सहित दोहरा लाभ प्राप्त होता है अतः बैंकों में अपने स्वयं की जमा राशि निकालने पर शुल्क लगाया जाना अव्यौवहारिक है, इसे समाप्त किए जाने की मांग की गई थी। चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र, कोषाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल, सहमंत्री गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, समन्वयक राजेश चण्डोक, संगठन मंत्री अनिल जैन पाली, संयोजन मंत्री समीर पाल ने भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य बैंकों पर शुल्क लगाने पर पुनः विचार कर निर्णय को वापिस लेने की गुजारिश की है।



# मजदूरों के लिए लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**मयूर मेमोरियल ट्रस्ट और भूमिका फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम**

**जबलपुर।** मयूर मेमोरियल ट्रस्ट एवं भूमिका फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान में चुंगी चौकी लालमाटी में श्रमिक वर्ग के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं को लाभ पहुंचाना था। शिविर में लगभग 130 लोगों की जांच की गई और उन्हें विभिन्न परामर्श एवं सेवाएं प्रदान की गईं। विभिन्न परामर्श के विशेषज्ञ विद्वानों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर आलोक मिश्रा एवं टीम (देव जी अस्पताल से ), डॉ अविनाश बोस एवं डॉक्टर अंशुल गुलाटी (हितकारिणी डेंटल हॉस्पिटल से), डॉक्टर मालती भगत ,डॉक्टर दीपा अहिरवार टीम कैंप में मयूर मेमोरियल ट्रस्ट की प्रोजेक्ट मैनेजर ज्योति गौंटिया ने दी गई यह आयोजन समाज के वंचित वर्ग के स्वास्थ्य सशक्तिकरण हेतु किया गया है उन्होंने बताया की गया है कि ट्रस्ट इस प्रकार के जनहितकारी कार्य करता आ रहा है।शिविर में अतिथि के रूप में डॉक्टर कल्पना मिश्रा, सीके ठाकुर, संतराम रजक समाज सेवी उपस्थित सभी डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान मयूर मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव गोविंद बिसेन एवं टीम के सदस्य भूमि दुबे,आशा जायसवाल,शुभा मिश्रा, खुशी पटेल, अमन गुप्ता, आयुष कुमार,नवमिता ठाकुर,आयशी गौंटिया, अनामिका तिलगाम,संगीता थापा, सेजल सोनी, अपूरती द्विवेदी, अमन गहरवार, श्रीजा सिंह,मोहिनी ठाकुर, शानवी गौंटिया,आलोक कुरील द्वारा किया गया। डॉक्टरों का सहयोग और समाज की सेवा भावना से ये शिविर एक सफल जनहितकारी कदम रहा।

## नवोदित हॉकी खिलाड़ी इतिहास से भी हो रहे अवगत

जबलपुर।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में पाण्डुताल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण में नवोदित हाकी खिलाड़ी खेल की बारीकियों के साथ विश्व, देश व जबलपुर नगर के हाकी इतिहास की जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं।

प्रशिक्षण शिविर में प्रातः 6.00 से 8.30 बजे तक और शाम 5.00 से 7.00 बजे तक 18 नवोदित हॉकी खिलाड़ियों के साथ नियमित खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शर्विर में पांच लड़कियों ने भी उत्साह से अपनी सहभागिता दिखाई है। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रविष्ट हुई लड़कियों का कहना है कि महिला हॉकी में नगर की अविनाश सिद्धू और मधु यादव सहित अन्य कई महिला हॉकी खिलाड़ियों के योगदान व उनकी प्रसिद्धि को देख कर उन्होंने भी हॉकी में अपनी संभावनाएं देखी हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने शिविर का निरीक्षण कर सभी प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों का उत्साहवर्द्धन कर प्रोत्साहित किया।



# हथकरघा के ताने-बाने में स्वावलंबन

**श्रमदान अपनापन विक्रय केंद्र का शुभारंभ**

**जबलपुर।** शहर में पारंपरिक वस्त्र निर्माण परंपरा को जीवंत रखने श्रमदान अपनापन हथकरघा विक्रय केंद्र की शुरुआत नौदरा ब्रिज के पास हुई है। इसके जरिये कारागार के 450 बंदियों के साथ ही 1500 ग्रामीणों को आजीविका का महत्वपूर्ण आधार मिला है। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज की प्रेरणा से शुरू किए गए इस विक्रय सेवा केंद्र के जरिये बंदियों को आत्म निर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जस्टिस संजय द्विवेदी एवं पूर्व विधायक विनय सक्सेना उपस्थित थे।



संस्थान के ब्रम्हचारी गौरव भैया और रौनक भैया ने बताया कि, हथकरघा के जरिये कपड़ा बुनने की पुरानी विधि को जीवंत रखने के साथ ही विक्रय सेवा केंद्र के जरिए कई लोगों को लाभ होगा। जस्टिस संजय द्विवेदी ने इस प्रकल्प की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल वस्त्र विक्रय केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक पुर्ननिर्माण और पुर्नवास की एक मिशाल है। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि अनुसार यह अभिनव अभियान मध्यप्रदेश की 6 जेलों सहित तिहाड़ जेल (दिल्ली), सागर सेंट्रल जेल, बनारस सेंट्रल जेल, मिर्जापुर, आगरा एवं मथुरा जेल में जारी है। बताया गया है कि, इस अभियान के जरिए बंदी हथकरघा से कपड़ा बुनकर प्रति माह 8 हजार से 10 हजार तक की आय प्राप्त कर रहे हैं। हथकरघा के ताने-बाने में स्वावलंबन के संग संस्कृति की झलक है।

श्रमदान अपनापन न केवल 100 प्रतिशत हस्तनिर्मित, प्राकृतिक वस्त्रों की बिक्री का केंद्र है, बल्कि यह ग्रामीण भारत के पुनर्निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। शुभारंभ अवसर पर सामाजिक, अध्यात्मिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित रहीं।




## समाज सुधारक थी देवी अहिल्या बाई होल्कर

**जबलपुर।** उच्च शिक्षा विभाग की मंशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर, म.प्र. भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा "देवी अहिल्या बाई होल्कर" की 300वीं जंयती के अवसर पर व्याख्यान, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवी अहिल्याबाई द्वारा महिला उत्थान के लिए महिला स्व-सहायता समूह के निर्माण एवं उनको प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सशक्त नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुये उनके विचार एवं दर्शन के बारे में बताया।

इस अवसर पर डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. स्मिता बेलवंशी, डॉ. मानवेन्द्र सिंह यादव, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. नजमुनिशा, डॉ. मिर्जा अख्तर बेग, डॉ. साजिदा खान, मनीष कुमार रघुवंशी के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## डाक्टरों ने मनाया ऑपरेशन सिंदूर का जश्न



**जबलपुर।** आमतौर पर क्लिनिक और अस्पताल तक व्यस्त रहने वाले डाक्टर्स ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न हाथों में तिरंगा लेकर मना रहे हैं. सदर में इकट्ठा हुए शहर के इन नामवर डाक्टरों ने सेना के सम्मान में सलामी दी और कुछ वीर सैनिकों को शौर्य सम्मान से नवाज़ा. मानव अधिकार व अपराध नियंत्रण संगठन एवं पीएमपी चिकित्सा एसोसिएशन के बैनरतले आयोजित किए गए कार्यक्रम के दौरान डाक्टरों ने ज़रूरत पड़ने पर सरहद पर जाकर सैनिकों की निःशुल्क चिकित्सा सेवा करने का संकल्प लिया. इस मौके पर केन्ट विधायक अशोक रोहाणी, मानव अधिकार संगठन के अध्यक्ष समाजसेवी डा. अजय कुमार वाधवानी, डा. अभिषेक जैन, डा. अभिजीत जैन, डा. आशीष डेंगरा, डा. सरिता साहू, डा. मुकेश पाण्डेय, डा. शशिकांत साहू, डा. आरके. मिश्रा, डा. मकसूद चिश्ती, एड. आशीष त्रिपाठी, संजय जैन आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# कृषि विवि में हुई वार्षिक-प्रक्षेत्र समीक्षा बैठक

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रक्षेत्र संचालनालय के सौजन्य से विश्वविद्यालय के मंथन हॉल में वार्षिक-प्रक्षेत्र समीक्षा बैठक कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं संचालक अनुसंधान सेवाएं, डॉ. जी.के कौतू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय की पहचान विभिन्न प्रक्षेत्रों में तैयार किये हुए बीज से मध्यप्रदेश में ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जानी जाती है। समस्त प्रक्षेत्र प्रभारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वह अपने सीमित साधनों का समुचित उपयोग करते हुए अपने तकनीकि ज्ञान से बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रक्षेत्रों की उत्पादकत को बढ़ाऐं। इस अवसर पर डॉ. जी.के.कौतू ने कहा कि विभिन्न प्रक्षेत्रों में अनुसंधान की दिशा में स्थानियता को ध्यान में रखते हुए फसलवार बेहतर प्रयोग स्थापित करने का सार्थक प्रयास किया जाना चाहिए। संचालक प्रक्षेत्र डॉ. श्रीमति अनिता बब्बर ने प्रक्षेत्र प्रभारियों को उत्तम प्रजनक बीज उत्पादन हेतु समुचित मार्गदर्शन प्रदान किया साथ ही बीज उत्पादन के दौरान ध्यान में रखने योग्य विशेष सावधारियों का भी जिक्र किया। इस बैठक में लगभग 26 प्रक्षेत्रों के प्रभारियों ने 2024-25 की वार्षिक प्रगति एवं आगामी वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना को पॉवर प्वाईंट के माध्यम से विधिवत और बेहतर तरीके से प्रदर्शित किया। विभिन्न फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता को कैसे बढ़ाया जाए इस पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, संचालक विस्तार सेवाऐं डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, लेखा नियंत्रक श्रीमती संजू तिवारी, विभागाध्यक्ष, समस्त प्रक्षेत्र प्रभारी एवं अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





## मोक्ष ने किया 3 शवों का अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** मोक्ष मानव सेवा एंव जनउत्थान समिति ने कल तीन शवों का अंतिम संस्कार किया वहीं एक बीमार युवक व वृद्ध महिला को आश्रय दिया। अनूपपुर निवासी स्वरूप सिंह व उनकी पत्नी बबली बाई कल अपने दो वर्ष के बच्चे की पार्थिव देह लेकर शव का अंतिम संस्कार करने आर्थिक मदद का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही इसकी सूचना मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर को मिली। उन्होंने मोक्ष के कार्यकर्ताओं के साथ मासूम का तिलवारा में अंतिम संस्कार कराया। इसी तरह रिमझा निवासी 75 वर्षीय रामभरोसे का अंतिम संस्कार मोक्ष ने तिलवारा मुक्तिधाम में किया। एक 32 वर्षीय बीमार युवक व वृद्ध महिला को मोक्ष ने अपने आश्रय स्थान में शरण दी।



## जनकपुरी टाउनशिप पहुंचे जगत के पालनहार

**कलश यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब**

जबलपुर। जनकपुरी प्रीमियम टाउनशिप स्थित श्री राम दरबार मंदिर में प्रभु श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें प्रातः 10 बजे प्रीति कुंज परिसर (कोरलबुड) से हजारों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर यात्रा में शामिल हुई। वहीं पुरुष सनातनी वेशभूषा में यात्रा में शामिल हुई। जिसकी अगुवाई द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती जी महाराज ने की। भव्य कलश का जगह - जगह स्वागत किया गया। जिसमें चहुंओर जय जय सियाराम का जयघोष गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी,ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने सभी को आशीष प्रदान किया। जनकपुरी प्रीमियम टाउनशिप के पंकज पांडेय ने बताया कि श्री राम दरबार मंदिर का निर्माण सनातन धर्म का प्रचार और प्रभु की भक्ति,सेवा के लिए किया गया है। जिसमें श्री राम दरबार में प्रभु श्री राम,भैया लक्ष्मण,मां सीता सहित सेवन श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापित होने को है। साथ ही इस कलश यात्रा शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भारी मात्रा मे शामिल हुए।

## वरिष्ठजनों को रेल सुविधाओं में पूर्वानुसार छूट प्रदान करने की मांग

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने श्री अश्विनी वैष्णव को पत्र प्रेषित करते हुए मांग रखी गयी है कि रेल मंत्रालय द्वारा पूर्वानुसार वरिष्ठ नागरिकों को क्रमशः 40 प्रतिशत एवं 50 प्रतिशत की छूट के बाद लोअर बर्थ प्रदान करने का प्रवधान था। जिसे किन्हीं कारणोंवश स्थगित किया गया। इस क्रम में वरिष्ठ नागरिकों को पूर्वानुसार छूट प्रदान करने का कष्ट करें। वैसे भी उम्र के इस पड़ाव में वरिष्ठ नागरिकों को अधिक सुविधा की आवश्यकता होती है। वर्तमान में चेम्बर के संज्ञान में आया है कि रेल मंत्रालय में यह सुविधा केवल साधारण एवं स्लीपर कोच में प्रदान किया जायेगा परंतु समाज के अति विशिष्ट प्रबुद्ध वरिष्ठ जनों की पूर्ववत वातानुकूलित श्रेणी में भी छूट प्रदान की जायें। चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नागदेव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र, कोषाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल, सहमंत्री गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, समन्वयक राजेश चण्डोक, संगठन मंत्री अनिल जैन पाली, संयोजन मंत्री समीर पाल रेल मंत्रालय द्वारा छूट की घोषणा की मांग की है ।

## मुख्यमंत्री को भेड़ाघाट नगर परिषद अध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपा

**भेड़ाघाट।** मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव का भेड़ाघाट आगमन पर चर्चा उपरांत नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, पूर्व अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी, उपाध्यक्ष श्री जगदीश दाहिया विधायक प्रितिनिधि श्री ओमनारायण दुबे द्वारा भेड़ाघाट क्षेत्र के लम्हेटाघाट, गोपालपुर के मंदिरों के सौंदर्यीकरण के संबंध में पत्र सौंपा गया एवं भेड़ाघाट, लम्हेटाघाट, गोपालपुर घाट के समग्र विकास के लिये मुख्यमंत्री को अवगत कराया।



परीक्षाओं का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे

# पांचवीं और आठवीं कक्षा की पुनः परीक्षाएं 2 जून से
# राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी की संशोधित समय-सारणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

राज्य शिक्षा केंद्र, मध्यप्रदेश द्वारा कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों के लिए सत्र 2024-25 की पुनः परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। अब यह परीक्षाएं 2 जून 2025 से प्रदेशभर के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

यह पुनः परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए रखी गई है जो मार्च-अप्रैल माह में आयोजित मूल्यांकन परीक्षा में न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त नहीं कर सके थे या किसी विशेष कारणवश परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाए थे। राज्य शिक्षा केंद्र का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अगली कक्षा में प्रोन्नति से वंचित न रह जाए। इस परीक्षा के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक क्षमताओं को पुनः सिद्ध करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और वे अपने शैक्षणिक सफर को सुचारु रूप से आगे बढ़ा सकेंगे।

## ये है पांचवी की समय सारणी

डीपीसी ने बताया पांचवीं कक्षा के लिए संशोधित समय-सारणी के अनुसार, दो जून को प्रथम भाषा जैसे हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू एवं मराठी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके बाद तीन जून को गणित की परीक्षा होगी, जिसमें दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए संगीत विषय का विकल्प भी रखा गया है। चार जून को पर्यावरण



अध्ययन, पांच जून को द्वितीय भाषा (अंग्रेजी या हिंदी), तथा छह जून को तृतीय भाषा जैसे हिंदी, संस्कृत, उर्दू या पंजाबी की परीक्षाएं होंगी।

## आठवी के एग्जाम 9 जून तक

आठवीं कक्षा की परीक्षाएं भी दो जून से शुरू होंगी। पहले दिन प्रथम भाषा (हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी) की परीक्षा होगी। तीन जून को गणित, चार जून को विज्ञान, पांच जून को सामाजिक विज्ञान, छह जून को द्वितीय भाषा और नौ जून को तृतीय भाषा की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। तृतीय भाषा में संस्कृत, हिंदी, उर्दू, मराठी, उड़िया, पंजाबी और गुजराती जैसे विकल्प विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## दिशा निर्देश जारी किए

परीक्षा के सफल संचालन को सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा विभाग ने समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों, विद्यालय प्रमुखों और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग ने परीक्षा के दौरान पूर्ण अनुशासन, गोपनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष बल दिया है। परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है।

## आत्मविश्वास व एकाग्रता बनाए रखे

इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से यह अपील की है कि वे परीक्षा की तिथियों को गंभीरता से लें, समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचें और परीक्षा की संपूर्ण तैयारी करें। विद्यार्थियों को यह भी सलाह दी गई है कि वे परीक्षा के समय संयम, आत्मविश्वास और एकाग्रता बनाए रखें ताकि वे अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकें।

## दोबारा मिल रहा खुद को साबित करने का मौका

राज्य शिक्षा केंद्र का यह प्रयास उन विद्यार्थियों के लिए एक नया अवसर है, जो किन्हीं कारणों से पहले सफल नहीं हो पाए थे। यह कदम न केवल विद्यार्थियों को दोबारा खुद को साबित करने का मौका देता है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में समावेशिता और समान अवसरों की दिशा में एक सकारात्मक पहल भी है। परीक्षा परिणामों के आधार पर योग्य विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश मिलेगा, जिससे उनका शैक्षणिक सफर बिना किसी बाधा के आगे बढ़ सकेगा।

# फसलों में ज्यादा यूरिया का उपयोग बना रहा मिट्टी को बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर।



कृषि भूमि में यूरिया का अत्यधिक इस्तेमाल मिट्टी की सेहत बिगाड़ रही है। जमीन में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश और जिंक की कमी होने लगी है। इसके साथ ही मानव स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। किसानों का असंतुलित खाद डालने का लोभ सब पर भारी है। मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला की वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

इस पर कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने चिंता जाहिर करते हुए किसानों को संयमित व्यवहार करने की सलाह दी है। खरीफ सीजन अगले माह 15 जून को मानसूनी बारिश के साथ शुरू हो जाएगा।

### मानव स्वास्थ्य पर असर

किसानों को मक्का समेत अन्य फसलों में एक एकड़ में दो बोरी यूरिया की जरूरत है। वे ज्यादा उत्पादन के लोभ में बेहिसाब 5-6 बोरी तक इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे पौधे की ग्रोथ समय से ज्यादा होने पर फसल लेट रही है। फसल की लागत भी दोगुनी हो रही है। ये उपज जब मानव आहार बनती है तो उनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है।

### अपचन, गैस समेत कैंसर से बदला खान-पान का ट्रेंड

खेती में रासायनिक खाद के अत्यधिक इस्तेमाल से जैसे-जैसे अपचन, गैस, कैंसर की बीमारियां सामने आ रही है, वैसे-वैसे खान-पान का पुराना ट्रेंड वापस लौट रहा है। सरकार भी प्राकृतिक खेती को बढ़ाने का लक्ष्य तय कर रही है। लोग चाहते है कि उन्हें स्वस्थ अनाज का भोजन मिले। वे जैविक सब्जी-अनाज ढूंढ रहे हैं।

### मृदा कार्बनिक के साथ जिंक की सर्वाधिक कमी

रिपोर्ट के अनुसार जिले के किसानों से उनके खेतों की मिट्टी के नमूने लिए गए। इनमें सबसे ज्यादा मृदा कार्बनिक व जिंक तत्व की कमी पाई गई है। शेष तत्व आयरन, मैगनीज, कॉपर, सल्फर और बोरान की स्थिति संतोषजनक है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश की कमी भी बनी हुई है, जिसे किसान अनदेखा कर रहे हैं।

### एनपीके और जिंक के संतुलित इस्तेमाल से सुधार

खेती में यूरिया के इस्तेमाल से केवल नाइट्रोजन और डीएपी से नाइट्रोजन, फास्फोरस की पूर्ति होती है। पोटाश, जिंक की कमी बनी रहती है। वैज्ञानिकों के अनुसार यदि किसान एनपीके और जिंक का संतुलित इस्तेमाल कर लें तो मिट्टी की सेहत सुधर सकती है।



# शनि मंदिरों में दिनभर लगा रहा भक्तों का तांता

**सिहोरा**। शनि जयंती पर नगर उपनगर के सभी शनि मंदिरों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। पुजारी पंडित रामकुमार उपाध्याय ने बताया सुबह से भक्त गण भगवान शनिदेव का पूजन अर्चन अभिषेक करने आतुर नजर आये। भीड़ इतनी अधिक थी की सभी भक्तगणों ने कतारबद्ध होकर पूजन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। नगर के सिविल कोर्ट के पास,दुर्गा मंदिर एंव रेलवे स्टेशन के पास स्थित शनि मंदिरों में न्याय के देवता का पूजन अर्चन करने सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा तथा दिनभर भंडारे के प्रसाद का वितरण चलता रहा भक्तों के लिए कोर्ट के सामने स्थित शनि मंदिर विशेष महत्व रखता है जिस कारण हर शनिवार को भगवान को तेल एंव अन्य सामग्री अर्पित करने भक्तों की लाइन लगी रहती है। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्य जगदीश दुबे,मक्खन पटेल,राकेश यादव,पप्पू सैनी,मुकेश विश्वकर्मा,लवकुश श्रीवास,पिंकू दाहिया,प्रकाश सेन आदि का योगदान रहा।

# साथी अभियान चलाने हुई आवश्यक बैठक

**बरगी नगर**। सुप्रीम कोर्ट की पहल तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की न्यायाधीश सचिव श्रीमती शक्ति वर्मा के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में अभियान कार्यक्रम चलाए जाने के संबंध में सच्चा प्रयास समिति बरगी नगर के संयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग बरगी के साथ एक आवश्यक समन्वय बैठक का आयोजन बरगी नगर में किया गया। बैठक में परियोजना अधिकारी गौरी शंकर लौवंशी, सुपरवाइजर कल्पना नामदेव,श्रीमती अर्चना ढोके पर्वेक्षक बरेला, श्रीमती अंकिता अंबाडे पर्यवेक्षक सुकरी ,श्रीमती गीता कुरील पर्यवेक्षक सालीवाडा गौर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मैडम श्रीमती रेनू वर्मा की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। अभियान की जानकारी देते हुए बैठक में उपस्थित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को परियोजना अधिकारी श्री लौवंशी तथा श्री खान ने बताया गया कि बेसहारा बच्चों को उनकी पहचान दिलाने की पहल की गयी है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर डालसा के द्वारा साथी अभियान के तहत जिले के सुदूर क्षेत्र के आदिवासी, एवं अन्य सभी गांव में यह अभियान चलाया जायेगा. इस कड़ी में महत्वपूर्ण भूमिका पैरा लीगल वॉलिंटियर्स मित्रों तथा सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं की रहेगी।टीम में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता तथा पी एलबी मित्र अपने क्षेत्र में पड़ने वाले पोषक क्षेत्र में उन बच्चों को पहचान करेंगे, जिनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं. या फिर किसी कारण से उनके दूर हैं।

विगत ढेड़ साल से भाजपा नेता जिला का आश्वासन बस दे रहे

# प्रदेश कार्य समिति सदस्य के घर के बाहर हुआ शंख-घंटा बजाकर प्रदर्शन

हरिभूमि सिहोरा।

सिहोरा को जिला बनाने की मांग पर लगातार प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों ने आज अपना चौथा प्रदर्शन भी जारी रखा। आंदोलन समिति के सदस्यों ने भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजा मोर के बस स्टैंड सिहोरा स्थित आवास के बाहर घंटो तक शंख घंटा बजाकर सिहोरा जिला मामले में उनकी चुप्पी पर कड़ा प्रहार किया ।समिति ने प्रश्न उठाया कि सिहोरा से राजनैतिक और आर्थिक पहचान प्राप्त करने के बाद भी सिहोरा जिला मुद्दे पर वे मौन क्यों है?



### विधायक के नेतृत्व में प्रयास जारी

प्रदर्शन कर रहे समिति के सदस्यों से प्रदेश कार्य समिति सदस्य ने कहा कि सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े के नेतृत्व में सिहोरा को जिला बनाने की प्रक्रिया हेतु संपूर्ण सिहोरा भाजपा प्रयासरत है।हमारा प्रयास है कि सिहोरा जिला का प्रस्ताव जबलपुर कलेक्टर से पुनर्गठन आयोग एवं सरकार को भेजा जाए।

### संतुष्ट नहीं हुए प्रदर्शनकारी

प्रदेश कार्य समिति सदस्य द्वारा दिए गए आश्वासन से समिति के सदस्य संतुष्ट नहीं हुए ।उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद से लगातार डेढ़ वर्षो से इस तरह के आश्वासन भाजपा के पदाधिकारियों और विधायक द्वारा दिए जा रहे है परंतु आज दिनांक तक कोई भी आश्वासन पूर्ण नहीं किया गया। इसलिए वे अपने प्रदर्शन पर कायम है।समिति ने कहा कि 6 जून को सिहोरा में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा । आज बुधवार को पूर्व मंडल अध्यक्ष माधव मिश्रा के घर के बाहर प्रदर्शन किया जायेगा।

### इनकी रही उपस्थिति

प्रदर्शन के दौरान समिति के नागेंद्र कुररिया, अनिल जैन, विकास दुबे, संतोष पांडे, रामजी शुक्ला, प्रदीप दुबे ,रामजी शुक्ला,संजय पाठक, संतोष तिवारी, कुक्कू गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास, रामनरेश चौबे, निसार अहमद, मोहन सोंधिया, शरद सेठ, नत्थू पटेल सहित अनेक सिहोरा वासी मौजूद रहे।

# बच्चे-युवा सीख रहे राष्ट्रीय खेल की बारीकियां

**जबलपुर**। शासकीय विज्ञान महाविधालय के हॉकी ग्राउंड में खेल युवक कल्याण विभाग के मार्गनिर्देशन में व मार्बल रॉक हॉकी क्लब एवं शासकीय विज्ञान महाविधालय के संयुक्त तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 01.05.2025 से नियमित रुप से जारी है। इस शिविर में 05 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के बालक-बलिकाएँ भाग ले रहे है शिविर के दौरान बच्चों को हॉकी की बेसिक बारीकियॉ सिखलाई जा रही है जैसे – स्टापिंग, हिटिंग, पुशिंग, ड्रिबलिंग, पेनाल्टी कार्नर, स्कूप, प्लेयिंग पोजीशन के साथ-साथ हॉकी के वर्तमान नियमों एवं मैच खेलने की तकनीक को सिखाया जा रहा है। शिविर में भाग ले रहे बच्चों को हॉकी की ट्रेनिंग के साथ-साथ अनुशासन व शिक्षा पर विशेष तौर से बताया जा रहा है हॉकी शिविर में भाग ले रहे बच्चों को कोच एल्विन सुशील कुमार पूर्व रेलवे खिलाड़ी व अशरफ अली मध्य प्रदेश पुलिस नियमित रुप से प्रतिदिन प्रशिक्षण दे रहे है। शिविर के दौरान समय-समय पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी औंकार दुबे (क्रीड़ा अधिकारी) द्वारा अपने अनुभवों का लाभ शिविर में भाग ले रहे बच्चों को दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर को संचालित करने में वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ रमेश शुक्ला, मार्बल रॉक क्लब के अध्यक्ष अजय मार्को, हॉजी सैय्यद हैदर अली लायन पप्पी खान, डॉ विशाल बन्ने, डीएसपी प्रभुल्ल श्रीवास्तव, आरिफ अली, जय रोहाणी, हसन अली, आकाश रैकवार, असलम अली, डेनिस लाल, रजनीश गौतम, अफसर अली का विशेष योगदान दे रहे है।



# लोक कल्याण के लिए पहल: सरस्वती घाट एवं पंचवटी घाट पर बनाए गए चेंजिंग रूम

**भेड़ाघाट**। महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरस्वती घाट एवं पंचवटी घाट, भेड़ाघाट में 5 चेंजिंग रूमबनाए गए। यह कार्य महंत श्री दत्त जी महाराजकी प्रेरणा से अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद की जबलपुर जिलाध्यक्ष ममता दिवाकर पयासी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इन चेंजिंग रूमों को भेड़ाघाट नगर परिषद को औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी पार्षद संध्या सिंह,विधायक प्रतिनिधि ओम नारायण दुबे जिला उपाध्यक्ष पंडित अंजू भार्गव MIC सदस्य एवं पार्षद पंडित सुभाष तिवारी, पंडित संदीप गुरु, पंडित राम विनय करसोलीया, पंडित राघवेंद्र शुक्ल, पंडित शिव कुमार त्रिपाठी, घनश्याम बबेले, पंडित भगवती भारद्वाज, पंडित पुष्पा दुबे, पंडित राम दुबे, कपिल दुबे , संजय गौतम, शक्ति शुक्ला, कृष्णकांत दुबे (सपरिवार), एडवोकेट विनय पांडे (सपरिवार), दिवाकर पयासी समेत अनेक विप्र बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।



**श्रीमति कुसुम बड़ेरिया** - हाथीताल स्टेट बैंक कालोनी निवासी द्वारका प्रसाद बड़ेरिया की धर्मपत्नी राजेश बड़ेरिया, अवधेश बड़ेरिया की मां एवं शंभुदयाल बड़ेरिया की भाभी ओर राजीव बड़ेरिया, सौरभ बड़ेरिया की बड़ी मां श्रीमति कुसुम बड़ेरिया का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मुक्ति धाम हथियाल कॉलोनी में किया गया।

**श्रीमति बिसरती बाई श्रीवास**



-सिहोरा, वार्ड क्रमांक 11 वकर्शॉप निवासी श्रीमती बिसरती बाई श्रीवास का 65 साल की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे प्यारेलाल श्रीवास की पत्नी एंव भगवानदास, संतोष श्रीवास की मां थी।

**श्री रमेश सोनी**- आईटीआई माढ़ोताल बुंदेला बाबा मंदिर के पास निवासी श्री रमेश सोनी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव चौधरी**- बाबा टोला निवासी श्री प्रेमलाल चौधरी के पुत्र श्री शिव चौधरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर




श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उमरावती देवी**- राजुल स्टेट परियट पनागर रोड निवासी श्री रामेश्वर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती उमरावती देवी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरेंद्र कुमार ग्रोवर**- प्रगति होम्स हाथीताल निवासी श्री नरेंद्र कुमार ग्रोवर (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ओपी लाल**- सुहागी स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक के पीछे निवासी श्री ओपी लाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री स्वर्ण कुमार वर्मा**- कांचघर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री धनीराम वर्मा के पुत्र श्री स्वर्ण कुमार वर्मा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेंद्र दुबे**- शक्तिनगर सैनिक सोसायटी निवासी श्री सुरेंद्र दुबे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पंचवटी चौधरी**- रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री रमेश प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती पंचवटी चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कविता गुप्ता**- ओझा कम्पाउंड राइट टाउन निवासी श्री पुनीत गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती कविता गुप्ता (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

# इल्म एक रोशनी है जिसकी उपस्थिति में आप अपना रास्ता ढूंढ सकते हैं : सिद्दीकी

**जबलपुर**। अल अजरा इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉमर्स जबलपुर की जानिब से मेघावी 12वीं छात्र छात्राओं को मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया उनकी हौसला अफजाई की गई इस अवसर पर बोलते हुए सीए सिद्दीकी जस्टिस एम एस ए सिद्दीकी फ़ाउन्डेशन ने कहा कि इल्म आपको रास्ता बताता है उसकी रोशनी में आप अपना रास्ता तय कर सकते हैं बगैर इल्म के इंसान अधूरा है वह अपनी मंजिल तक कभी नहीं पहुंच सकता उक्त उद्बोधन मुख्य अतिथि के रूप में अल अजरा इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉमर्स की सभा में संबोधित करते हुए कहे इसके साथ ही इब्राहिम मंसूरी असिस्टेंट मैनेजर यूनियन बैंक ने बच्चों के बीच अपने अनुभव शेयर किया और उनकी हौसला अफजाई की बच्चों के आगे के भविष्य के बारे में मालूमात शहजादा सलीम साहब ने दिए 12वीं के बाद बच्चों को क्या करना चाहिए इस सिलसिले में गाइडेंस दी अलीम मंसूरी सीए ने भी बच्चों को अपने भविष्य में यदि सीए करना चाहते हैं तो उनको गाइड किया न्याज हनफी साहब ने कहा कि तालीम अपनी जगह है लेकिन उसकी तालब की कोशिश ही आपको कामयाब करेगी समाजसेवी इरफानुलहक अंसारी ने अपनी बात रखते हुये कहा की कुरबानी के बाद ही सफलता हासिल होती है अलीमा अख्तर, अल्फिया एमान, शाइफा अली ,निशात अली, सानिया आदि को मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया अल अजरा इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉमर्स के संचालक जावेद हनफी ने इस प्रोग्राम का आयोजन किया सभा का संचालन कुमारी आरिशा और फैसल ने किया इस सफल आयोजन मैं मंसूरी एजुकेशन सुसाईटी के सचिव महमूद भारती का सहयोग रहा आयोजन मैं विशेष रूप से मास्टर सत्तार खान गोल्ड मैडिलिस्ट आदि उपस्थित रहे।

# बाईक की टक्कर से लूना सवार घायल

**जबलपुर**। रांझी थाना अतंर्गत बड़ा पत्थर में एक बाईक ने एक लूना में सामने से टक्कर मार दी, जिससे लूना सवार युवक घायल हो गया और उसकी लूना भी क्षतिग्रस्त हो गई। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ा पत्थर रांझी निवासी 44 वर्षीय चंद्रकिशोर रैकवार गत रात लगभग 9 बजे अपनी लूना टीव्हीएस एक्सल क्रमांक एमपी 20 एस क्यू 1185 से फेरी लगाकर आईसक्रीम बेचते हुए रक्षानगर से घर जा रहा था।

# नाबालिग पर बदमाशों ने किया तलवार से हमला

**जबलपुर**। हनुमानताल थाना अतंर्गत सरकारी कुआं काली मंदिर के पास एक 15 वर्षीय बालक पर एक्टिवा में आए तीन अज्ञात बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपए की मांग कर तलवार से हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौतमनगर बेलबाग निवासी 15 वर्षीय मोह. रियान देर रात लगभग 12.15 बजे सरकारी कुआं काली मंदिर के पास से मटका फुल्की लेकर वापस घर आ रहा था, तभी काली मंदिर के पास रोड़ में सफेद रंग की एक्टिवा में तीन अज्ञात व्यक्ति आये जो उसे देखकर गाड़ी रोके और उससे शराब पीने के लिये पैसो की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर तीनों गाली गलौज करने लगे और एक्टिवा में पीछे व्य0क्ति ने तलवार से उसकी हाथ की कलाई पर हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर**। पनागर थाना अतंर्गत मुड़िया रोड पनागर में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजपुर बाबली अधारताल निवासी 38 वर्षीय उमेश कोल उर्फ उसली कोल का देर रात लगभग 1 बजे मुड़िया रोड पनागर में एक्सीडेंट हो जाने की सूचना मिलने पर उसका छोटा भाई मुकेश कोल परिवार सहित मौके पर पहुंचा और अपने बड़े भाई उमेश कोल को घायल अवस्था में उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पनागर लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टर ने चैक कर उमेश कोल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/19-20/ दिनांक 27-05-2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति काजल दीवान पति श्री योगेश चन्द दीवान ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक -1056/76 मॉडल टाउन बिलहरी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000386139 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 900 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 680 वर्गफुट, प्रथम तल 540 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अनिल सुनील सुलख्यिा पिता श्री जगदीश प्रसाद सुलख्यिा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

## खबर संक्षेप



### प्रोस्टार्म इंफो के आईपीओ को 3.54 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** एकीकृत बिजली समाधान कंपनी प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंगलवार को बोली के पहले दिन ही पूर्ण अभिदान मिल गया। पहले दिन कंपनी के आईपीओ को कुल मिलाकर 3.54 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 168 करोड़ रुपये की आरंभिक शेयर बिक्री में 1,12,00,000 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 3,97,02,916 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं।

### केईसी इंटरनेशनल का मुनाफा 76 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण कंपनी केईसी इंटरनेशनल का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 76 प्रतिशत बढ़कर 268 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष इसी तिमाही में मुनाफा 152 करोड़ रहा था। बयान के अनुसार, केईसी इंटरनेशनल का समीक्षाधीन अवधि में राजस्व सालाना आधार पर 11.46 प्रतिशत बढ़कर 6,872 करोड़ रुपये हो गया। कर पूर्व आय भी बढ़कर 539 करोड़ रुपये हो गई। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 347 करोड़ रुपये से 64.55 प्रतिशत बढ़कर 571 करोड़ रुपये हो गया।

### वीनस पाइप्स का मुनाफा घटकर 23.7 करोड़ रुपए


**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील पाइप एवं ट्यूब विनिर्माता और निर्यातक वीनस पाइप्स एंड ट्यूब्स लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में मुनाफा 23.7 करोड़ रुपये रहा है, जो



पिछले वर्ष की इसी अवधि में 25 करोड़ रुपये था। वीनस पाइप्स एंड ट्यूब्स लिमिटेड की ओर से मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 258.1 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 224.1 करोड़ रुपये था।

### बोराना वीव्स का शेयर 12.5 फीसदी चढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** बोराना वीव्स लिमिटेड का शेयर 216 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 12.5 प्रतिशत की तेजी के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। उच्च गुणवत्ता वाले 'माइक्रोफिलामेंट' के




बुने हुए कपड़े बनाने वाली कंपनी के शेयर ने बीएसई पर निर्गम मूल्य से 12.5 प्रतिशत की तेजी के साथ 243 रुपये पर शुरुआत की। बाद में यह 18.10 प्रतिशत चढ़कर 255.10 रुपये पर आ गया। एनएसई पर शेयर 243 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 679.72 करोड़ रुपये रहा।

### बीएसएनएल ने 280 करोड़ रुपए का मुनाफा किया दर्ज

**नई दिल्ली।** सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 280 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि यह लगातार




दूसरी तिमाही है, जब वह लाभ में रही है। कंपनी को एक साल पहले इसी अवधि में 849 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, ''वर्ष 2007 के बाद 18 साल में पहली बार कंपनी को लगातार दो तिमाहियों में शुद्ध मुनाफा हुआ है।'' कंपनी ने तीसरी तिमाही में 262 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

# जियोब्लैकरॉक को म्यूचुअल फंड कारोबार के लिए सेबी की हरी झंडी

## जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की अनुषंगी कंपनी को मिली मंजूरी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) की अनुषंगी कंपनी को म्यूचुअल फंड कारोबार के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट, जियो फाइनेंस सर्विसेज लिमिटेड और ब्लैकरॉक कंपनी का 50:50 का सयुंक्त उद्यम है। जेएफएसएल ने बयान में कहा, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने 26 मई, 2025 के पत्र के जरिये 'जियोब्लैकरॉक म्यूचुअल फंड' को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया है। स्वामीनाथन ने अपनी नियुक्ति पर कहा,'' मुझे जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट का नेतृत्व करने और निवेशकों की निवेश क्षमता को बढ़ाकर, भारत में संपत्ति प्रबंधन को नई दिशा देने का सम्मान मिला है। जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट का लक्ष्य पूरे भारत में निवेशकों को संस्थागत गुणवत्ता वाले निवेश उत्पादों प्रदान करना है।''

### ब्लैकरॉक संपत्ति प्रबंधक के रूप में करेगी काम

जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को जियो ब्लैकरॉक म्यूचुअल फंड के लिए संपत्ति प्रबंधन कंपनी के रूप में कार्य करने की मंजूरी मिली है। जेएफएसएल की गैर-कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने कहा, ब्लैकरॉक के पास वैश्विक निवेश में विशेषज्ञता है तो जियो के पास डिजिटल-फर्स्ट इनोवेशन में... ब्लैकरॉक के साथ यह हमारी सशक्त साझेदारी है।




### स्वामीनाथन सीईओ नियुक्त किए गए

हम हर भारतीय के लिए निवेश को सरल, सुलभ एवं समावेशी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे विश्वास है कि जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट भारत में वित्तीय सशक्तीकरण के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बयान के अनुसार, जियोब्लैकरॉक ने सिड स्वामीनाथन को कंपनी का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है।

### शुरुआती निवेश 82.5 करोड़ रुपए

जेएफएसएल और ब्लैकरॉक ने इस इकाई में 82.5 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश किया है। जियो फाइनेंशियल और ब्लैकरॉक फाइनेंशियल मैनेजमेंट इंक ने म्यूचुअल फंड कारोबार शुरू करने के लिए अनुमति हासिल करने को 19 अक्टूबर, 2023 को सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए थे।

## इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनी के कार्यक्रम में संचार मंत्री बोले

# 'संपर्क' को वस्तु नहीं, संवैधानिक प्रतिबद्धता के रूप में लें दूरसंचार कंपनियां : सिंधिया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली


केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को संपर्क (कनेक्टिविटी) को केवल एक वस्तु के रूप में नहीं, बल्कि एक संवैधानिक प्रतिबद्धता के रूप में देखना चाहिए। साथ ही इसके लिए उन्हें सामर्थ्य, उपलब्धता, पहुंच व तेज डेटा गति जैसे प्रमुख कारकों को ध्यान में रखना चाहिए।

- कंपनियों को तेज डेटा गति जैसे कारकों को ध्यान में रखना चाहिए

इंटरनेट सेवा प्रदाता संस्था आईएसपीएआई और सरकार समर्थित निक्सी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि पांच दिन पहले भारत, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। उन्हें दूरसंचार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस होता है। हम 14 से 16 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ-साथ पूर्वोत्तर में 12-13 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

**खास**

- भारत पांचवी से चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया
- हम 14 से 16 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहे



**एमबीएम का सबसे बड़ा सरकारी निवेश :** मंत्री ने कहा कि 1,39,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन (एनबीएम) दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी निवेश है जो देश के कोने-कोने में प्रत्येक गांव तक नेटवर्क उपलब्ध कराएगा। सिंधिया ने कहा, '' प्रधानमंत्री ने संकल्प किया है कि एनबीएम 2.0 के माध्यम से हमें हर एक गांव को जोड़ना चाहिए।

### पहुंच गुणवत्ता व सुरक्षा पर हो विशेष ध्यान

*मंत्री ने कहा, '' ....आप भारत की डिजिटल ज्योति के रखवाले हैं। संपर्क को केवल एक वस्तु के रूप में नहीं, बल्कि एक संवैधानिक प्रतिबद्धता के रूप में देखें।'' उन्होंने दूरसंचार परिचालकों और इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) को सामर्थ्य, उपलब्धता, पहुंच, गुणवत्ता, सुरक्षा व कृत्रिम मेधा एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटीत) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।*

### भारत में एक डेटा की कीमत 287 रुपए हुआ करती थी

*मंत्री ने कहा कि भारत में जहां एक जीबी डेटा की कीमत 287 रुपये हुआ करती थी, वहीं वर्तमान में इसकी कीमत केवल नौ रुपये है। सिंधिया ने कहा, '' 11 सेंट पर, भारत आज दुनिया में सबसे सस्ता डेटा प्रदाता है। औसत वैश्विक लागत 2.59 अमेरिकी डॉलर है।'' उन्होंने कहा कि यदि डेटा तरल सोना या काला तेल है, तो भारत उस तरल सोने और काले तेल का गढ़ है।*

### एक दशक से 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ


मंत्री ने कहा, '' ऐसा कोई वजह मौजूद नहीं है कि भारत विश्व की डेटा राजधानी न बने। प्रधानमंत्री ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि यह भारत की सदी है, और यह वास्तव में भारत की सदी है...भारत एक दशक में दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।'' उन्होंने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं से देश भर में संपर्क का विस्तार करने के लिए ग्रामीण ब्रॉडबैंड परियोजना भारतनेट का लाभ उठाने को कहा।

### 100 एमबीपीएस की गति सुनिश्चित करनी होगी

लेकिन केवल हर एक गांव को ही नहीं, हमें हर एक स्कूल को भी जोड़ना होगा। हमें हर एक अस्पताल को जोड़ना होगा क्योंकि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा कि एनबीएम 2.0 ब्रॉडबैंड नेटवर्क का 95 प्रतिशत 'अपटाइम' (सेवा) और पूरे नेटवर्क में न्यूनतम 100 एमबीपीएस की गति सुनिश्चित करेगा।

# बैंक, आईटी शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स में 625 अंक की गिरावट

एजेंसी ▸▸| मुंबई



शेयर बाजार में पिछले दो दिन से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 624.82 अंक टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी 175 अंक के नुकसान में रहा। बैंक, आईटी तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया।

- निफ्टी में 175 अंक की गिरावट
- प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 624.82 अंक की गिरावट के साथ 81,551.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सेंसेक्स एक समय 1,054.75 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 174.95 अंक की गिरावट के साथ 24,826.20 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक में कारोबार के पहले चरण में तेज घट-बढ़ हुई। लेकिन बाद में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से यह नुकसान में रहा। इससे पहले, पिछले दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 1.5 प्रतिशत चढ़े थे। विश्लेषकों ने कहा कि बुधवार को अप्रैल महीने के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और शुक्रवार को मार्च तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ें जारी होने हैं। इन महत्वपूर्ण आंकड़ों से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

### इन शेयरों में रहा लाभ

*दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, नेस्ले और एशियन पेंट्स के शेयर लाभ में रहे।*

### अल्ट्राटेक व सीमेंट के शेयरों में रही गिरावट

*सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे अधिक 2.21 प्रतिशत और आईटीसी में 2.01 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) के शेयर भी नुकसान में रहे।*

# सोना 800 रुपए टूटा चांदी भी कमजोर



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा में सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इससे सोने में चार दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया।

- सोना घटकर 98,500 रुपए प्रति 10 ग्राम

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा, चांदी की कीमत मंगलवार को 1,370 रुपये घटकर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को चांदी की कीमत 1,00,370 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 45.03 डॉलर प्रति औंस या 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,296.92 डॉलर प्रति औंस रह गया।

### सुरक्षित संपत्तियों के मांग में कमी

कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी-जिंस शोध कायनात चैनवाला ने कहा, ''अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में तेजी लाने के लिए ब्रसेल्स के दबाव के कारण सोना 3,350 डॉलर प्रति औंस से नीचे कारोबार कर रहा है, जिससे सुरक्षित-संपत्तियों की मांग में कमी आई है।''

# नीलसॉफ्ट का आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

फुजिता कॉरपोरेशन समर्थित नीलसॉफ्ट लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज फिर से दाखिल किए हैं।




भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष सोमवार को दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ 90 करोड़ रुपये के नए शेयर और 80 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन होगा। कंपनी ने दिसंबर, 2024 में दस्तावेज दाखिल करने के समय 100 करोड़ रुपये के नए शेयर बेचने की जानकारी दी थी जिसे अब घटा दिया गया है। बाजार नियामक ने इस साल मार्च में उसके दस्तावेज लौटा दिए थे। प्रौद्योगिकी-संचालित इंजीनियरिंग सेवा एवं समाधान कंपनी नीलसॉफ्ट की योजना आईपीओ से हासिल राशि में से 69.63 करोड़ रुपये का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय के लिए और शेष राशि का उपयोग सामान्य कंपनी कामकाज के लिए करने की है।

# मस्क जून में अयोध्या के राम मंदिर का दर्शन करेंगे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अरबपति कारोबारी एलन मस्क के पिता एरोल मस्क जून में अपने भारत दौरे के दौरान अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन करेंगे। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह घरेलू कंपनी सर्वोटेक के वैश्विक सलाहकार बोर्ड में शामिल हैं।

- मस्क के पिता एरोल आएंगे दर्शन के लिए

एरोल ने अपनी भारत यात्रा के दौरान व्यापार से जुड़ी विभिन्न बैठकों में भाग लेने का कार्यक्रम बनाया है। उनका पांच दिवसीय भारत यात्रा एक जून से शुरू होकर छह जून तक चलेगी, जिसके बाद वह दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होंगे। इस घटनाक्रम से अवगत लोगों ने कहा, ''(एरोल) मस्क के दौरे में ऐसे कार्यक्रम शामिल हैं, जिनका मकसद भारत को हरित प्रौद्योगिकियों और ईवी चार्जिंग अवसंरचना निर्यात में वैश्विक अगुवा बनने के रणनीतिक प्रयास को बढ़ावा देना है।''

### वरिष्ठ नौकरशाहों से मिलेंगे



*सूत्रों के अनुसार, ''एक जून को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने वाले मस्क दो जून को कंपनी के एक कार्यक्रम में नीति निर्माताओं, निवेशकों, व्यापारिक नेताओं और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ नौकरशाहों से मिलेंगे।' उन्होंने बताया कि मस्क की यात्रा में हरियाणा के सफियाबाद में सर्वोटेक की सौर और ईवी चार्जर विनिर्माण इकाई का दौरा भी शामिल है, जहां राज्य के मंत्रियों और नौकरशाहों के भी मौजूद रहने की उम्मीद है।*

## टेरा मोटर्स ने किया इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन 'क्योरो' पेश

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेरा मोटर्स ने मंगलवार को अपनी इलेक्ट्रिक वाहन श्रृंखला का विस्तार किया। जापानी फर्म ने यात्री खंड की मांग को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रिक तिपहिया क्योरो प्लस पेश किया। भारत में इलेक्ट्रिक रिक्शा खंड (एल3) में कंपनी की पहले से ही अच्छी खासी उपस्थिति है और वह अबतक 1.5 लाख से अधिक इकाइयां बेच चुकी है। नयी पेशकश के साथ कंपनी इलेक्ट्रिक तिपहिया खंड (एल5) में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। टेरा मोटर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक गो सुजुकी ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य इस खंड में लगभग 5-8 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। सुजुकी ने कहा, ''हमारा लक्ष्य देशभर में 100 डीलरशिप स्थापित करना और इलेक्ट्रिक तिपहिया की उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर लगभग 5,000 इकाई प्रति माह करना है।''



# ओयो ने आईपीओ के लिए बैंकों के साथ चर्चा की शुरू

## कंपनी का अंतिम तिमाही में सूचीबद्ध होने का लक्ष्य

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक यात्रा प्रौद्योगिकी मंच ओयो ने नए सिरे से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बैंकर के साथ चर्चा शुरू कर दी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में सूचीबद्ध होने का लक्ष्य रखा है।

- मूल्यांकन सीमा छह से सात अरब अमेरिकी डॉलर

निवेश बैंकों के साथ प्रारंभिक चर्चा से संकेत मिला है कि सार्वजनिक पेशकश के लिए संभावित मूल्यांकन सीमा छह से सात अरब अमेरिकी डॉलर है। इस घटनाक्रम से परिचित एक व्यक्ति ने बताया कि कंपनी ने पिछले महीने अनौपचारिक चर्चा शुरू की थी और अब वह प्रस्तावों पर विचार कर रही है। सूत्रों ने कहा, '' कंपनी, भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग संस्थानों के साथ बातचीत कर रही है और इस साल अगस्त-सितंबर के बीच दस्तावेज दाखिल करने की योजना है। साथ ही अभी यह तय नहीं हुआ है कि वित्त वर्ष 2024-25 के वित्तीय परिणाम दाखिल किए जाएं या वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम ऑडिट होने और दाखिल करने के लिए तैयार होने तक इंतजार किया जाए।'' नए सिरे से आईपीओ लाने की पहल ऐसे समय में की गई है, जब ओयो ने 2021 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने दस्तावेज दाखिल और फिर दोबारा दाखिल किए थे। इसमें सार्वजनिक पेशकश के जरिये 8,430 करोड़ रुपये जुटाने की बात कही गई थी। कंपनी ने हालांकि मई 2024 में यह दस्तावेज वापस ले लिए थे।




### निवेशकों का विश्वास जगाया

सूत्रों ने संकेत दिया कि कंपनी के बेहतर वित्तीय खाके और परिचालन दक्षता ने निवेशकों का विश्वास फिर से जगाया है जिससे सार्वजनिक होने की भावना को फिर से बल मिला।

## ब्लॉक डील के जरिए करीब 11,559 करोड़ रुपए में बेच दी

# प्रवर्तक गंगवाल ने इंडिगो में 5.7 फीसदी हिस्सेदारी बेची

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो में 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी 'ब्लॉक डील' के जरिये करीब 11,559 करोड़ रुपये में मंगलवार को बेच दी।

- इंडिगो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी है

सूत्रों ने बताया कि गंगवाल के अलावा, चिन्करपू फैमिली ट्रस्ट, (जिसकी न्यासी शोभा गंगवाल तथा डेलावेयर की जेपी मॉर्गन ट्रस्ट कंपनी हैं) ने भी देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लेन-देन में हिस्सा लिया।




### गंगवाल के पास पहले 13.5 फीसदी हिस्सेदारी थी

सूत्रों ने बताया कि निवेश बैंकिंग कंपनी गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी और जे पी मॉर्गन इंडिया हिस्सेदारी बिक्री के लिए नियोजन एजेंट हैं। इस नवीनतम लेनदेन से पहले, गंगवाल और पारिवारिक ट्रस्ट के पास इंडिगो में करीब 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

### प्रतिशेयर मूल्य 5230.50 रुपए रहा

अद्यतन 'टर्म शीट' के अनुसार, नवीनतम ब्लॉक डील के तहत 5,230.50 रुपए प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर 2.21 करोड़ शेयर बेचे गए। शेयर की कुल संख्या 'टर्म शीट' में उल्लिखित प्रारंभिक 1.32 करोड़ शेयर से बढ़ाई गई है। अंतिम मूल्य सोमवार को 5,420 रुपये प्रति शेयर के बंद मूल्य की तुलना में 3.5 प्रतिशत कम है।

### पेशकश का आकार 1.36 अरब डॉलर के बराबर

सूत्रों ने बताया कि 2.21 करोड़ शेयर कंपनी में करीब 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर हैं और अंतिम कीमत के आधार पर पेशकश का आकार करीब 1.36 अरब डॉलर या करीब 11,559 करोड़ रुपये बैठता है। राकेश गंगवाल के पारिवारिक ट्रस्ट ने एयरलाइन कंपनी में 5.24 प्रतिशत हिस्सेदारी 9,549 करोड़ रुपये में अगस्त, 2024 में बेची थी।

### भाटिया के साथ कामकाज के मुद्दे पर लेकर विवाद

इससे पहले गंगवाल ने मार्च में इंडिगो के शेयर बेचे थे। शेयर बिक्री गंगवाल द्वारा फरवरी, 2022 में सह-संस्थापक राहुल भाटिया के साथ कथित कामकाज के मुद्दों पर हुए विवाद के बाद अपनी शेयरधारिता को कम करने के निर्णय का हिस्सा है। गंगवाल और उनकी पत्नी शोभा गंगवाल फरवरी, 2022 से इंडिगो में अपने शेयर बेच रहे हैं।

## चिंतन

# भारतीय कूटनीतिक मिशन को सफल बना रहा प्रतिनिधिमंडल

आतंकवाद के वैश्विक खतरे को लेकर सांसदों के प्रतिनिधिमंडल की विदेश यात्रा की देश में विपक्ष की ओर से भले ही आलोचना हो रही हो, लेकिन भारतीय संसदीय इतिहास में यह पहली बार है, जब इतने व्यापक स्तर पर एक मुद्दे के परिप्रेक्ष्य में यह पहल हो रही है। साफ है कि इसके उद्देश्य सामान्य समझ से व्यापक होंगे, इसके व्यापक कूटनीतिक मायने हैं। पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर बर्बर आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं और हमलावर आतंकियों को यूं ही बचने नहीं दिया जा सकता है। भारत लंबे समय से आतंकवाद का सामना कर रहा है, वैश्विम मंचों से आतंकवाद के खिलाफ विश्व को एकजुट होने के लिए आह्वान भी करता रहा है, लेकिन विश्व के मजबूत देशों की ओर से आतंकवाद के खिलाफ वैसी कार्रवाई देखने को नहीं मिलती है, जैसी उनसे अपेक्षा की जाती है। बयानों के स्तर पर सभी देश आतंकवाद का विरोध करते दिखते हैं, लेकिन नीतिगत स्तर पर सुविधा के अनुसार फैसले करते हैं। अमेरिका व चीन ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में हमेशा निराश किया है। मौजूदा वक्त में 23 मई से 3 जून तक सभी दलों के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल सात समूहों में दुनिया के अलग-अलग 33 देशों की यात्रा पर है। सर्वदलीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर और उसके पहले पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान की आतंकवादपरस्त नीतियों व करतूतों और सभी तरह के आतंकवाद के ग्लोबल खतरे पर भारत का पक्ष विस्तार से रखेगा। इस यात्रा में पाकिस्तान के मददगार देश शामिल नहीं हैं। चीन, तुर्किये और अजरबैजान में प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजे गए हैं। कूटनीतिक रूप से भारत ने स्पष्ट लाइन ली है, जो भारत की बात न सुनेंगे, न समझेंगे, न ही आतंकवाद के खिलाफ लड़ेंगे, तो ऐसों पर समय क्यों नष्ट करना। इस यात्रा से आतंकवाद के प्रायोजक देश पाकिस्तान और अलग-थलग पड़ेगा। सबूतों के साथ विश्व को बताना जरूरी है कि भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ किस मजबूती से लड़ रहा है और कुछेक देश कैसे अपना हित साधने के लिए आतंकवाद को दरकिनार कर पाक के साथ हैं। साथ ही पाकिस्तान की एस्टाब्लिशमेंट कैसे भारत के खिलाफ आतंकी साजिश में शामिल है। पाकिस्तान में आज भी अनेक घोषित ग्लोबल आतंकी हैं और 32 से अधिक आतंकी गुट पाक की सरजमीं से ऑपरेशनल हैं। प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच अस्थायी सदस्यों में से चीन को छोड़ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और रूस, 10 अस्थायी सदस्यों में पाकिस्तान और सोमालिया को छोड़ अन्य आठ ग्रीस, दक्षिण कोरिया, अल्जीरिया, डेनमार्क, सियरा लियोन, गुयाना, पनामा और स्लोवेनिया में अपनी बात रखेगा। इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी (इस्लामिक सहयोग संगठन) के भी कई देशों- कुवैत, बहरीन, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और मिस्र में भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल पाक प्रायोजित आतंकवाद पर बात कर रहा है। कश्मीर पर ओआईसी का नजरिया तथ्य से परे रहा है, इसलिए उसे पाक के काले सच का सामना कराना जरूरी है। भारत मुस्लिम जगत को यह बताना चाहता है कि यह महज दो देशों के बीच की लड़ाई नहीं है बल्कि वैश्विक आतंकवाद की बड़ी चुनौती का हिस्सा है। दरअसल, पाकिस्तान के आतंकवादी गुटों और इस्लामिक स्टेट की तकफीरी विचारधारा में कोई अंतर नहीं है। तकफीरी का मतलब है हिंसा को सही ठहराने के लिए किसी को काफिर घोषित करना। भारत जिस तरह के आतंकवाद का सामना कर रहा है, तकफीरी विचारधारा से समानताएं हैं।



अर्थव्यवस्था
डा. जयंतीलाल भंडारी

# अब तीसरी बड़ी आर्थिकी की डगर

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। खासतौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना जरूरी है। चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी ध्यान दिया जाना होगा। वहीं अमेरिका और यूरोपीय संघ तथा अन्य प्रमुख देशों के साथ भारत के संभावित मुक्त व्यापार समझौतों के पूर्ण करने पर पूरा ध्यान देना होगा।

हाल ही में नीति आयोग ने बताया कि जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आगामी 3 सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए भी दिखाई दे सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 26 मई को दुनिया के ख्याति प्राप्त अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने कहा कि जापान को पछाड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत की एक अविश्वसनीय उपलब्धि है। वास्तव में भारत के विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में आगे बढ़ने के पीछे जो प्रमुख कारण हैं, उनमें 140 करोड़ की जनसंख्या, देश के मध्यम वर्ग, की बढ़ती क्रयशक्ति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत आर्थिक नीतियां शामिल हैं। साथ ही इस समय भारत जिस ऊंची विकास दर और आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है, उससे भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भी दिखाई देगा। गौरतलब है कि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा।

वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। खासतौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना जरूरी है। चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा । हाल ही प्रकाशित नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे की स्थिति में बना हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। इतना ही नहीं चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। चीन पर निर्भरता कम करने के जो रणनीतिक कदम उठाए गए हैं, उनका अभी जमीनी तौर पर कोई विशेष असर नहीं दिखा है। इस परिप्रेक्ष्य में 26 मई को प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आयातित वस्तुओं की खरीदी की बजाय देश में उत्पादित उत्पादों को खरीदने का संकल्प लेना चाहिए। यह देश की प्रगति के लिए जरूरी है। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जहाँ एमएसएमई देश से निर्यात बढ़ाने में नई भूमिका निभा सकते हैं, वहीं आयात नियंत्रण में भी मददगार हो सकते हैं। इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के लिए चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति



श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उससे एमएसएमई के उबारने के लिए जहाँ एक ओर सरकार के द्वारा रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। भारत के द्वारा विगत 6 मई को ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इस समय भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के शुरुआती चरण के लिए वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है।

हाल ही में अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी वार्ता करते हुए द्विपक्षीय कारोबार समझौते को तेजी से अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जाना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) की भूमिका भी प्रभावी होगी। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आँकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का सेवा निर्यात करीब 387.5 अरब डॉलर का रहा है। भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल देश में 1700 जीसीसी हैं जिनसे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। देश में जीसीसी का बाजार आकार 5.4 लाख करोड़ रुपये का है और यह 2030 तक 8.4 लाख करोड़ रुपये का होगा। दुनिया के 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ भारत में हैं। भारतीय जीडीपी में भारत के जीसीसी का योगदान एक प्रतिशत है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करने होंगे। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी ध्यान दिया जाना होगा। कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा।

इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत की आर्थिकी की चमक बढ़ाई जा सकेगी। इन सबके साथ-साथ अमेरिका और यूरोपीय संघ तथा अन्य प्रमुख देशों के साथ भारत के संभावित मुक्त व्यापार समझौतों के पूर्ण किए जाने पर पूरा ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि इन विभिन्न रणनीतिक प्रयासों से भारत वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
सुरेन्द्र शर्मा



# स्वाधीनता के लिए वीर सावरकर का संघर्ष सबके लिए प्रेरणास्रोत


वीर सावरकर भारत के इतिहास के वह महापुरुष जिन्हें भुलाने की लगातार कोशिश की गई लेकिन उनका व्यक्तित्व ही ऐसा है कि जितना उसे ग्रहण लगाने की कोशिश की गई, हर समय सूर्य के तेज की तरह दोगुने रूप में उनका व्यक्तित्व और निखरकर राष्ट्र के सामने आया। पुण्य भूमि भारत की वीर प्रसूता भूमि महाराष्ट्र जिसने क्षत्रपति शिवाजी और लोकमान्य तिलक जैसे तेजोमय नायकों को जन्म दिया, में भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दैदीप्यमान सूर्य वीर विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 28 मई, 1883 को नासिक के पास भगूर नामक गांव में हुआ था। उनकी मृत्यु 26 फरवरी, 1966 को बम्बई (अब मुंबई) में हुई थी। विनायक दामोदर सावरकर एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राजनीतिज्ञ, वकील, समाज सुधारक और हिंदुत्व के दर्शन के सूत्रधार थे। सावरकर के पिता का नाम दामोदरपंत सावरकर और माता राधाबाई थीं। उन्होंने कम उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था। वह अपने बड़े भाई गणेश (बाबाराव) से काफी प्रभावित थे। लंदन में वीर सावरकर ने अपने साथी भारतीय छात्रों को प्रेरित किया और आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए एक संगठन 'फ्री इंडिया सोसाइटी' का गठन किया। वीर सावरकर ने 'द हिस्ट्री ऑफ द वॉर ऑफ



इंडियन इंडिपेंडेंस' नामक पुस्तक लिखी, जिसने कई भारतीयों को आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित किया। हालांकि, इस किताब पर अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन इसने कई देशों में लोकप्रियता हासिल की। भारत में वीर सावरकर के बड़े भाई ने 'इंडियन काउंसिल एक्ट 1909' जिसे मिंटो-मॉर्ले रिफॉर्म के नाम से भी जाना जाता है, के खिलाफ एक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। विरोध के साथ ब्रिटिश पुलिस ने दावा किया कि वीर सावरकर ने अपराध की साजिश रची थी और उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। 13 मार्च, 1910 को उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वीर सावरकर के खिलाफ फैसला आया और उन्हें 50 साल की कैद की सजा सुनाई गई। अंडमान में उन्हें काला पानी के नाम से मशहूर 'सेल्यूलर जेल' में बंद कर दिया गया। जेल में उन्हें बहुत यातनाएं दी गईं। लेकिन, उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्रता की भावना जारी रही और उन्होंने वहां अपने साथी कैदियों को पढ़ाना-लिखाना सिखाना शुरू कर दिया। उन्हें हमेशा हिंदू होने पर गर्व था और उन्होंने इसे एक राजनीतिक और सांस्कृतिक पहचान बताया। 6 जनवरी, 1924 को सावरकर को जेल से रिहा कर दिया गया और उन्होंने 'रत्नागिरी हिंदू सभा' के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस संगठन का उद्देश्य हिंदुओं की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना था। अंग्रेजों के विरुद्ध लड़े गये भारत के स्वाधीनता संग्राम में वीर विनायक दामोदर सावरकर का अद्वितीय योगदान है। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर देश ही नहीं, तो विदेश में भी क्रांतिकारियों को तैयार किया। सावरकर वह पहले क्रांतिकारी थे जिन्होंने 7 अक्टूबर 1905 में विदेशी वस्त्रों का दहन किया, तब बाल गंगाधर तिलक ने अपने पत्र केसरी में उनको शिवाजी के समान बताकर उनकी प्रशंसा की थी। सावरकर द्वारा विदेशी वस्त्र दहन की इस प्रथम घटना के 16 वर्ष बाद महात्मा गाँधी जी उनके मार्ग पर चले और 11 जुलाई 1921 को मुंबई के परेल में विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार किया। वीर सावरकर प्रथम राष्ट्रभक्त थे जिन्हें अंग्रेजी सत्ता ने 30 वर्षों तक जेलों में रखा तथा आजादी के बाद 1948 में नेहरु सरकार ने गांधी हत्या की आड़ में लाल किले में बंद रखा पर न्यायालय द्वारा आरोप झूठे पाए जाने के बाद ससम्मान रिहा कर दिया। देशी-विदेशी दोनों सरकारों को उनके राष्ट्रवादी विचारों से डर लगता था। वीर सावरकर वह पहले क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त स्वातंत्र्य वीर थे जिनके मरणोपरांत 26 फरवरी 2003 को उसी संसद में मूर्ति लगी जिसमें कभी उनके निधन पर शोक प्रस्ताव भी रोका गया था। आज वीर सावरकर सभी में लोकप्रिय और युवाओं के आदर्श बन रहे हैं। वीर सावरकर के कार्य का एक बड़ा क्षेत्र सामाजिक सामंजस्य क़ायम करना व जाति भेद को समाप्त करने का था। भारत की अखंडता के प्रबल पक्षधर, अद्वितीय स्वतंत्रता सेनानी स्वातंत्र्यवीर सावरकर का महामंत्र था एक राष्ट्र-एक संस्कृति भाव। भारत की स्वतंत्रता के लिए उनका संघर्ष व राष्ट्रप्रेम हर भारतवासी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। 1970 में भारत सरकार द्वारा सावरकर की स्मृति में डाक टिकट जारी किया।

(लेखक मध्यप्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## सटाका




## आज की पाती

### विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक पंडित नेहरु

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते 'चाचा नेहरु' को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरु न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरु का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। *-सुमीत यदु, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### नक्सलियों के अड्डे ध्वस्त



ऑपरेशन ब्लैकफॉरेस्ट में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ की दुर्गम पहाड़ियों पर बने नक्सलियों के अनेक अड्डों को ध्वस्त किया। छत्रपति शिवाजी महाराज जी की भूमि पर फिर से दोहराता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### निवेश योजनाओं पर चर्चा




कुप्पम में श्रीजा दूध उत्पादक संगठन और मदर डेयरी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। हमने शून्य गरीबी को प्राप्त करने के लिए उनकी परिवर्तनकारी निवेश योजनाओं पर चर्चा की, जो स्वर्ण आंध्र के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### मंदिरों पर सरकारी कब्जा



बड़े मंदिरों पर सरकार के प्रबंधन के बहाने भाजपा अप्रत्यक्ष रूप से अपना क़ब्ज़ा करती जा रहे है। जो परंपरागत रूप से इनका प्रबंधन-संचालन करते आ रहे हैं, उनसे सेवा-भाव के अधिकार छीने जा रहे हैं।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### नॉट फाउंड सूटेबल




'नॉट फाउंड सूटेबल' अब नया मनुवाद है। एससी /एसटी/ओबीसी के योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर 'अयोग्य' ठहराया जा रहा है ताकि वे शिक्षा और नेतृत्व से दूर रहें। यह हक़, सम्मान और हिस्सेदारी की लड़ाई है
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

### एवरेस्ट फतह के उपलक्ष्य में 100 पर्वतारोही सम्मानित


हिमालय की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे द्वारा पहली सफल चढ़ाई की याद में मंगलवार को नेपाल में सम्मानित किए गए 100 से अधिक पर्वतारोहियों में 10 भारतीय पर्वतारोही भी शामिल हैं। पर्यटन, संस्कृति और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री पांडे ने 29 मई को अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस से पहले एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले नेपाली और अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहियों को सम्मानित किया। पांडे ने कहा, 'नेपाल सरकार न केवल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि हम पर्वतारोहियों की सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हिमालय के संरक्षण को लेकर भी चिंतित हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए पहाड़ों की देखभाल और सुरक्षा करनी चाहिए।' नेपाल, भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, फिलीपीन, फलस्तीनी क्षेत्र और ब्रिटेन सहित अन्य देशों के 100 से अधिक पर्वतारोहियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 'एवरेस्ट एलायंस नेपाल' द्वारा आयोजित 'एवरेस्ट पर्वतारोही सम्मेलन' में भारत के 10 पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया जिनमें आशीष सिंह, निशा कुमारी, अनुजा वैद्य, बलजीत कौर, सुविधा कदलाग, सूर्य प्रकाश, शेख हिमांशु, सत्यरूप सिद्धांत, ज्योति रात्रे और अदिति शामिल हैं।



## ऑफ बीट

### गणित के पठन-पाठन में काफी अंतर आया है

पाइथागोरस का प्रमेय आज भी उतना ही सटीक है जितना सदियों पहले इसकी खोज के समय था, और यह आगे भी उतना ही सटीक रहेगा। लेकिन आज के शिक्षक भी गणित को उस समय की तुलना में बहुत अलग तरीके से पढ़ाते हैं जब माता-पिता स्कूल में थे। मानसिक संबंध प्रक्रियाएं नहीं। पिछले 30 वर्षों में गणित के पठन-पाठन में परिवर्तन आया है। कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के विकास के साथ तालमेल बिठाने के लिए गणित शिक्षण भी बदल गया है। यह बचपन से लेकर 12वीं कक्षा तक गणित की शिक्षा को प्रभावित कर रहा है। किसी भी चीज़ के अलावा, हम जानते हैं कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में दक्षता छात्रों को उस दुनिया के लिए शिक्षित करने की कुंजी है जिसमें वे रहेंगे और काम करेंगे। एक उदाहरण के रूप में, गतिशील ज्यामिति सॉफ़्टवेयर के उपयोग का मतलब है कि शिक्षक ग्राफ़ के परिवर्तनों को तुरंत दिखा सकते हैं, जिससे छात्रों को चर कैसे काम करते हैं इसकी गहरी समझ मिलती है, जिससे छात्रों को इन अवधारणाओं को ग्राफ़ की एक विस्तृत श्रृंखला पर लागू करने में मदद मिलती है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## शाह ने की सांस्कृतिक राजनीतिक कार्यक्रमों में शिरकत

# सावरकर को बताया देश का महान स्वतंत्रता सेनानी

एजेंसी ▶▶ नादेड़

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को मुंबई दौरे पर हैं। यहां पर वे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। अपनी यात्रा की शुरुआत करते हुए शाह माधवबाग में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर की 150वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के भी मौजूद रहे। दोपहर में शाह स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की 60वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मुख्य व्याख्यान दिया। उन्हें देश का महान सपूत बताया। यह कार्यक्रम मुंबई विश्वविद्यालय के सर कावसजी जहांगीर हॉल में आयोजित किया गया।

### भारत अब पीछे नहीं देखेगा

शाह ने कहा कि भारत को 2047 तक पूर्ण विकसित और हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का विश्वास प्रधानमंत्री मोदी जी ने दिलाया है। गृह मंत्री ने कहा कि भारत को अब न पीछे मुड़कर देखने और न ही रुकने की जरूरत है।

### महायुति गठबंधन सहयोगियों के साथ बंद कमरे में की बात



शाह की मुंबई यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और महायुति गठबंधन सहयोगियों के साथ बंद कमरे में बैठकें भी शामिल हैं, क्योंकि पार्टी महत्वपूर्ण बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों से पहले रणनीति बना रही है। मंगलवार दोपहर बाद उनके दिल्ली लौटने की उम्मीद है। मुंबई पहुंचने से पहले शाह सोमवार को नागपुर में थे, जहां उन्होंने राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में कैंसर रोगियों और उनके परिवारों के लिए आवासीय सुविधा स्वस्ति निवास की आधारशिला रखी। बाद में वे मराठवाड़ा क्षेत्र के नांदेड़ गए, जहां उन्होंने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री वसंतराव नाइक की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। शाह ने क्षेत्र में कुछ भाजपा कार्यालयों का भी उद्घाटन किया, जहां बंजारा समुदाय के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

### उद्धव पर साधा निशाना, प्रतिनिधि मंडल को बारात बता रहे

उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को उजागर करने के लिए 33 वैश्विक राजधानियों में भेजे गए सरकार के बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों को महज 'बारात' (शादी का जुलूस) कहने के लिए उद्धव सेना की आलोचना की। शाह ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आता कि उद्धव सेना को क्या हो गया है? वे इन प्रतिनिधिमंडलों को बारात कह रहे हैं, जबकि उनके अपने सदस्य इसका हिस्सा हैं। गृह मंत्री शाह का दो दिवसीय महाराष्ट्र दौरा आगामी निकाय और विधानसभा चुनावों से पहले राज्य भर में अपनी स्थिति मजबूत करने के भाजपा के प्रयासों को रेखांकित करता है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का किया बखान

*गृह मंत्री शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने न केवल पाकिस्तान, बल्कि पूरी दुनिया को एक मजबूत संदेश दिया है कि भारत अपने सशस्त्र बलों, नागरिकों और सीमाओं पर किसी भी खतरे को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई हमारी सीमाओं में घुसने का प्रयास करता है या हमारे नागरिकों को नुकसान पहुँचाने की कोशिश करता है, तो उसे कड़े परिणामों का सामना करना पड़ेगा।इस प्रकार शाह ने स्पष्ट किया कि भारत की सुरक्षा और संप्रभुता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता अडिग है।*

### शिवसेना के नेताओं को क्या हो गया ? यह बाबा साहेब वाली पार्टी तो नहीं

नांदेड़ में शंखनाद रैली में गृमंत्री शाह ने कहा कि शिवसेना उद्धव गुट के एक प्रमुख नेता ने विदेश जा रहे प्रतिनिधिमंडल पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये किसकी बारात जा रही है? शिवसेना कभी बाला साहेब ठाकरे की पार्टी थी। अगर वे आज जीवित होते, तो मोदी को गले लगाते।

## खबर संक्षेप

### व्यापारियों व एमएसएमई को फिनटेक दे रही बल


**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की फिनटेक कंपनियां देश के



डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चरको आगे बढ़ाने और व्यापारियों के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने में मदद कर रही हैं। सीतारमण ने फिनटेक कंपनी 'पाइन लैब्स' के कार्यालय का दौरा किया और इसके स्टाफ सदस्यों से बातचीत की।

### विवाद में रिटा.इंजीनियर ने चबा ली सचिव की नाक

**कानपुर।** नारामऊ स्थित रतन प्लैटनेट अपार्टमेंट में पार्किंग के विवाद में रविवार शाम सेवानिवृत्त इंजीनियर और सोसाइटी के सचिव



से मारपीट कर उनकी नाक चबा ली, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उनके बेटे ने उन्हें रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देते हुए बिठूर थाने में केस दर्ज कराया है।

### बंदरों से जान बची तो छात्रा दूसरी मंजिल से गिरी


**हापुड़।** गर्मी बढ़ते ही हापुड़ जिले में कुत्तों और बंदरों का आतंक भी लगातार बढ़ रहा है। आए दिन वह अपना किसी ना किसी को शिकार बना रहे हैं। अब रविवार की देर रात



कस्बे के मोहल्ले कुरेशियान की रहने वाली छात्रा छत पर बैठकर पढ़ाई कर रही थी।इसी दौरान बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर लिया। वह डरकर भागी तो छत से नीचे जमीन पर जा गिरी। उसकी मौत हो गई।

### कई वाहन जब्त, 7.20 लाख रु. का जुर्माना

**नारनौल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देश अनुसार जिले में खनन कार्य पूरी



पारदर्शिता ms किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा गठित की गई टास्क फोर्स लगातार छापे मार कार्रवाई कर रही है। 7 दिन में 978 वाहनों की चेकिंग की गई। 3 वाहनों को जब्त किया गया।टीम ने 978 वाहनों की जांच की। इस दौरान 7.20 लाख का जुर्माना लगाया है।

### वृंदावन श्रीबांके बिहारी सुनवाई 29 जुलाई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से मंदिर कॉरीडोर को लेकर 26 मई के अध्यादेश की कॉपी मांगी है। साथ ही सरकार से हलफनामा भी मांगा गया है। इस मामले की



सुनवाई अब सुप्रीम कोर्ट 29 जुलाई को करेगा। याचिकाकर्ता के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि मंदिर की जमा पूंजी और निजी संपत्ति का इस्तेमाल ऐसे नहीं हो सकता।

## पीएम मोदी ने महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी

# हमें अपने ब्रांड पर खासकर मेड इन इंडिया पर गर्व होना चाहिए, हम आतंकियों का खात्मा करके रहेंगे

### अब विदेशी चीजों की निर्भरता छोड़कर स्वदेशी को ही अपनाएं

एजेंसी ▶▶ नादेड़

अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में पिछले दो दशकों में सुधार कार्यों से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान, गांधी नगर के महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने देश के ब्रांड पर गर्व करना चाहिए। हमें मेड इन इंडिया पर गर्व करना चाहिए।



पीएम मोदी ने कहा कि हम अपनी जरूरत की ज्यादातर चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहे हैं। पर ये चीजें अब देश में ही उपलब्ध हैं। हमारी जरूरत की 90 फीसदी से अधिक और अच्छी चीजें देश में ही उपलब्ध हैं। हमें उनका इस्तेमल करना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे याद है कि हमने छठे से पांचवें स्थान पर पहुंचने का जश्न मनाया था। यह क्षण अहम था, क्योंकि हमने उसी देश को पीछे छोड़ दिया, जिसने 250 वर्षों तक हम पर शासन किया।

### हमारा लक्ष्य भारत को विकसित बनाना



अब हम चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दबाव बढ़ रहा है। उससे भी अधिक दृढ़ संकल्प की जरूरत है। यह देश अब इंतजार नहीं करना चाहता। अगर कोई सुझाव देता है कि हमें धैर्य रखना चाहिए, तो आप आवाजें सुन सकते हैं कि 'मोदी है तो मुमकिन है।' इसलिए हमारा स्पष्ट लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

### राजभवन से महात्मा मंदिर तक किया रोड शो

*पीएम मोदी ने मंगलवार सुबह गांधीनगर में एक रोड शो किया और इस दौरान उनका स्वागत करने के लिए भारी संख्या में लोग एकत्र हुए। गुजरात की दो दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम का यह चौथा रोड शो है। रोड शो का आयोजन गांधीनगर स्थित राजभवन से महात्मा मंदिर तक किया गया। इस दौरान रास्ते में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और उन्होंने तिरंगा लहराया।*

### विदेशी चीजों का इस्तेमाल बंद करें

पीएम मोदी ने कहा कि तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें विदेशी चीजें खरीदना और उनका इस्तेमाल बंद करना होगा और ये सब जनबल के योगदान से संभव होगा। जनबल की भागीदारी के बिना कोई भी ऑपरेशन पूरा नहीं होता। अपनी अर्थव्यवस्था में सही मायने में योगदान देने के लिए, हमें एक स्पष्ट और सामूहिक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए कि जब भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, हम एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बन जाएंगे और हम ऐसा विदेशी उत्पादों पर निर्भर हुए बिना करेंगे।

### 'गणेश जी भी विदेश से आते हैं वो भी छोटी आंखों वाले'

पीएम मोदी ने आत्मनिर्भरता पर जोर देने की अपील की। पीएम मोदी ने चीन का बिना नाम लिए ही कड़ा संदेश भी दे दिया और साथ ही जनता के समझा भी दिया कि स्वदेशी समान का इस्तेमाल क्यों करें। हम गांव-गांव में व्यापारियों को शपथ दिलवाएं, व्यापारियों को कितना भी मुनाफा क्यों न हो, आप विदेशी माल नहीं बेचोगे। लेकिन, दुर्भाग्य देखिए, गणेश जी भी विदेश से आ जाते हैं, वो भी छोटी आंख वाले गणेश जी, गणेश जी की आंख भी नहीं खुल रही है। होली के लिए रंग और पिचकारी भी विदेश से आती है। यहां सब उपलब्ध है, कुछ मत लाओ। हमें मेड इन इंडिया पर गर्व होना चाहिए।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' 140 करोड़ भारतीयों की ज़िम्मेदारी

अगर हम एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के बारे में गंभीर हैं, तो 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ़ हमारे सशस्त्र बलों की ज़िम्मेदारी नहीं है – यह सभी 140 करोड़ भारतीयों की ज़िम्मेदारी है।

### दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बने

पीएम मोदी ने कहा कि हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी, पड़ोसियों से भी मुसीबतें झेलीं। प्राकृतिक आपदा भी झेली इसके बावजूद इतने कम समय में हम 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने में कामयाब रहे। पीएम ने कहा कि हम विकास चाहते हैं, प्रगति चाहते हैं। हम आजादी के 100 साल ऐसे मनाएंगे कि दुनिया में विकसित भारत का झंडा फहरता रहेगा।

### छोटे शहरों के विकास पर ध्यान दें

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे छोटे शहरों की क्षमता बहुत ज़्यादा है। चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में जाने के लिए हमें इन शहरों के शहरी विकास पर ध्यान देना चाहिए। ये हमारे भविष्य के विकास के इंजन हैं। कुछ लोगों को प्रगति को स्वीकार करना मुश्किल लगता है क्योंकि यह उनकी कहानी के साथ मेल नहीं खाता।

### सेना के शौर्य का जिक्र 11 बार और ऑपरेशन सिंदूर का 9 बार नाम लिया

*पीएम मोदी ने इशारों इशारों में पाकिस्तान को कड़ा संदेश दे डाला है। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है तो पूरा शरीर परेशान रहता है। इसलिए हमने तय कर लिया है, हम उस कांटे को निकालकर रहेंगे। पीएम ने कहा कि भारत ने 3 बार पाकिस्तान को युद्ध में धूल चटाई। मोदी ने पाकिस्तान का नाम 12 बार लिया। इसके अलावा आतंकवाद का नाम 11 बार, पाक फौज का नाम 10 बार, पाक आवाम का नाम 7 बार, भारतीय सेना के शौर्य का जिक्र 11 बार और ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र 9 बार किया। एक तरीके से पीएम नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को साफ कर दिया है कि आतंकवाद के मामले पर भारत की लड़ाई जारी रहेगी और आतंकवाद के खात्मे तक भारत ये लड़ाई लड़ता रहेगा।*

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद खेड़ा बोले

## जो तथ्य मौजूद हैं वे आपकी पसंद से तो गायब नहीं हो सकते



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार पर सवालों की झड़ी लगा दी है। मंगलवार को एक प्रेसवार्ता में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने पंडित नेहरू द्वारा कही गई बात का उल्लेख करते हुए कहा, तथ्य तो तथ्य हैं और आपकी पसंद के कारण गायब नहीं होंगे। भाजपा के नेतृत्व को यह समझना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, तथ्य यह है कि कांग्रेस देश के साथ खड़ी थी, जबकि भाजपा अपने लिए खड़ी थी। बतौर पवन खेड़ा, मोदी सरकार की विध्वंसकारी विदेश नीति और युद्ध विराम के बाद की कहानी के हालिया नतीजे अब भारत में भी देखे जा रहे हैं।

### निशिकांत ओछी राजनीति कर रहे

पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद की घटनाओं पर कांग्रेस और भाजपा की प्रतिक्रिया में नीयत, इरादे और ईमानदारी का बुनियादी अंतर है। जहां भाजपा ने हमारे सशस्त्र बलों की वीरता की आड़ में राजनीति की और उनके नेताओं ने उनका अपमान किया, वहीं कांग्रेस पार्टी हमारे सशस्त्र बलों के साथ और राष्ट्रीय हित में मजबूती से खड़ी रही। विदेश भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल कांग्रेस के नेता जहां एक ओर भारत के लिए खुलकर और सामूहिक रूप से बोल रहे हैं, वहीं निशिकांत दुबे जैसे भाजपा सांसद, जो इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा हैं, बेशर्मी से पक्षपातपूर्ण राजनीति कर रहे हैं और अपने ट्वीट और बयानों के जरिए ओछी और घिनौनी राजनीति के लिए झूठ फैला रहे हैं।

## पं. नेहरू को श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने मंगलवार को नई दिल्ली के शांति वन में भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सावरकर का नाम कानून में शामिल करने की अर्जी खारिज

### सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह की पीठ का फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर का नाम 1950 के कानून में शामिल करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी। यह कानून व्यावसायिक और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए कुछ प्रतीकों और नामों के अनुचित इस्तेमाल रोकने का अधिनियम है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के मौलिक अधिकारों का कोई हनन नहीं हुआ है। याचिकाकर्ता ने पीठ से कहा कि वह पिछले 30 साल से सावरकर पर शोध कर रहे हैं और उन्हें कानूनी रूप से सत्यापन योग्य तरीके से सावरकर के बारे में कुछ तथ्य स्थापित करने का अवसर चाहिए।

### आपके मौलिक अधिकार का क्या हनन हुआ?



याचिकाकर्ता ने अदालत से केंद्र और गृह मंत्रालय को उनका नाम प्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग निवारण) अधिनियम, 1950 की अनुसूची में शामिल करने के निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि आपके मौलिक अधिकार का क्या हनन हुआ है? याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 51ए का हवाला दिया, जो मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मेरे मौलिक कर्तव्यों को बाधित नहीं कर सकते हैं। पीठ ने याचिका खारिज कर दी।

### फ्लोटिंग जेटी परियोजना पर दखल नहीं देंगे

सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया के पास फ्लोटिंग जेटी परियोजना पर दखल देने से इनकार कर दिया है। फ्लोटिंग जेटी परियोजना के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि हाईकोर्ट इस मामले को सुन रहा है। हम याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। हालांकि हम हाईकोर्ट से अनुरोध करते हैं कि वह इस पर 2025 के मानसून के समाप्त होने से पहले निर्णय ले।

### राष्ट्रपति भवन में सेकंड फेज के पद्म पुरस्कारों का वितरण

# शारदा को मरणोपरांत पद्म विभूषण, ऋतंभरा को पद्मभूषण सम्मान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दूसरे फेज के पद्म अवॉर्ड्स दे रही हैं। इनमें लोकगायिका स्वर्गीय डॉ. शारदा सिन्हा समेत 68 हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद हैं। मंगलवार को हुई अवॉर्ड सेरेमनी में बिहार की दिवंगत लोक गायिका डॉ. शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वहीं, राम मंदिर आंदोलन में शामिल रहीं साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्य के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 28 अप्रैल को पहले चरण की अवॉर्ड सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। इनमें 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए थे।

### 139 लोगों को 2025 में पद्म पुरस्कार



*बता दें कि, इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ कई केंद्रीय मंत्री और कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। इस सूची में 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं और सूची में विदेशी/एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई श्रेणी के 10 व्यक्ति और 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं।*

### शारदा सिन्हा (मरणोपरांत) : कला-लोक संगीत

इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को कला-लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके बेटे ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

### कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया (मरणोपरांत) : कला

कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया को कला के क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रपति ने मरणोपरांत पद्म विभूषण दिया। उनके पोते ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

### बिबेक देबरॉय (मरणोपरांत) : साहित्य और शिक्षा

साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए बिबेक देबरॉय को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया है। उनकी पत्नी ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बिबेक देबरॉय एक अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और वे उल्लेखनीय कार्यों के लेखक भी हैं।

### जज (रि.) खेहर सार्वजनिक मामले

वहीं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है।

### डॉ. शोभना चंद्रकुमार : कला व लोक नृत्य

डॉ. शोभना चंद्रकुमार को कला-लोक नृत्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण सम्मान मिला।

### तेजस्वी को दी बधाई मुझे बड़े पापा बनने का सौभाग्य मिला: तेज

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को भले ही पार्टी और परिवार से बाहर निकाल दिया। लेकिन, वे परिवार को नहीं भूले हैं।



पिता बहन और छोटे भाई पर भी उन्होंने कुछ नहीं कहा। आज उनका बयान सामने आया तो वह भी अपने भतीजे के लिए। तेजस्वी यादव के दूसरी बार पिता बनने पर उन्होंने बधाई दी। भाई और भतीजे की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि श्री बांके बिहारी जी के असीम कृपा व आशीर्वाद से नवजात शिशु के आगमन ( पुत्ररत्न की प्राप्ति ) पर मुझे बड़े पापा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

# मंगल ग्रह पर दिखा रहस्यमयी शैतान! नासा के रोवर ने धरती पर भेजी दुर्लभ फोटो



वॉशिंगटन। नासा के पर्सिवरेंस रोवर ने मंगल ग्रह पर एक दुर्लभ सेल्फी है। यह तस्वीर वातावरण को समझने में मददगार साबित होगी। नासा के पर्सिवरेंस रोवर ने यह अनोखी तस्वीर मंगल ग्रह पर 1,500वें सोल (मार्स दिवस) के मौके पर ली है। इसमें एक दुर्लभ 'डस्ट डेविल' (धूल भरी बवंडर) भी नजर आ रहा है। इस सेल्फी को 59 तस्वीरों को मिलाकर बनाया गया है। रोवर ने इसे 'विच हेजल हिल' नामक जगह पर लिया है।

## पृथ्वी पर भेजता है मंगल ग्रह के नमूने



यह रोवर मंगल की सतह पर अलग-अलग वैज्ञानिक प्रयोग कर रहा है और वहां की चट्टानों और मिट्टी के नमूने एकत्रित कर रहा है। इस तस्वीर में दिख रहा डस्ट डेविल न सिर्फ एक अद्भुत दृश्य है, बल्कि इससे मंगल ग्रह के मौसम और वातावरण को समझने में वैज्ञानिकों को मदद मिलेगी। इस तरह की घटनाएं नासा के मिशन के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे मंगल ग्रह के वातावरण की जटिलताओं को उजागर करती हैं और भविष्य के मिशनों की योजना बनाने में मदद करती है।



### आखिर तस्वीर में क्या है?

इस फोटो में रोवरके बिल्कुल सामने आइलैंड बोरहोल दिख रहा है, तो वहीं पीछे की तरफ हवा में उठता धूल का एक बवंडर साफ तौर पर दिख रहा है। पर्सिवरेंस रोवर ने यह तस्वीर 10 मई 2025 को ली थी, जिसे अब पृथ्वी पर भेजा है। तस्वीर में रोवर के पिछले मार्ग के निशान भी साफ देखे जा सकते हैं।

### नासा ने क्या कहा?

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक, यह डस्ट डेविल रोवर से करीब 5 किलोमीटर दूर था और यह एक दुर्लभ प्राकृतिक घटना है। यह मंगल ग्रह के वातावरण की गतिशीलता को दिखाती है। नासा ने पर्सिवरेंस रोवर को 30 जुलाई 2020 को लॉन्च किया गया था, जो 18 फरवरी 2021 को मंगल ग्रह पर पहुंचा था।

## रोचक खबरें



### पूड़ी-सब्जी और 1 किलो मीट के बाद 80 रसगुल्ले खा जाता है ये आदमी

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड के कोशीशरण घरबंधा गांव के मैथिल ब्राह्मण टोला निवासी जोगेश्वर झा अपनी अनोखी खाने की आदतों के लिए चर्चा में हैं। मिथिलांचल क्षेत्र में बारात के भोज में वह 1.5 किलो मांस के बाद 80 से अधिक रसगुल्ले खा लेते हैं। जोगेश्वर झा, जो गांव में किराना दुकान चलाते हैं, उन्होंने बताया कि मिथिलांचल की शादी-ब्याह में भोजन का विशेष महत्व है। वह भोज में पूड़ी, सब्जी, चावल और मांस खाने के बाद भी 80-85 रसगुल्ले खा लेते हैं। अगर, केवल रसगुल्ले खाने की बात हो, तो वह 125 से अधिक रसगुल्ले खा सकते हैं। जोगेश्वर के अनुसार, रसगुल्ले खाने में बहुत मजा आता है। एक जोश होता है कि कितने अधिक रसगुल्ले खाए जा सकते हैं। जोगेश्वर ने बताया कि मिथिलांचल की शादी-ब्याह में रसगुल्ला खाना एक परंपरा-सी है। यहां के अधिकतर लोग भोज में 50 से अधिक रसगुल्ले खा लेते हैं। जोगेश्वर का कहना है जब मांस के साथ खाना होता है, तब मैं 80-85 रसगुल्ले खाता हूं, लेकिन बिना मांस के 125 से अधिक रसगुल्ले खा लेता हूं।

### कोरोना से भी खतरनाक है ये फंगस खा लेता है फेफड़े से दिमाग तक!

**लंदन।** दुनिया भर में दो राउंड की तबाही मचाने के बाद एक फिर से कोरोना की लहर लौट आई है। लगातार इसके केसेज़ बढ़ते जा रहे हैं। इसी बीच वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन ने एक ऐसा फंगस को लेकर भी चेताया है, जो कोरोना से कहीं ज्यादा खतरनाक है। ये शरीर के अंदर से नुकसान पहुंचाता है और बेहद तेज़ी से बढ़ता है। ये अजीबोगरीब फंगस पूरी दुनिया में फैल रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह जल्द ही ब्रिटेन तक पहुंच सकता है। इसे आप साइंस फिक्शन सीरीज़ की तरह समझ सकते हैं। इस सीरीज़ में जिस तरह से एक फंगल इंफेक्शन की वजह से धीरे-धीरे पूरी दुनिया की तबाह हो जाती है, उसी तरह ये फंगस भी अगर फैला, तो इंसानों के लिए बड़ा खतरा बन जाएगा। इस फंगस का नाम एस्परगिलोसिस एस्परगिलस फफूंद है, जो एस्परगिलोसिस नामक जानलेवा बीमारी का कारण बनता है। यह फेफड़ों को संक्रमित करता है और दिमाग तक फैल सकता है। इसकी वजह से इंसान को गंभीर बीमारी और आखिरकार मृत्यु भी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा बताया है। आशंका है कि यह फंगस जल्द ही उत्तरी अमेरिका, यूरोप, चीन और रूस में फैल सकता है। कितना खतरनाक है ये फंगस?आपको बता दें कि एस्पर्जिलोसिस की मृत्यु दर 85.2% है। साल 2022 में डब्ल्यूएचओ ने इसको अपने महत्वपूर्ण फंगल रोगजनकों की सूची में शामिल किया था।



### एआई बदमाश हो गया? डेवलपर को ही करने लगा ब्लैकमेल

**न्यूयार्क।** एआई मॉडल भी अब खतरनाक रूप लेता जा रहा है। पहले इसे पॉजिटिव ही सोचा जा रहा था, लेकिन अब यह धमकी देने पर उतर आया है। ताजा मामला सुनकर लोग हैरान रह गए। एक आई मॉडल को जब पता चला कि उसकी जगह नया एआई मॉडल लेने वाला है तो वह बदमाशी पर उतर आया। अगर आपसे कहा जाए कि एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ब्लैकमेल कर रहा है तो पहली बार आपको यकीन ही नहीं होगा। लेकिन, एक बार फिर यह साफ हो गया है कि यह जितना अच्छा है, उतना ही गड़बड़ भी. यह लोगों की जिंदगियां तो आसान बना रहा है। लेकिन, अब धमकी भी देने लगा है। हां, किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि जैसे इंसान धमकी देते हैं, राज़ बताकर ब्लैकमेल करते हैं ठीक वैसा ही एआई मॉडल भी करने लगेगा। हालांकि. यह सच हो गया है। अमेरिका की एक एआई कंपनी में जो कुछ हुआ वह पूरी दुनिया के लिए हैरान करने वाला है। अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप कंपनी एंथ्रोपिक ने बताया है कि उसका नया लॉन्च किया गया एआई मॉडल क्लाउड ओपस 4 अपने डेवेलपर्स को ही ब्लैकमेल करता हुआ पाया गया है। एंथ्रोपिक के मुताबिक यह पता चलने पर कि एक नया एआई सिस्टम उसकी जगह लेगा, क्लाउड ओपस 4 ने 84% मामले में डेवलपर्स को ब्लैकमेल करने की कोशिश की। दरअसल, एआई मॉडल के नैतिक परीक्षण के लिए एक झूठी कहानी बनाई गई। मॉडल को एक काल्पनिक इलेक्ट्रॉनिक मेल का एक्सेस दिया गया, जिसके जरिए बताया गया कि मौजूदा एआई को एआई की दूसरी प्रणाली द्वारा हटा दिया जाएगा।



# लोग ड्रिंक से पहले 'चीयर्स' क्यों कहते हैं? इसके पीछे हैं चार वजह

नई दिल्ली। चाहे वह एक कॉफी का कप हो या बीयर का गिलास, जब हम अपने बगल में किसी के साथ पीते हैं, तो हमारे मुंह से 'चीयर्स' शब्द निकलना लाजिमी है। यह उन चीजों में से एक है जो हम सभी करते हैं और पिछले कुछ सालों में यह एक तरह की आदत बनी हुई है। लेकिन, लोग चीयर्स क्यों कहते हैं और क्या यह सिर्फ एक सामाजिक रिवाज है या इसका कोई मतलब भी है? यकीन मानिए, इस बारे में बहुत कम लोगों को ही पता होगा। लेकिन, आपको जानकर हैरानी होगी कि इसके पीछे चार वजह हैं। उनके बारे में जानने के बाद आप भी कहेंगे कि गजब।

### सुरक्षा

पुराने जमाने में जहर देकर हत्या आम थी। लोग गिलास जोर से टकराते और



'चीयर्स' चिल्लाते, ताकि दोनों गिलासों का पेय आपस में मिल जाए। इससे यह यकीन हो जाता था कि ड्रिंक में कोई जहर नहीं है, क्योंकि दोनों एक-दूसरे का पेय पी रहे हैं। यह रिवाज उस वक्त की सतर्कता को दिखाता है, जो आज भी जाम टकराने में जिंदा है।

### पांचों इंद्रियों का इस्तेमाल

इंसान के पास 5 ज्ञानेंद्रियां होती हैं, जिसमें आंख, कान, नाक, जीभ, त्वचा शामिल है। ऐसे में आप ड्रिंक को देख सकते हैं, छू सकते हैं, जीभ से उसका स्वाद ले सकते हैं, सूंघ सकते हैं। लेकिन, पांचवीं इंद्री सुनने को शामिल करने के लिए गिलास टकराने की आवाज और 'चीयर्स' की पुकार जरूरी थी। यह हर ड्रिंक को एक बेहतरीन अनुभव में बदल देता है।



### भूत भगाना

मध्यकाल में लोग मानते थे कि जोर से गिलास टकराने और 'चीयर्स' चिल्लाने से बुरी आत्माएं भाग जाती हैं। कुछ लोग गिलास टकराकर थोड़ा पेय जमीन पर गिराते थे, ताकि बुरी आत्माएं उसे पीकर चली जाएं।यह अंधविश्वास आज भले ही मजेदार लगे, लेकिन उस वक्त यह गंभीर रिवाज था।



### भगवान को चढ़ावा

इंटरनेशनल हैंडबुक ऑफ अल्कोहल एंड कल्चर के मुताबिक, 'चीयर्स' कहकर जाम टकराना पुराने समय की बलि प्रथा से जुड़ा है। लोग शराब या खून भगवान को चढ़ाते थे, ताकि उनकी मन्नत पूरी हो। 'चीयर्स'का मतलब था लंबी उम्र या सेहत के लिए। यह प्रथा आज टोस्ट के रूप में जिंदा है, जहां लोग अच्छी जिंदगी की कामना करते हैं।




### अब बन चुकी है एक परंपरा

बता दें कि इन वजहों ने 'चीयर्स' को सिर्फ एक शब्द से ज्यादा बना दिया, जो अब एक परंपरा बन चुकी है और सदियों से चली आ रही है। भारत के खासकर शहरी इलाकों में लोग कॉफी, चाय या शराब के साथ 'चीयर्स'कहते हैं। यह दोस्ती, खुशी और एकजुटता का प्रतीक है। अगली बार जब आप गिलास उठाएं, तो 'चीयर्स' के पीछे की इन कहानियों को याद करें। यह न सिर्फ ड्रिंक का मजा बढ़ाएगा, बल्कि आपको इतिहास से भी जोड़ेगा। यह परंपरा हमें सिखाती है कि छोटी-छोटी चीजें भी कितना गहरा मतलब रखती हैं।

# खेतों में फिर बनी अजीब डिजाइन, किसी को है एलियन्स पर शक, तो किसी को लगता है कुछ और

लंदन। आसमान से किसी खेत में दिखने वाली आकृतियां अक्सर रहस्य और चर्चा का विषय बन जाती हैं। ऐसा पहले कई बार हो चुका है। ब्रिटेन में कई बार गांवों के खेत में अजीब सी डिजाइन देखने को मिली हैं। काउंटी क्रॉप सर्कल नाम से मशहूर ये आकृतियां ब्रिटेन में 1970 में चर्चा में रह चुकी हैं। और इस साल एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार स्टोनहेंज से केवल 13 मील दूर विल्टशायर में बना है।



### अलग-अलग आकृतियों के पैटर्न

इसमें सेल्टिक नॉट या चार-कोण वाला तारा जैसा पैटर्न था। यह एक गोल सर्कल के अंदर था. पर ऐसा नहीं है कि यह केवल एक ही जगह पर मिले हैं। 30 मील दूर डोरसेट में भी एक अनोखा क्रॉप सर्कल मिला। इसमें दो सर्कल थे। इनमें भी ज्यामितीय आकृतियां थीं। क्रॉप सर्कल खेतों या लंबी घास में बनने वाली रहस्यमयी आकृतियाँ हैं।

### एलियन्स या कुछ और?

ये आमतौर पर रात में बनते हैं। यूएफओ सिद्धांतवादी मानते हैं कि ये एलियंस के संदेश हैं। कुछ लोग इन्हें कला या मजाक मानते हैं। कुछ का कहना है कि लकड़ी के तख्तों से ये सर्कल बनाए जाते हैं। इससे लोग एलियंस की मौजूदगी से डरते हैं। वहीं,कई लौग मानते हैं कि एयलियन्स के छोड़े गए खास तरह के संदेश या इशारे होते हैं, जिन्हें समझने की जरूरत है।
**कितनी देर में बनते हैं ये :** कुछ सर्कल 1000 फीट लंबे होते हैं। फिर भी, इन्हें बनाने में कुछ मिनट लगते हैं। ये सर्कल अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जापान में भी मिले हैं। लेकिन, सबसे ज़्यादा यूनाइटेड किंगडम में मिलते हैं। यूके के 80 प्रतिशत क्रॉप सर्कल विल्टशायर में मिले। 2005 से अब तक यहाँ 380 से ज़्यादा सर्कल रिकॉर्ड किए गए।

### कैसे बनते हैं रहस्य है ये

ये एक अदृश्य स्रोत से बनते हैं। वहीं , कुछ इतने बड़े बने थे कि वैज्ञानिकों का कहना था कि इसे एक रात में इंसान नहीं बना सकते। कुछ गवाहों ने बताया कि सर्कल बनने से पहले खेतों के ऊपर रोशनी के गोले और अजीब किरणें दिखीं। कुछ लोग मानते हैं कि ये प्रकृति की अनोखी घटनाएं हो सकती हैं। विल्टशायर में क्रॉप सर्कल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। लोग इन्हें देखने दूर-दूर से आते हैं।

### किसानों के लिए हैं नुकसानदायक

किसानों के लिए ये नुकसानदायक हैं। उनकी फसलें बर्बाद हो जाती हैं। वैज्ञानिक और शोधकर्ता इन सर्कल का अध्ययन कर रहे हैं। वे जानना चाहते हैं कि ये कैसे बनते हैं। कुछ का मानना है कि ये कुदरती ऊर्जा से बन सकते हैं। दूसरों का कहना है कि ये उन्नत तकनीक का नतीजा हैं। कुल मिलाकर क्रॉप सर्कल रहस्य और रोमांच का विषय बने हुए हैं।

# 10,000 बच्चों का बाप है ये मगरमच्छ, उम्र 124, कभी इंसानों को चबा जाता था जिंदा

**लंदन।** पानी के सबसे खतरनाक जीवों में मगरमच्छ का नाम शुमार किया जाता है। ये बड़े से बड़े शिकार को जब दबोच लेते हैं, तो उनका जिंदा बच पाना मुश्किल होता है। शायद इसी वजह से 'पानी में रहकर मगर से बैर' जैसी कहावतें लोकप्रिय हुईं। आमतौर मगरमच्छ 50 से 75 साल जीते हैं, उनमें से कुछ 120 तक भी जिंदा रहते हैं। लेकिन इनमें नील क्रोकोडायल को सबसे खतरनाक माना जाता है। ऐसे में आज हम आपको ऐसे आदमखोर नील मगरमच्छ के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका नाम हेनरी है। वो दक्षिण अफ्रीका के क्रॉक्रवर्ल्ड कंजर्वेशन सेंटर में रहता है। 124 साल की उम्र में यह दुनिया का सबसे बूढ़ा मगरमच्छ माना जाता है, जिसने 10,000 से ज्यादा बच्चों को जन्म दिया। लेकिन, शुरुआत में ये इंसानों को जिंदा चबा जाता था। इसकी कहानी हैरान करने वाली है।



### कई पुरुषों और बच्चों पर किया हमला

नील क्रोकोडायल हेनरी ने बीते 16 दिसंबर 2024 को दक्षिण अफ्रीका के क्रॉक्रवर्ल्ड कंजर्वेशन सेंटर में अपना 124वां जन्मदिन मनाया। लाइव साइंस के मुताबिक, इसका जन्म 1900 के आसपास बोत्सवाना के ओकावांगो डेल्टा में हुआ था। अलबामा यूनिवर्सिटी के जीवविज्ञानी स्टीवन ऑस्टैड ने लाइव साइंस को बताया, 'वह बहुत बूढ़ा है, 100 साल या 130, हमें ठीक-ठीक नहीं पता, लेकिन 124 साल मगरमच्छ के लिए असंभव नहीं है।'

### 26 देशों में पाए जाते हैं नील मगरमच्छ

नील क्रोकोडायल हेनरी साल 1985 से क्रॉक्रवर्ल्ड में ही रह रहा है, जहां उसकी देखभाल ने उसकी उम्र बढ़ाने में मदद की. 700 किलो वजन और 16.4 फीट लंबा हेनरी क्रॉक्रवर्ल्ड में छह मादा मगरमच्छों के साथ रहता है और 10,000 से ज्यादा बच्चों का पिता बन चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि क्रॉक्रवर्ल्ड का सुरक्षित माहौल और अच्छी देखभाल उसकी लंबी उम्र का बड़ा कारण है। ऑस्टैड कहते हैं, 'जो जानवर सुरक्षित माहौल में रहते हैं, वे ज्यादा जीते हैं।'

### विशाल आकार और डरावने दांत बनाते हैं क्रॉक्रवर्ल्ड का सितारा

मगरमच्छों की उम्र का अध्ययन मुश्किल है, क्योंकि उन्हें छोटी उम्र में पकड़कर टैग करना पड़ता है और फिर सालों तक नजर रखनी पड़ती है। ऑस्टैड मजाक में कहते हैं, 'मगरमच्छ वैज्ञानिकों के पूरे कॅरियर से ज्यादा जीते हैं।' हेनरी जैसे मगरमच्छों की स्टडी से हमें उनके इम्यून सिस्टम और लंबी उम्र के राज पता चल सकते हैं। बता दें कि हेनरी का आकर्षण सिर्फ उसकी उम्र तक सीमित नहीं है। उसका विशाल आकार और डरावने दांत उसे क्रॉक्रवर्ल्ड का सितारा बनाते हैं। सितंबर 2024 में टीवी होस्ट रॉबर्ट एलेवा का हेनरी के साथ एक वीडियो वायरल भी हुआ था। उस वीडियो में रॉबर्ट हेनरी के पास गए और काफी डरे हुए नजर आए। क्रॉक्रवर्ल्ड हर साल हेनरी का जन्मदिन धूमधाम से मनाता है, जिसमें मुफ्त कपकेक और रैफल जैसे आयोजन होते हैं। हेनरी की कहानी हमें प्रकृति की ताकत और संरक्षण की अहमियत सिखाती है।

# ब्वॉयफ्रेंड के शौक पूरा करने के लिए बनी चोर, अजब प्रेम की गजब कहानी



**बहराइच।** गर्लफ्रेंड के शौक पूरे करने के लिए युवकों के चोर बनने की खबरें तो आपने जरूर सुनी होंगी, लेकिन यूपी के बहराइच में एक युवती अपने ब्वॉयफ्रेंड के महंगे शौक पूरे करने के लिए जुर्म का रास्ता चुन लिया। युवती जिस घर में झाड़ू-पोछा लगाने का काम करती थी। उसी घर में लाखों की चोरी कर डाली।हालांकि, पुलिस ने युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सारा माजरा साफ हो गया। दरअसल, शहर के काजीपुरा निवासी शाहिद सगीर के घर चोरी हुई थी। इस वारदात को पड़ोस में रहने वाली युवती ने अंजाम दिया था। जब घटना की सूचना पुलिस को मिली तो जांच पड़ताल शुरू हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो आरोपी की पहचान हो गई। पुलिस की माने तो आरोपी ने सोने-चांदी के जेवर के साथ ही 40 हजार की नगरी पर भी हाथ साफ किया था। पुलिस पूछताछ के दौरान मामले का पर्दाफाश हुआ। पूछताछ में पता चला कि वह जिस घर में साफ-सफाई का काम करती थी, वहीं पर 7 से 8 लाख रुपए की चोरी की। साथ ही मकान मालिक के घर की तिजोरी में रखे सोने-चांदी के लाखों के जेवर को भी साफ कर दिया।शातिर चोरनी ने अपने ब्वॉयफ्रेंड को 1 लाख 27 हजार रुपए की राइडर बाइक दिलाई। चोरी के बाद शहर के एक सर्राफा कारोबारी के पास सोने-चांदी के जेवरात बेच दिए. जब इस वारदात का खुलासा हुआ तो आरोपी पुलिस के साथ मौके पर जाकर खरीदार के दुकान की पहचान करवाई।



# मृणाल और अदिवी शेष की 'डकैत' का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'डकैत'का सोमवार को टीजर जारी हो गया है। टीजर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है। टीजर में फिल्म की प्रमुख स्टारकास्ट अदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप नजर आ रहे हैं। फिल्म का नाम 'डकैतः एक प्रेम कथा' है, ऐसे में फिल्म में एक्शन के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी देखने को मिलेगा। 1 मिनट 1 सेकंड के इस टीजर की शुरूआत अदिवी शेष के एक वाइस ओवर से होती है। जबकि मृणाल ठाकुर की आखों में आंसू हैं और वो परेशान दिखती हैं। वाइस ओवर में कहता है, 'जूलियट तेरे साथ सबने बहुत गलत किया है।

लाइफ Style

# दिशा

## बैकलेस टॉप पहनकर सड़कों पर निकलीं घूमने

एजेंसी ⏭ मुंबई

अपने बोल्ड लुक्स के लिए मशहूर बॉलीवुड की हॉट अभिनेत्री दिशा पाटनी इन दिनों एफ1 ग्रैंड प्रिक्स 2025 के लिए मोनाको में हैं। यहां से अभिनेत्री का एक वीडियो और कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें दिशा हमेशा की तरह काफी हॉट नजर आ रही हैं।

वीडियो में दिशा स्टाइलिश बैकलेस टॉप में अपने दोस्तों के साथ सड़क पर घूमती नजर आ रही हैं। बैकलेस टॉप में घूमते हुए दिशा का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल है। लोग एक बार फिर दिशा के बोल्ड लुक से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। फैंस उनके बोल्ड फैशन की भी तारीफ कर रहे हैं। वायरल वीडियो में दिशा एक स्टाइलिश फ्रंट रैप और स्ट्रिंग-टाई बैक के साथ बैकलेस चॉकलेट ब्राउन टॉप में बाहर निकलती हुई दिखाई दे रही हैं। उन्होंने इस लुक को लूज-फिटेड जींस के साथ पेयर किया है और अपने फैशनेबल अंदाज में सड़कों पर घूमती नजर आ रही हैं। इस दौरान दिशा अपने कंधे पर छोटा सा क्लच बैग भी टांगे हुए हैं। वीडियो के अलावा दिशा की कुछ तस्वीरें भी इसी लुक में वायरल हैं। तस्वीरों में दिशा कहीं खड़ी हैं। इन तस्वीरों में दिशा उसी डीप नेक लाइन वाले चॉकलेट ब्राउन टॉप में नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने इस आउटफिट को बेज हैंडबैग और डार्क सनग्लासेस के साथ कंपलीट किया है। इस दौरान किसी तस्वीर में दिशा के बाल खुले नजर आ रहे हैं, तो एक तस्वीर में उन्होंने अपने बालों को समेटे हुआ है। इन तस्वीरों में दिशा काफी हॉट और स्टनिंग लग रही हैं।



हॉलीवुड मसाला



# 'मिशन इंपॉसिबल 8' का जलवा...

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल 8' हॉलीवुड फिल्में है। एक्शन से भरपूर 'मिशन इम्पॉसिबल 8' ने वीकेंड पर धांसू कमाई की है। फिल्म की कमाई से लग रहा है की फैंस को टॉम क्रूज की फिल्म बेहद पसंद आ रही है। हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग' भारतीय सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। यह फिल्म भारत में 17 मई को रिलीज हुई थी। रविवार को टॉम क्रूज की एक्शन ड्रामा सो भरपूर फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग' ने 6.3 करोड़ रुपए का कारोबार किया है।




# दोस्तों संग पार्टी करती दिखीं हेली बीबर...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर जस्टिन बीबर अक्सर ही कंट्रोवर्सी का शिकार हो जाते हैं। हाल ही में ही जस्टिन अपनी ही वाइफ पर एक टिप्पणी करने के लिए ट्रोल हुए। इस पूरे मामले के बीच जस्टिन की पत्नी हेली बीबर अपने दोस्तों संग पार्टी करती दिखीं। इस पार्टी में सिंगर जस्टिन नजर नहीं आए। टीनएज में ही एक्ट्रेस-सिंगर सेलिना गोमेज से जस्टिन का अफेयर हुआ। इन दोनों की जोड़ी को फैंस काफी पसंद करते थे, लेकिन कुछ सालों बाद ये अलग हो गए। साल 2018 में जस्टिन ने हैली नाम की मॉडल से शादी कर ली। दोनों एक खुशहाल जिंदगी भी जी रहे हैं, लेकिन हाल ही में इनके बीच मनमुटाव देखने को मिला। इसकी वजह कहीं ना कहीं जस्टिन ही बने हैं।



# जारी हुआ 'मां' का पहला पोस्टर...

**मुंबई।** अभिनेत्री काजोल इन दिनों सुर्खियों में हैं। वह अपनी आने वाली फिल्म 'मां' को लेकर उत्साहित हैं। काजोल ने सोशल मीडिय प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म 'मां' का पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में काजोल और एक शैतान नजर आ रहा है। दोनों एक-दूसरे को गुस्से से देख रहे हैं। दोनों एक-दूसरे पर चिल्लाते हुए नजर आ रहे हैं। पोस्टर के ऊपर लिखा है 'रक्षक, भक्षक और मां'। काजोल ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें जबरदस्त ऑडियो सुनाई दे रहा है। यह ऑडियो कॉफी जोशीला है। ऐसा लगता है काजोल शौतान से लड़ने को तैयार हैं। काजोल ने पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा है 'रक्षक, भक्षक, मां। बचाने वाली। बर्बाद करने वाली। चार के दिन के बाद ट्रेलर आएगा। ख्याल रहे काजोल की फिल्म 'मां' हॉरर, सुपरनेचुरल ड्रामा है।



# मैं बड़े पर्दे के लिए बना हूं : जॉन

**मुंबई।** मौजूदा वक्त में ओटीटी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए हर बॉलीवुड स्टार अब ओटीटी पर डेब्यू कर रहा है। इस लिस्ट में अजय देवगन और शाहिद कपूर सरीखे स्टार्स भी शामिल हैं। हालांकि, अभिनेता जॉन अब्राहम खुद को इस लिस्ट से फिलहाल दूर रखना चाहते हैं। वो ये नहीं मानते कि उन्हें अभी ओटीटी डेब्यू करने की जरूरत है। उनका मानना है कि वो सिनेमाघरों के लिए ही बने हैं। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में, मुझे लगता है कि मैं बड़े पर्दे के लिए बना हूं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उतरने के लिए बड़े स्तर पर सेटअप और एक डेडिकेटेड टीम की जरूरत होती है। फिर भी क्रिएटर अक्सर प्रोजेक्ट्स का अधिकार या मालिकाना हक नहीं रख पाते। अभिनेता ने आगे कहा, कमाई का पैसा आमतौर परक्ट की लागतों से ऑफसेट होताहै। जिससे प्रोजेक्ट कम सफल या सार्थक हो जाता है।

टीवी मसाला



# अचानक गायब हुए टीवी के ये लीड एक्टर्स, अब कैसे दिखते और क्या करते हैं?

*नई दिल्ली।* टेलीविजन की दुनिया में कई ऐसे सितारे हैं जिन्होंने 90 के दशक में कई सुपरहिट सीरियल्स में काम किया। कुछ शोज तो इतने हिट हुए कि सालों-साल टीवी पर राज करते रहे। इन हिट शोज के मुख्य किरदारों को भी गजब की पॉपुलेरिटी मिली, जिसके बाद वो घर-घर में पहचाने जाने लगे। आज आपके ये चहेते सेलेब्स कहां हैं और क्या कर रहे हैं, चलिए आपको बताते हैं। स्टार प्लस के सीरियल 'कुमकुम प्यारा सा बंधन' में कुमकुम की भूमिका निभाकर जूही परमार घर-घर में छा गई थीं। दर्शक जूही की एक झलक पाने के लिए बेताब रहते थे। इतने सालों में जूही काफी बदल चुकी हैं। जूही बीच-बीच में कोई ना कोई शो में नजर आ जाती हैं। इसके अलावा वो बेटी समायरा की सिंगल मदर के तौर पर परवरिश कर रही हैं। शो 'शरारत' में जिया के किरदार में छा जाने वालीं श्रुति सेठ कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। हालांकि असली पहचान उन्हें 'शरारत' में उल्टे-पुल्टे जादू करने वाली परी के तौर पर ही मिली। श्रुति आज अभिनेत्री होने के साथ-साथ माइंड कोच भी हैं और मेंटल हेल्थ पर लोगों को ट्रेन करती हैं। इसके अलावा वो अपने पति और बेटे के साथ पारिवारिक जीवन में भी खुशहाल जिंदगी जी रही हैं। एकता कपूर के शो 'काव्यांजलि' से एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी ने टीवी की दुनिया में कदम रखा था। उससे पहले वो सोहेल खान, तुषार कपूर के साथ फिल्मों में बतौर लीड हीरोइन काम कर चुतकी थीं लेकिन उन्हें भी छोटे पर्दे पर कामयाबी का स्वाद चखने को मिला। अनीता का लुक भी अब काफी बदल चुका है। उन्होंने अभी हाल ही में कलर्स का 'सुमन इंदौरी' नाम का एक शो किया है। 90 के दशक में घर-घर में 'हातिम' के नाम से पहचाने जाने वाले एक्टर राहिल का लुक भी काफी बदल चुका है। राहिल वर्तमान में टीवी शो 'अनुपमा' में नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेता काफी एक्टिव रहते हैं। टीवी शो 'कसम से' में बानी के किरदार में प्राची देसाई को भी खूब लोकप्रियता मिली थी, लेकिन उसके बाद 'रॉक ऑन', 'एक विलेन' जैसी फिल्मों में नजर आने के बाद वो अचानक लाइमलाइट से गायब ही हो गईं। प्राची ने पिछले साल आई फिल्म 'साइलेंस 2: द नाइट आउल बार शूटआउट' में इंस्पेक्टर संजना की भूमिका निभाई थी, जिसमें वो एक्टर मनोज बाजपेयी के साथ दिखी थीं। 'कहीं किसी रोज' सीरियल में शाइना का किरदार आपको याद होगा। मौली गांगुली ने सालों पहले उस किरदार से घर-घर में पहचान बनाई थी। लेकिन उसके बाद उन्हें भी किसी और सीरियल से कोई खास पहचान नहीं मिली। हालांकि मौली आज भी एक्टिंग की दुनिया में एक्टिव हैं और बीच-बीच में छोटे पर्दे पर नजर आ ही जाती हैं। 'कहीं किसी रोज' शो में मौली के देवर बने एक्टर मजहर सईद ही रियल लाइफ में उनके पति हैं। अनीश के किरदार में नजर आने वाले अभिनेता वर्तमान में क्राइम पेट्रोल में इंस्पेक्टर के रूप में काम कर रहे हैं। एक्ट्रेस निवेदिता भट्टाचार्य भी एक समय पर टीवी का लोकप्रिय चेहरा हुआ करती थीं।

# सिनेमा की सुपरस्टार है ये बच्ची, अपने समय में सबसे ज्यादा लेती थी फीस...

*नई दिल्ली।* साल 1950 और 1960 के दशक की दिग्गज अभिनेत्रियों में से एक मीना कुमारी की कई फिल्में आज भी सदाबहार है। वहीं, अगर आपको लगता है कि हर अभिनेत्री की जिंदगी खुशनुमा होती है, तो ऐसा नहीं है। आज हम मीना कुमारी के बारे में बताने जा रहे हैं, एक प्रसिद्ध अभिनेत्री के बावजूद उनकी जिंदगी में सब कुछ ठीक नहीं रहा। जहां वह अपने दौर की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री थीं, वहीं उन्हें जीवन के आखिरी दिनों में आर्थिक तंगी का सामना किया और उन्हें 'ट्रेजेडी क्वीन' कहा गया। यह बात सभी जानते हैं कि मीना एक बार पहले से शादीशुदा कमाल अमरोही से प्यार करने लगी थीं और अपनी शादीशुदा जिंदगी में घरेलू हिंसा का शिकार हो गई थीं। इस तरह, 1968 में उनका तलाक हो गया। इसके बाद, मीना लंबे समय तक डिप्रेशन में रहीं और शराबी व्यवहार की शिकार हो गईं, जिसके चलते उनकी सेहत बिगड़ती चली गई। इसके बाद उन्हें लिवर सिरोसिस का पता चला और काफी समय तक कोमा में रहने के बाद, 31 मार्च, 1972 को महज 38 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया से अलविदा कह दिया।

## शव को छोड़ने के लिए 3500 रुपए नहीं दे पाया



कमाल अमरोही द्वारा निर्देशित उनकी आखिरी फिल्म 'पाकीजा' की रिलीज के एक महीने बाद ही मीना कुमारी का निधन हो गया था। हालांकि, अपनी असामयिक मृत्यु से पहले आखिरी दिनों में अभिनेत्री को भारी आर्थिक संघर्ष का सामना करना पड़ा। इतना कि उनका परिवार उनके अस्पताल में भर्ती होने का खर्च भी नहीं उठा सका। साल 2014 में एक पुराने इंटरव्यू में, मशहूर निर्देशक बिमल रॉय की बेटी रिंकी रॉय भट्टाचार्य ने खुलासा किया कि मीना कुमारी का परिवार भी अपनी अस्थिर वित्तीय स्थिति के कारण उनके शव को छोड़ने के लिए 3500 रुपए का भुगतान करने में असमर्थ था।

***एक फिजिशियन ने छुड़ाया मीना कुमारी का शव*** : मीना कुमारी का शव आखिरकार एक फिजिशियन की मदद से बाहर निकाला गया। दरअसल अस्पताल के अंदर जो फिजिशियन था, वह मीना कुमारी का बहुत बड़ा फैन था। ऐसे में उन्होंने परिवार को मीना का शव दिलाने के लिए 3500 रुपए का भुगतान किया था।

# सस्पेंस थ्रिलर से भरपूर है फिल्म 'स्टोलेन'

**मुंबई।** अभिषेक बनर्जी एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। सस्पेंस थ्रिलर से भरपूर इस फिल्म में अभिषेक अपनी पिछली फिल्मों से अलग अवतार में नजर आएंगे। 'स्त्री'में हंसाने वाले अभिषेक बनर्जी इस बार किडनैपिंग से जुड़ी कहानी 'स्टोलेन'लेकर आए हैं। फिल्म का टीजर और उसकी रिलीज डेट सोमवार को जारी कर दी गई है। करण तेजपाल द्वारा निर्देशित 'स्टोलेन'आजकल की सोच वाले दो भाइयों की कहानी है। जो एक गांव के रेलवे स्टेशन पर एक गरीब मां के बच्चे का अपहरण होते देखते हैं। इसके बाद वो उनकी मदद करने का प्रयास करते हैं। इसके बाद कैसे कहानी मोड़ लेती है और उनकी जान जोखिम में पड़ जाती है, ये फिल्म में देखने को मिलेगा। 'स्टोलेन'4 जून को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। फिल्म को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना मिली है। वेनिस फिल्म फेस्टिवल में दमदार डेब्यू के साथ 'स्टोलन' को कई फिल्म फेस्टिवल में ऑडियंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म ने दुनियाभर के कई फिल्म फेस्टिवल्स में शानदार प्रदर्शन किया है और कई पुरुस्कार भी हासिल किए हैं। भारत में इस फिल्म का प्रीमियर जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में हुआ और बाद में इसे 28वें केरल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया। करण तेजपाल द्वारा निर्देशि इस फिल्म में अभिषेक बनर्जी के अलावा हरीश खन्ना, मिया मैल्जर, साहिदुर्रहमान और शुभम समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।




## कोई घर की बालकनी से मौसम का आनंद ले रहा, तो कोई छाते के साथ कर रहा डांस

# नुसरत-श्रद्धा से लेकर माधुरी के रेन डांस तक, मुंबई की बारिश में भीगा बॉलीवुड

***मुंबई।*** *मुंबई की पहली बारिश ने जहां आम जनता को राहत दी, वहीं बॉलीवुड सितारों को भी इस मौसम ने अपनी ओर खींच लिया। सोशल मीडिया पर एक के बाद एक सेलेब्स की तस्वीरें और वीडियोज सामने आ रही हैं, जिसमें वो जमकर इस मौसम का लुत्फ उठा रहे हैं। कोई घर की बालकनी से मौसम का आनंद ले रहा है, तो कोई छाते के साथ रेन डांस कर रहा है।*

### छाता लेकर झूमती आईं नजर



सबसे पहले बात करें बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित की, तो इस बार वो अपने वर्क कमिटमेंट्स से दूर छुट्टियां मना रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो शेयर किया जिसमें वो गुलाबी को-ऑर्ड सेट में छाता लेकर बारिश में झूमती नजर आईं। उनका ये अंदाज फैंस को बेहद पसंद आया और सोशल मीडिया पर इस वीडियो को खूब लाइक और शेयर किया जा रहा है। माधुरी ने इस वीडियो के जरिए दिखा दिया कि कैसे उम्र के हर पड़ाव पर जिंदगी को खुलकर जीया जा सकता है।

### नुसरत ने छोड़ी जिम



वहीं, एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने जिम शेड्यूल को किनारे रखकर इस मौसम का मजा लिया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं जिसमें वो स्पोर्ट्सवियर में बालकनी में खड़ी होकर कॉफी का आनंद लेती दिखीं। उनके चेहरे की मुस्कान और फोटोज के कैप्शन ने बता दिया कि वो इस मौसम को कितनी शिद्दत से एंजॉय कर रही हैं।

### वर्कफ्रंट पर नुसरत-श्रद्धा

वर्कफ्रंट की बात करें तो नुसरत भरूचा हाल ही में फिल्म 'छोरी 2' में नजर आई थीं, जिसने दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स पाया था। श्रद्धा कपूर अपनी हिट फिल्म 'स्त्री' के सीक्वल 'स्त्री 2' में दिखाई दीं। वहीं माधुरी दीक्षित अमेजन प्राइम की फिल्म 'मजा मा' में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं।

### श्रद्धा ने भी लिया बारिश का मजा



श्रद्धा कपूर भी इस मौके पर पीछे नहीं रहीं। उन्होंने कुछ मजेदार फोटोज शेयर कीं जिनमें वो कभी आम खा रही थीं, तो कभी अपने पेट डॉग्स के साथ खेलती नजर आईं। श्रद्धा ने अपने पोस्ट में कैप्शन लिखने से भी इनकार कर दिया और कहा, 'नहीं लिखना कैप्शन, मेरी मर्जी।' इस सिंपल और सुलझे हुए अंदाज को फैंस ने खूब सराहा और तस्वीरों पर दिल खोलकर रिएक्शन दिए।




# क्रिकेट इतिहास में बना शर्मनाक रिकॉर्ड, केवल 2 रन पर पूरी टीम आउट

## इंग्लैंड की मिडलसेक्स काउंटी लीग में एक रन बल्ले से और एक वाइड बॉल से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट को अनिश्चितताओं वाला खेल कहा जाता है और इंग्लैंड की मिडलसेक्स काउंटी लीग में हुआ एक मुकाबले ने इसे साबित भी कर दिया है। इस मैच में एक ऐसा रिकॉर्ड बन गया जो क्लब क्रिकेट के इतिहास में दर्ज हो गया। दरअसल, नार्थ लंदन क्रिकेट क्लब और रिचमंड क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए इस मैच में रिचमंड क्लब की पूरी टीम महज 2 रन पर ऑलआउट हो गई। शर्मनाक बात तो यह है कि इन दो रनों में भी एक रन वाइड बॉल का था और बल्ले से सिर्फ एक रन ही निकला।

### ऐसे चला रोमांचक मुकाबला...

मिडलसेक्स काउंटी लीग के थर्ड-टियर डिविजन वन के एक मैच में नॉर्थ लंदन की थर्ड इलेवन ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवर में 426/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसमें 63 वाइड और 16 नो बॉल सहित कुल 92 रन अतिरिक्त थे। इसके बाद 427 रन का लक्ष्य लेकर उतरी रिचमंड क्लब फोर्थ इलेवन की पूरी टीम 5.2 ओवर में 2 रन पर ढेर हो गई और 424 रन से मुकाबला हार गई।



### रिचमंड क्लब के 9 बल्लेबाज नहीं खोल सके खाता

रिचमंड क्लब के लिए 1 रन नंबर-4 के बल्लेबाज ने बनाया, जबकि दूसरा रन वाइड के रूप में मिला। टीम के 9 बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके, यानी वे शून्य पर आउट हुए। नॉर्थ लंदन के लिए मैट रोसन ने 3 ओवर में 5 विकेट लिए और कोई रन भी खर्च नहीं किया। इसी तरह टॉम स्पॉटन ने 2.4 ओवर में सिर्फ 2 रन देकर 4 विकेट झटके और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

### किसके नाम दर्ज है सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड?

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड 1810 में बने ऐतिहासिक मैच के नाम है, जब द बीएस टीम इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में 6 रन पर ढेर हुई थी। हालांकि, क्लब क्रिकेट के हिसाब से अब यह सबसे कम स्कोर माना जा रहा है। रिचमंड क्लब के उपाध्यक्ष स्टीव डीकिन ने कहा कि यह एक 'परफेक्ट स्टॉर्म' जैसी स्थिति थी। उनके क्लब के पास नियमित टीम के खिलाड़ी ही मौजूद नहीं थे। इसी वजह ऐसा प्रदर्शन रहा।

खास खबर

## लाहौर कलंदर्स ने 4 साल में तीसरी बार जीता पीएसएल का खिताब

### विजेता टीम को मिले मात्र 4.24 करोड़ रुपए




**लाहौर।** जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने टॉस से महज 10 मिनट पहले इंग्लैंड से यहां पहुंचकर लाहौर कलंदर्स को चार साल में पाकिस्तान सुपर लीग का तीसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। लाहौर पहुंचने के लिए कई उड़ान लेने वाले रजा पर थकान का कोई लक्षण नहीं दिखा। अशरफ की 20वें ओवर में आतिशी बल्लेबाजी ने हालांकि क्वेटा को छह साल में अपना पहला पीएसएल खिताब जीतने की उम्मीद दी, लेकिन रजा ने उनके सपने को तोड़ दिया। खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर भी मिले जो करीब 4.24 करोड़ रुपए बनते हैं। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर मिले, जो लगभग 1.69 करोड़ रुपए बनते हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 14 | 9 | 4 | 19 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 14 | 8 | 6 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



साई सुदर्शन — 679 रन — गुजरात

नूर अहमद — 24 विकेट — चेन्नई

### खबर संक्षेप



#### पंजाब किंग्स से हार हमारे लिए चेतावनी की तरह : रिकेल्टन


**जयपुर।** मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने स्वीकार किया कि पंजाब किंग्स से सात विकेट की हार एक चेतावनी की तरह है लेकिन उन्हें विश्वास है कि पांच बार की चैंपियन टीम में आईपीएल एलिमिनेटर जीतने के लिए जरूरी क्षमता है। मुंबई ने सोमवार को पंजाब के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच में हारकर शीर्ष दो में जगह बनाने का मौका गंवा दिया।

# सूर्यकुमार का धमाका! बल्लेबाजी में इतिहास रचकर तोड़ा तेंदुलकर का 15 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सूर्यकुमार यादव इस साल आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हर मैच में 25 से ज्यादा रन बनाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ में पहुंच चुकी है और टॉप 2 में जगह बनाने के लिए टीम पंजाब के खिलाफ जीत दर्ज करना चाहेगी। पंजाब किंग्स के खिलाफ भी सूर्यकुमार यादव ने मुंबई के लिए कमाल की बल्लेबाजी की।

जयपुर के मैदान में पंजाब के गेंदबाज अर्शदीप सिंह और मार्को जेन्सन की तेज गेंदों का सामना करते हुए, सूर्या ने अपनी 360-डिग्री बल्लेबाजी का जादू दिखाया। स्कूप शॉट्स, लॉफ्टेड कवर ड्राइव्स और छक्कों की बरसात ने पंजाब के गेंदबाजों को हैरान कर दिया। उस मैच में सूर्या ने 39 गेंदों में 57 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे। साल 2025 में 618 रन से अधिक बनाकर सूर्यकुमार यादव अब इस लिस्ट में टॉप पर पहुंच गए हैं।




### आईपीएल में और रिकॉर्ड बनाने के करीब

मुंबई इंडियंस की ओर से 14 मैच खेलकर 618 से अधिक रन बना लिए हैं। अब तक उनका औसत 72.87 का है और वे 170 से भी ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं। उनके पास इस सीजन 700 का आंकड़ा पार करने का मौका भी बना हुआ है। इसके साथ ही सूर्यकुमार यादव मुंबई के लिए दो सीजन में 600 से अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले उन्होंने साल 2023 के दौरान 600 से अधिक रन बनाए थे।

### 15 साल बाद टूटा सचिन का रिकॉर्ड

इस पारी के साथ, उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 15 साल पुराने 2010 के 618 रनों के रिकॉर्ड को 619 रन बनाकर तोड़ दिया। सचिन, जिन्हें क्रिकेट का भगवान कहा जाता है, ने 2010 में मुंबई के लिए 618 रन बनाए थे। सूर्या, जो सचिन को अपना आदर्श मानते हैं, ने इस रिकॉर्ड को तोड़ने के बाद कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है। सचिन पाजी का रिकॉर्ड तोड़ना सपने जैसा है।

### आईपीएल 2025 में जमकर चमके सूर्य

सूर्या का 2025 का सीजन शानदार रहा, जिसमें 171 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट और 14 पारियों में 25+ का स्कोर शामिल था। इसके पहले, 2023 में भी सूर्या ने 605 रन बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। सचिन 2011 में भी 553 रन बना चुके थे। लेंडल सिमंस साल 2015 में 540 रन तो रोहित शर्मा साल 2013 में 538 रन बना चुके हैं। लेकिन साल 2025 में सूर्या का जलवा बेमिसाल था।

## श्योराण और नीरू दूसरे शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष पर रहे

**नई दिल्ली।** लक्ष्य श्योराण और नीरू ढांडा ने मंगलवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित दूसरी शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स की ट्रैप फ़ाइनल स्पर्धा में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। लक्ष्य ने क्वालिफिकेशन में 120 अंक हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने फाइनल में 43 अंक हासिल कर जसविंदर सिंह को दो अंकों से पछाड़कर जीत दर्ज की। भवनीश मेंदीरत्ता ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग के जिन निशानेबाजों ने हाल ही में जर्मनी के सुहल में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में भाग लिया है, उनके स्कोर पर भी चयन समिति द्वारा विचार किया जायेगा क्योंकि ट्रायल दो के आयोजन की तारीखें उससे टकरा रहीं है।

**नीरू ने दी आशिमा को करीबी मात**

राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ने महिला वर्ग के फाइनल में आशिमा अहलावत को 40-39 के करीबी अंतर से मात देकर शीर्ष स्थान हासिल किया। ओलंपियन राजेश्वरी कुमारी ने 31 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले क्वालीफिकेशन चरण में जंगशेर एस. वीरक ने 119 अंक हासिल करते हुए लक्ष्य के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## सिनर ने जीता लगातार 15वां ग्रैंडस्लैम

**पेरिस।** यानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के आर्थर रिंडरक्नेच पर 6-4, 6-3, 7-5 से जीत हासिल करते हुए ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में अपनी जीत के सिलसिले को 15 मैचों तक पहुंचा दिया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध की सजा काटने के बाद अपने दूसरे टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था। इटली के इस 23 वर्ष के खिलाड़ी में अभी तक तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं लेकिन फ्रेंच ओपन में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचना था। इस बीच महिला वर्ग में नाओमी ओसाका का सफर पहले दौर में ही समाप्त हो गया। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन जापान की इस खिलाड़ी को 10वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा ने 6-7 (1), 6-1, 6-4 से हराया।



नॉर्वे शतरंज

## कार्लसन ने रोमांचक मुकाबले में विश्व चैंपियन गुकेश को हराया




एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर (नॉर्वे)

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अंतिम क्षणों में अपनी विशेषज्ञता का शानदार नमूना पेश करते हुए यहां खेले जा रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए।

पांच बार के विश्व चैंपियन 34 वर्षीय कार्लसन और उनसे आधी उम्र के गुकेश के बीच खेले जा रहे इस मैच को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला माना जा रहा था। इस टूर्नामेंट में ओपन और महिला वर्ग में चोटी के छह छह खिलाड़ी भाग में रहे हैं। कार्लसन और गुकेश का मैच निर्णायक क्षणों तक चला, जिसमें नॉर्वे के खिलाड़ी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी पर आखिर में दबाव बनाकर जीत हासिल की। कार्लसन की शुरुआत हालांकि उम्मीद के अनुरूप नहीं रही और उन्होंने बाद में इसे स्वीकार भी किया।

### हर मैच में जीतना आसान नहीं : कार्लसन

कार्लसन ने कहा, ''मुझे अभी अहसास हुआ कि मैं कुछ भी नहीं जानता। मैंने उन्हें आश्चर्य चकित करने की कोशिश की। मैंने उसी तरह का खेल खेला जैसे मैं हमेशा खेलते रहा हूं। इस टूर्नामेंट में हर मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं है।'' असल में काले मोहरों से खेल रहे गुकेश ने 11वीं चाल तक अपने प्रतिद्वंद्वी की सफेद मोहरों की बढ़त को बेअसर कर दिया था।

### गुकेश ने कार्लसन को अंत तक दबाव में रखा

गुकेश ने चार घंटे से अधिक समय तक चले क्लासिकल शतरंज के इस मुकाबले में अधिकतर समय तक नॉर्वे के गत चैंपियन को दबाव में रखा, लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने एक गलती की जिसका फायदा उठाकर कार्लसन ने 55 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से कार्लसन ने तीन अंक अर्जित किए और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। नाकामुरा ने हमवतन फैबियानो कारूआना को हराया।

# एशियाई एथलेटिक्स: गुलवीर ने स्वर्ण और सर्विन ने जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| गुमी (दक्षिण कोरिया)

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह ने मंगलवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत को प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए 59 सदस्यीय दल भेजा है। भारत ने पिछली बार इस चैंपियनशिप में 27 पदक जीते थे।

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 26 वर्षीय गुलवीर ने 28 मिनट 38.63 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27:00.22 सेकंड है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में बनाया था। जापान के मेबुकी सुजुकी (28:43.84) ने रजत, जबकि बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप (28:46.82) ने कांस्य पदक जीता।




### सर्विन पैदल चाल में जीता कांस्य

इससे पहले दिन में सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक घंटा 21 मिनट और 13.60 सेकंड (1:21:13.60) का समय लेकर कांस्य पदक जीतकर भारत का प्रतियोगिता में खाता खोला था। चीन के वांग झाओझाओ (1:20:36.90) और जापान के केंटो योशिकावा (1:20:44.90) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। सर्विन सेबेस्टियन का समय उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 1:21:23 से थोड़ा अधिक था, जो उन्होंने इस वर्ष फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अमित 1:22:14.30 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

### अंक तालिका में आखिरी स्थान पर रही चेन्नई सुपर किंग्स 14 मैचों में 10 मैच हारी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स का सफर खत्म हो चुका है। लीग के अपने अंतिम मैच में सीएसके ने गुजरात टाइटंस को हराया, लेकिन इसके बावजूद यह टीम इस बार अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही। यह आईपीएल इतिहास में पहली बार हुआ है कि सीएसके ने अंक तालिका में सबसे अंतिम स्थान पर अपना सफर समाप्त किया हो। चेन्नई सुपर किंग्स का आईपीएल 2025 का सफर चुनौतियों से भरा रहा। टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही। लीग के अपने पहले मैच में सीएसके ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ शानदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद 14 में से 10 मैच हार गए।

**M.P. POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN Co. Ltd.**
Regd. Office - Block No. 8, 3rd Floor, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur-482 008 (M.P.) 1912
CIN :U40109MP2002SGC015120Tel-0761-2666040, Extn. 270-2473/2425, Fax 0761-2660048
Website: www.mpez.co.in, emasil: cepurez@yahoo.in

No. 128 **NOTICE INVITING TENDER** Dtd: 24.05.2025

Online tenders are invited from the Contractors having A class electrical license issued from Electrical Inspectorate, Govt. of MP Bhopal and registered with the MPPKVVCL with registration fee* of Rs 1 Lakh plus applicable GST or registered in QC Portal as erection Contractor for installation, testing and commissioning of 11 kV line, 11/0.433 kV distribution transformer and LT line under Dharti Aaba Janjatiya (DA-JGUA) schemes in the area of O&M Circle Shahdol, MPPKVVCL, as per scope of work detailed below:-

| Sl. No. | TS No. (For e-Tendering) Discom-EZ/Pur | Particular of work | Approx Value (Rs. in Lakhs) | Tender Fee (in Rs) | Due date & time of opening of tender online from 10.30 Hrs |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 128 (e-Tender No. 426301) | Installation, testing and commissioning of11 KV Line, Distribution Transformer, LT line & providing Household Connection with House Wiring to Dharti Aaba Janjatiya (DA-JGUA) households in the O&M Circle Shahdol. | 368.24/- With GST | 5900/- | 10.06.2025 |

NOTE: -1. Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in. 2. The under signed reserves the right to accept/reject all/ any offer without assigning any reason what so ever.

Superintending Engineer(O&M)
MPPKVVCL, Shahdol

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, (म.प्र.)**

N.I.T. No/PWD/2025-26/12/06/E-tendering/PRO181 Dated 23/05/2025

**प्रथम निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_426120_1 27/05/2025 | महर्षि अरविंद वार्ड में दंगल मैदान एवं भानतलैया स्कूल परिसर में सीमेंटीकरण कार्य। (निगम मद) | 03 माह 9.75 लाख | 2000/- 9756/- | 12/06/2025 |
| 1 | 2025_UAD_426120_2 27/05/2025 | पं. लोकमान्य बालगंगाधर तिलक वार्ड अंतर्गत तुलसा यादव के मकान से नाले के किनारे कुँए तक सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह 4.00 लाख | 2000/- 4000/- | 12/06/2025 |
| 1 | 2025_UAD_426120_3 27/05/2025 | पं. लोकमान्य बालगंगाधर तिलक वार्ड अंतर्गत घंटाघर के समीप रपटे में रिटेरिंगवॉल, सीमेंटीकरण एवं अन्य आवश्यक कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह 3.96 लाख | 2000/- 3964/- | 12/06/2025 |

नोट – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम जबलपुर

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
जबलपुर अंचल कार्यालय: राईट टाउन, जबलपुर– 482001, फोन: 0761- 2480065 ई–मेल: dzmjabalpur@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।
ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :–

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा - नारायणपुर उधारकर्ता - 1. श्रीमती इंद्रा गिरी गोस्वामी 2. श्री दिनेश गिरी गोस्वामी | Rs.783851/- (Rupees Seven Lakh Eighty Three Thousand Eight Hundred Fifty One Only) plus applicable unapplied interest, Penal Interest thereon and other charges and expenses w.e.f 13.03.2025 | 1. अचल संपत्ति का समस्त भू-भाग व अंश एवं उस पर निर्माण जो खसरा नं. 775/1, 776, 777, 779, 780, 781, 784, 794, 795 में स्थित नामांतरण के पश्चात खसरा नं. 794/48, लेआउट प्लॉट नं. 855 डायवर्सन शीट नं. 12, खसरा नं. 775/1, 776, 777, 779, 780, 781, 784, 794, 795, नामांतरण खसरा नं. 794/48 के पश्चात, लेआउट प्लॉट नं. 855 डायवर्सन शीट नं. 12, ग्राम: पूर्वा, पी सी नं. 28/33, एन बी नं. 162, आरएनएम: जबलपुर- न्यू शास्त्री नगर कॉलोनी, तहसील जबलपुर। लघु वेतन कल्याण सहकारी समिति क्षेत्रफल 1250 वर्ग फीट। सीमा इस प्रकार है - उत्तर:- प्लॉट नंबर 856, दक्षिण:- साइड रोड, पूर्व:- साइड रोड, पश्चिम:- प्लॉट नंबर 854 CERSAI एसेट आईडी: 200011645641 | 13.03.2025 / 23/05/2025 |

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टत: और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।

स्थान – जबलपुर, दिनांक: 28/05/2025
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र

3 सदस्यीय टीम ने एसआरपी आफिस में गवाहों को तलब किया

# राादुविवि कुलगुरु पर लगे आरोपों की एसआईटी ने शुरु की जांच

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राजेश वर्मा पर एक महिला अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार करने के लगे आरोपों की मप्र हाईकोर्ट के निर्देश पर गठित एसआईटी ने जांच शुरु कर दी। गौरतलब है कि मप्र हाईकोर्ट में लंबित एक याचिका पर हाईकोर्ट ने पूरे मामलें की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश डीजीपी को दिए थे। इन निर्देशों के पालन में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मध्यप्रदेश ने तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दी है। बताया गया है यह एसआईटी सोमवार को जबलपुर पहुंची और इस मामलें से जुड़े सभी तथ्यों पर जांच शुरु कर दी गई है। सूत्रों की माने तो रेलवे पुलिस के एसआरपी आफिस में एसआईटी की टीम ने इस मामलें से जुड़े सभी पक्षों को तलब कर पूछताछ शुरु कर दी। एसआईटी के एक्शन के बाद रादुविवि में चर्चाओं का बाजार भी गर्म हो गया है।

बताया गया है कि हाईकोर्ट के निर्देश पर गठित एसआईटी (स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम) का गत दिवस नगर आगमन हो गया है। इस टीम ने एसआरपी आफिस को जांच स्थल बनाया है। यही पर इस मामलें से जुड़े दोनों पक्षों और गवाहों को तलब कर पूछताछ की जा रही है। तीन



सदस्यीय एसआईटी में दो वरिष्ठ महिला अधिकारियों को भी शामिल किया है। एसआईटी की टीम एक एक बिन्दु पर जांच कर रही हैं। मामलें को लेकर पूरी तरह से गंभीरता और गोपनीयता बरती जा रही हैं। इसलिए एसआईटी ने बजाय रादुविवि जाकर एसआरपी आफिस को जांच का केंद्र बनाया है यहीं पर सबको बुलाया जा रहा हैं। हाईकोर्ट के निर्देशों के पालन में एसआईटी काफी सख्त नजर आ रही है। पुलिस मुख्यालय अब इस मामलें में कोई भी लापरवाही बरतने से गुरेज कर रहा हैं।

उल्लेखनीय है कि रादुविवि की एक महिला अधिकारी ने कुलगुरु प्रो. वर्मा पर अभद्र इशारे करने के आरोप लगाते हुए एक शिकायत राजभवन,उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य पक्षों से की थी। महिला अधिकारी का आरोप था कि 21 नवंबर को कुलगुरु चेंबर में एक बैठक के दौरान उन्हें अभद्र इशारे किए गए। जिसे कुलगुरु के चेंबर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग में देखा जा सकता है। शिकायत कर्ता महिला अधिकारी ने सीसीटीवी फुटेज को अहम सबूत बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से फुटेज दिए जाने की मांग भी की थी।

लेकिन जब लंबा समय बीत जाने के बाद भी न तो जांच की गई और न ही सीसीटीव्ही फुटेज दिए गए। तब जाकर मिले तो उक्त महिला अधिकारी ने मप्र हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट में जब इस बात की सुनवाई हुई तो मामला गंभीर हो गया और जांच कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर इस घटनाक्रम में जांच को प्रभावित करने की बात सामने आई, जिस पर हाईकोर्ट ने जिरह के बाद एसआईटी गठित करने के निर्देश डीजीपी को दिए। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद डीजीपी द्वारा गठित एसआईटी ने जांच शुरु कर दी है। आगामी 16 जून तक हर हाल में एसआईटी को रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुत करना है।

सुप्रीम फैसले के बाद भी अवहेलना, हड़ताल की चेतावनी

# मांगों को लेकर निगम कर्मियों में रोष

हरिभूमि जबलपुर।

तकनीकी अधिकारी कर्मचारी संघ के संरक्षक मध्य प्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव पंडित एडवोकेट राम दुबे मध्य प्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय संगठन सचिव कपिल दुबे कॉरपोरेशन कर्मचारी फैडरेशन के संरक्षक विजय दुबे फील्ड वर्कर्स कर्मचारी फैडरेशन के संरक्षक के के दुबे मध्य प्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अनिल तिवारी जिला सचिव बसंत पांडे इकाई अध्यक्ष मुकेश रजक सचिवों की रमेश मिश्रा मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री राकेश समुद्र समुंद्रे ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार नगर निगम जबलपुर के समस्त 57 कर्मचारियों को 2003 से समस्त लाभ और पदोन्नति दिए जाने के उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के निर्देश को सहमति प्रदान करते हुए नगर निगम के दावे को खारिज कर दिया है, इसके बावजूद नगर निगम जबलपुर द्वारा आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। जबलपुर नगर निगम के राजस्व का बुरा हाल है,संपूर्ण राजस्व साल भर कार्य करने के बाद भी नगर निगम के आदेशों की अवमानना का दंश झेलता रहता है ठेके पर आए कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों का प्रभार दे दिया जाता है इन ठेके के कर्मचारियों की गलती का दुष्प्रभाव नियमित कर्मचारियों को झेलना पड़ता है जिसके परिणामस्वरुप जोन नंबर 11 के राजस्व निरीक्षक और सैकड़ो ऐसे ही प्रकरण सामने आए हैं, किसी भी बाहरी व्यक्ति के कहने पर निगम प्रशासन कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया जाता है,जिससे अब नगर निगम का कर्मचारी भारी रोष में है, कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि 2 जून तक यदि निगम प्रशासन ने कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी तो 3 जून से कामबंद हड़ताल की जाएगी।

अवैध अहातों और अवैध शराब के खेल में हो रहा खून खराबा

# ठेकेदारों के इशारे पर नाच रहा आबकारी विभाग!

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर में शराब ठेकों की नीलामी के बाद अब ठेकेदारों के इशारों पर आबकारी विभाग नाच रहा हैं। महंगी दरों पर शराब ठेके नीलाम होने के बाद जबलपुर में शहर के बाहर के जिलों के ठेकेदारों ने शहर में अपना कारोबार शुरु कर दिया है। ओवर रेटिंग और अवैध शराब की बिक्री को लेकर लड़ाई झगड़े और विवाद सामने आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि अब ठेकेदारों के इशारे पर आबकारी विभाग दिखाने के लिए ढाबों और अवैध शराब की बिक्री वालें चिन्हित स्थानों पर लगातार सक्रियता दिखा रहा है, जबकि आबकारी विभाग की एनओसी के बाद विवादित स्थानों पर दुकानें खुल रही है। चंडालभाटा शराब दुकान, स्कूल के ठीक पीछे स्थित है। वहीं रांझी में घनी बस्ती में दुकान खुल गई है। शहर में अवैध शराब की बिक्री तभी रुक पायेगी, जब ठेकेदारों पर आबकारी विभाग लगाम लगा पायेगा। लेकिन नजराने के चक्कर में सबकुछ जानते बूझते हुए भी जिम्मेदारों के आंख और कान दोनों बंद है। शराब ठेकेदारों ने सिंडीकेट बना लिया है, जिससे सारी हदे पार हो रही है। ओवर रेटिंग का मामला सामने आया तो कलेक्टर ने संज्ञान लेकर सुनियोजित तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया, तब जाकर मनमानी सामने आई नहीं तो आबकारी विभाग कुंभकर्णी नींद में सो रहा था।

अब शहर के आबकारी विभाग ने बदले एक महीने से ज्यादा का वक्त हो गया है लेकिन व्यवस्था नहीं बदल सकी। इस बीच शहर में खुलेआम अवैध अहाते चल रहे है और दुकान के बाहर या आड़ में किनारे से दारु बेचने के साथ पिलाने की व्यवस्था भी की जा रही है। शाम ढलते ही सड़कों पर शराबियों का जमघट नजर आने लगता हैं। एक तरफ पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए शाम से देर रात तक वाहन चैकिंग चलवा रहे हैं और शराबी शहर की कानून व्यवस्था बिगाड़ने में लगे हुए हैं। बल्देवबाग, रसल चौक, मालवीय चौक, रानीताल, महानद्दा, मदनमहल, बस स्टैंड में शराब दुकान के बाहर सड़क तक शराबियों के वाहन खड़े रहते हैं। सड़कों पर जाम छलकते रहते हैं। इधर पुलिस चालान में व्यस्त रहती हैं और उधर आबकारी विभाग कुंभकरणीय नींद में सो रहा है।

### शराब दुकानों के पास चल रहे अवैध आहते

शराब दुकान के पास अवैध आहता खोलकर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है शहर और ग्रामीण थाना क्षेत्र में सड़कों पर खुलेआम शराबी शराब पीते नजर आते हैं जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही हैं।

### महिलाएं सड़कों पर कर चुकी हैं विरोध

रांझी, कंतौरा, सहित कई जगहों पर शराब दुकान से परेशान महिलाएं सड़को पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। शराब दुकान हटाने की मांग की जा रही हैं। सड़कों से निकलने पर शराब पीने वाले शराबी गंदे गंदे कमेंट के साथ गालियां देते नजर आते हैं।

### दुकान बंद, खिड़की अबाद

रात 11:30 बजे शराब दुकान बंद होने के बाद भी शराब ठेकेदारों के हौसले बुलंद है जहां पुलिस दुकान बंद तो जरूर करती है लेकिन रात में बिक रही शराब को देखकर भी अनदेखा कर देती है और सूचना देने के बाद पुलिस फॉर्मेलिटी के लिए दुकान बंद करने के लिए पहुंचे तो जाती है।

## जस्टिस विवेक कुमार सिंह मद्रास से मप्र हाईकोर्ट स्थानांतरित

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मद्रास हाईकोर्ट में पदस्थ जस्टिस विवेक कुमार सिंह को मप्र हाईकोर्ट स्थानांतरित करने की अनुशंसा की है। फिलहाल मप्र हाईकोर्ट में 32 जज हैं। जस्टिस डी रमना को आधिकारिक विदाई दी जा चुकी है। 2 जून को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद 31 जज ही रह जाएंगे। वहीं,गत दिवस ही मप्र हाईकोर्ट में तीन नए जज नियुक्त किये गए हैं। इस तरह जस्टिस विवेक कुमार सिंह के आने के बाद मप्र हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 35 हो जाएगी। उधर, मप्र हाईकोर्ट से तेलंगाना हाईकोर्ट गए जस्टिस सुजय पॉल का तबादला कलकत्ता हाईकोर्ट किया गया है। जस्टिस विवेक सिंह ने 1993 में अवधेश प्रताप सिंह विवि रीवा से विधि स्नातक की शिक्षा ली। इसके बाद वे इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने लगे। 22 सितंबर 2017 को वे इलाहाबाद हाईकोर्ट में जज बने। 6 सितंबर 2019 को उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थायी जज की शपथ ली। 23 नवम्बर 2023 के उन्हें मद्रास हाईकोर्ट स्थानांतरित किया गया था।

भविष्य की चुनौतियों से निपटने मुख्यालय में एम.डी. सुनील तिवारी ने किया कार्मिकों से सीधा संवाद

# वर्ष 2047 के विकसित भारत लक्ष्य को लेकर ट्रांसकों की युवा पीढ़ी करे तैयारी

हरिभूमि, जबलपुर।

एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने मुख्यालय जबलपुर में आयोजित संवाद कार्यक्रम में कंपनी के लेखाधिकारियों, विधि अधिकारी,जबलपुर के विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ असिस्टेंट इंजीनियरों , प्रोग्रामर, एच आर मैनेजर और जूनियर इंजीनियरों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि एम पी ट्रांसको की युवा पीढ़ी को केंद्र सरकार के विकसित भारत 2047 लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करना होगा, जिससे न केवल कंपनी अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रख सकेगी, बल्कि वह राष्ट्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगी।उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी का संघर्ष आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनेगा।



### फील्ड की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करें

प्रबंध संचालक ने यह भी उल्लेख किया कि मुख्यालय के अधिकारियों को फील्ड की आवश्यकताओं के अनुरूप अपनी कार्यशैली में लचीलापन लाना होगा। वर्तमान युग आउटसोर्सिंग का है, अतः ठेकेदारों और आउटसोर्स कर्मचारियों की छोटी-छोटी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाना चाहिए।

### प्रो-एक्टिव और इनोवेटिव सोच अपनाने पर जोर

इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि आने वाला समय अनेक चुनौतियों से भरा होगा, इसलिए प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को प्रो-एक्टिव (सक्रिय) और इनोवेटिव (नवाचार ) सोच के साथ टीमवर्क में कार्य करना होगा। उन्होंने सभी कार्मिकों से बहुआयामी एवं सकारात्मक कार्यशैली अपनाने का आग्रह किया।

### 83 कार्मिकों की भागीदारी, सुझाव भी लिए गए

इस संवाद कार्यक्रम में मुख्यालय के लगभग 83 कार्मिक शामिल हुए। कार्यक्रम में अधिकारियों से फीडबैक लिया गया और विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन अधीक्षण अभियंता श्री सुनील यादव और श्री आर.के. शर्मा द्वारा किया गया। दोनों अधिकारियों ने संवाद की आवश्यकता और उपयोगिता पर भी अपने विचार साझा किए।

पीएम अवास योजना और लाड़ली बहना में फर्जीवाड़ा, ईओडब्ल्यू में मामला दर्ज

# अमृत सरोवर की खुदाई कर रहा था मृत व्यक्ति!

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर जिले के पाटन तहसील के ग्राम पंचायत बढैयाखेड़ा में अमृत सरोवर तालाब निर्माण में बड़ा घोटाला सामने आया है। इस मामलें में चौंकाने वाली बात यह है कि सरपंच, उपसरपंच, सचिव ने मृत व्यक्ति को जिंदा बताकर मनरेगा योजना में उसे काम दिया और उसका मस्टररोल बनाया, इतना ही नहीं फर्जी हस्ताक्षर कर मजदूरी के हजारों रुपए भुगतान भी सरकार से ले लिया। इसी तरह एक अन्य मामलें में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक महिला को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। इसी तरह तीसरे मामले में एक अपात्र महिला को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाया गया।



इन तीनों मामलों में राज्य आर्थिक अपराध अनवेषण ब्यूरो (इओडब्ल्यू) ने चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

ईओडब्लयू द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि ईओडब्ल्यू की जांच में यह बात सामने आई है कि श्रीमति देवश्री यादव द्वारा षडयंत्रपूर्वक अपने पद का दुरुपयोग कर मृत व्यक्ति कन्नूलाल बर्मन की नाम दर्ज कर मनरेगा में उपस्थिति दर्ज कराई गई और कूटरचित मस्टर रोल दर्ज किया गया। इसी तरह उपसरपंच राजेंद्र यादव द्वारा सुषमा यादव को प्रधानमंत्री आवास योजना का अवैध लाभ पहुंचाया गया व वंदना यादव पति राजेंद्र यादव को लाड़ली बहना का अवैध रुप से लाभ पहुंचाया गया। ईओडब्ल्यू ने सरपंच पुन्नू कोल निवासी ग्राम समर पिपिरया ग्राम पंचायत बढ़ैयाखेड़ा, उपसरपंच राजेन्द्र यादव निवासी ग्राम खरैनी घाट, श्रीमति देवश्री यादव सचिव ग्राम पंचायत बढ़ैयाखेड़ा एवं श्रीमति सुषमा यादव निवासी ग्राम खिरैनीघाट के विरुद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी एवं धारा 13(1), ए 13 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया है।

1-2 दिन में शुरु होगी प्रीमानसून एक्टिविटी

# नौतपा के तीसरे दिन उमस ने किया हलाकान

हरिभूमि जबलपुर।

नौतपा के तीसरे दिन सुबह से मौसम साफ रहा। दोपहर में बादलों की आवाजाही के बीच शाम को बादल छा गए, तेज हवाएं चली। इस बीच दिनभर उमस भरी गर्मी का माहौल बना रहा। कुछ देर के लिए लगा कि बारिश होगी, लेकिन मौसम शुष्क रहा। पूर्वी मप्र के ऊपर प्री मानसूनी एक्टिविटी शुरु हो गई है। 30 मई के आसपास जबलपुर में तेज बारिश हो सकती है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि आसमान पर छाए लोकल बादलों की वजह से आसमान पर हवा का घनत्व बढ़ गया है। जिसकी वजह से उमस बढ़ रही है। बादलों की बसाहट अभी पूरी तरह छंटी नहीं है। जिससे धूप छांव का सिलसिला चलता रहा। हवा में नमी



घटने से गर्मी बढ़ी। और बादलों के छाने से उमस बढ़ी। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा मे नमी प्रातःकाल 60 प्रतिशत और सायंकाल 52 प्रतिशत दर्ज की गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 44.5 और न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री दर्ज किया गया था। प्रदेश में सर्वाधिक 41.6 डिग्री तापमान नौगांव जिले में दर्ज किया गया। उत्तर हवाएं 8 से 9 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

# 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा की तैयारी के लिए लगेंगी विशेष कक्षाएं

**जबलपुर।** लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने एमपी बोर्ड की कक्षा-10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष कक्षाओं के संचालन का निर्णय लिया है। इसे लेकर संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी और समस्त प्राचार्य शासकीय स्कूलों को निर्देश जारी किए गए हैं। भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने बताया कि विशेष कक्षाओं के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इसे लेकर हम तैयारी शुरू कर रहे हैं।

शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि वे विषय शिक्षकों को अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के सम्पर्क में रहने को कहें। ग्रीष्म अवकाश के दौरान विद्यालय प्राचार्य राज्य स्तर से उपलब्ध करायी गयी अध्ययन सामग्री को विद्यार्थियों के व्हाट्सअप ग्रुप पर साझा करेंगे। कठिन बिन्दुओं के संबंध में भी विषय शिक्षकों के साथ साझा कर विद्यालय स्तर पर कार्य-योजना बनायेंगे।

### दो जून से विशेष कक्षाएं

प्रदेश में शासकीय विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश के बाद 2 जून से 14 जून के मध्य उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये शालाओं में प्रातः 10:30 बजे से कक्षाएं संचालित होंगी। विद्यार्थियों को गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी और संस्कृत विषय की अध्ययन सामग्री प्रति सप्ताह जून माह में 2, 6 और 14 जून को विमर्श पोर्टल पर प्रसारित की जाएगी।

### यह दिए गए निर्देश

जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक को विशेष कक्षाओं के विधिवत संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने को कहा गया है। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों में परीक्षा के तनाव को कम करने के लिये विद्यार्थियों से सतत चर्चा करने के लिये कहा गया है। विद्यार्थियों को विमर्श पोर्टल पर उपलब्ध टिप्स एण्ड ट्रिक्स के वीडियो दिखाये जाने के निर्देश दिए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड में हेल्पलाइन नम्बर 18002330175 बनाया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240